★ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

★ पटना संस्करण

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

★ रजि.नंबर : 52290/90 ★ वर्ष : 37, ★ अंक: 60 ★ पृष्ठ: 12 ★ औरंगाबाद, सोमवार, 27 जुलाई 2026 ★ मूल्य : 3.00 रुपये ★ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ★ www.navbihartime.com



16 जिलों में भारी बारिश और तूफान का अलर्ट

# 100 दिनों के बाद अगला लक्ष्य : निवेश, उद्योग और रोजगार पर फोकस

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में सरकार के पहले 100 दिनों में कई महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णय लिए गए। इनकी आधारशिला रखने के बाद अब सरकार का अगला चरण इन सभी नीतियों को मजबूती से सरजमी पर उतारना होगा। अब सरकार का पूरा फोकस बिहार में निवेश एवं उद्योग को बढ़ावा देने के साथ ही रोजगार का नया केंद्र बनाने पर होगा। इसे लेकर राज्य सरकार के स्तर से एक विस्तृत दस्तावेज तैयार किया गया है। ताकि सभी भावी योजनाओं को समुचित तरीके से मूर्तरूप दिया जा सके। 100 दिनों के दौरान घोषित औद्योगिक, निवेश और व्यापार-अनुकूल नीतियां आने वाले महीनों में बड़े निवेश और रोजगार सृजन का आधार बनेगी। बिहार स्वयं को पूर्वी भारत के उभरते औद्योगिक और निवेश केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ा सकता है। इस 100 दिवसीय पुस्तिका में उद्योग, निवेश, डिजिटलीकरण और नागरिक-केंद्रित शासन पर दिए गए जोर के अनुरूप है।

**अगले चरण में सरकार की प्राथमिकताएं**

राज्य में सिंगल विंडो सिस्टम की शुरुआत करके उद्योगों को हर स्तर पर सहायता प्रदान करने की पहल की गई है। सरकार के स्तर से औद्योगिक निवेश के प्रोत्साहन से जुड़ी सशक्त नीतियों को निवेशकों तक सुलभता से पहुंचने की कवायद की जाएगी। लाइसेंस, एनओसी एवं अन्य दस्तावेजों को समयबद्ध स्वीकृति प्रदान करने की सुविधा के साथ ही भूमि आवंटन और परियोजनाओं के शीघ्र क्रियान्वयन पर विशेष जोर रहेगा।



**ईज ऑफ डूइंग बिजनेस 2.0**

उद्योग स्थापित करने की प्रक्रियाओं को अधिक सरल, डिजिटल तथा पारदर्शी बनाकर बिहार को निवेश के लिए प्रतिस्पर्धी राज्य के रूप में विकसित करने की दिशा में खासतौर से पहल की जाएगी। इससे राज्य में निवेश बढ़ने के साथ ही रोजगार के नए अवसर भी बढ़ेंगे।

**गन्ना एवं इथेनॉल उद्योग को बढ़ावा**

राज्य में गन्ना एवं एथेनॉल उद्योग का विस्तार करने खास फोकस किया जा रहा है। बिहार गन्ना उद्योग निवेश प्रोत्साहन नीति-2026 के तहत नई चीनी मिलों, एथेनॉल डिस्टिलरी, को-जनरेशन और कंप्रेस्ड बायोगैस (सीबीजी) परियोजनाओं में निवेश को गति देकर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के साथ ही किसानों की आय बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है।

**ग्रीन इको सिस्टम को किया जाएगा विकसित**

ग्रीन इंडस्ट्री और ईवी इकोसिस्टम इलेक्ट्रिक वाहन नीति-2026 के तहत बैटरी चालित वाहनों के लिए चार्जिंग नेटवर्क, विनिर्माण, बैटरी रीसाइक्लिंग उद्योगों को बढ़ावा दिया जाएगा। इससे ग्रीन मोबिलिटी को बढ़ावा मिलेगा। इससे बिहार स्वच्छ औद्योगिक विकास की दिशा में आगे बढ़ेगा।

**एमएसएमई और स्टार्टअप को नई ऊर्जा**

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों, स्थानीय उद्यमिता और स्टार्टअप आधारित रोजगार को बढ़ावा देने के लिए विभागीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर रहेगा।

**डिजिटल और पारदर्शी शासन**

पेपरलेस रजिस्ट्रेशन, ई-स्टाम्प, ऑनलाइन सेवाएं और एआई आधारित प्रशासनिक प्रणालियों के विस्तार से उद्योगों और नागरिकों के लिए सरकारी सेवाओं को और सरल बनाया जाएगा।

**लॉजिस्टिक्स एवं औद्योगिक अवसंरचना**

सड़क, ऊर्जा, शहरी विकास और औद्योगिक कॉरिडोर से जुड़ी परियोजनाओं के माध्यम से निवेश के लिए बेहतर आधारभूत ढांचा तैयार किए जाएंगे।

**ब्रांड बिहार को वैश्विक पहचान**

राज्य की नई नीतियों और औद्योगिक अवसरों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय निवेशकों तक पहुंचाने के लिए निवेश-केंद्रित ब्रांडिंग पर जोर रहेगा। निवेशकों को आकर्षित करने के लिए दूसरे शहरों में रोड-शो जैसे आयोजनों को प्राथमिकता दी जाएगी।

# अब राज्य के पेट्रोल पंपों पर भी मिलेंगे सुधा के उत्पाद

## एचपीसीएल और आईओसीएल के साथ कॉम्फेड ने किया एमओयू

- बिहार सरकार के 100 दिन पूरे होने पर सीएम और कैबिनेट सदस्यों की उपस्थिति में हुआ यह एमओयू
- बिहार की दुग्ध उत्पादक समितियों एवं इससे जुड़े किसानों की बढ़ेगी आय

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** अब बिहार के विभिन्न पेट्रोल पंपों पर सुधा के उत्पाद मिलेंगे। बिहार सरकार के 100 दिन पूरे होने के अवसर पर आयोजित समारोह में राज्य के डेयरी क्षेत्र को नई गति देने की दिशा में इसको महत्वपूर्ण पहल की गई है। बीते शनिवार को हुए कार्यक्रम में मुख्यमंत्री एवं मंत्रिपरिषद के सदस्यों की उपस्थिति में बिहार राज्य दुग्ध सहकारी संघ (कॉमफेड), हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) और इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) के बीच बहुआयामी समझौता ज्ञापन (एमओयू) का आदान-प्रदान किया गया। समझौता ज्ञापन का हस्तांतरण बिहार सरकार की ओर से डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग के सचिव तथा कॉमफेड के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक शीर्षत कपिल अशोक ने किया। एचपीसीएल की ओर से कार्यकारी निदेशक अनूप कुमार सामंत्रय और आईओसीएल की ओर से जोनल प्रमुख सुमंत झा ने समझौते का आदान-प्रदान किया। इस साझेदारी के तहत राज्य में पेट्रोल पंपों के साथ-साथ सुधा कैफेटेरिया भी स्थापित किए जाएंगे। सरकार का मानना है कि इस पहल से आम लोगों को एक ही परिसर में गुणवत्तापूर्ण पेट्रोलियम सेवाओं और सुधा के डेयरी उत्पादों की सुविधा मिलेगी। साथ ही डेयरी क्षेत्र का विस्तार होगा, दुग्ध उत्पादक सहकारी समितियों का व्यवसायिक सशक्तिकरण होगा तथा दुग्ध उत्पादक किसानों की आय बढ़ाने में भी मदद मिलेगी। राज्य सरकार के अनुसार यह समझौता 'सहकार से समृद्धि' के लक्ष्य को आगे बढ़ाने और राज्य के डेयरी एवं सहकारिता क्षेत्र को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# जाली प्रमाणपत्रों पर व्याख्याता बहाली में फर्जीवाड़ा

**आरके कॉलेज मधुबनी के प्राचार्य, पुलिस अधीक्षक, एसडीपीओ, थानाध्यक्ष के फर्जी दस्तखत व मुहर**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मधुबनी।** तेलंगाना में व्याख्याता की बहाली में बड़े फर्जीवाड़े का भंडाफोड़ हुआ है। बिहार में मधुबनी जिला के वरीय पुलिस अधीक्षक योगेंद्र कुमार के निर्देश पर हुए जांच में 17 अभ्यर्थियों के पीजी के प्रमाणपत्र फर्जी पाए गए हैं। प्रमाणपत्र आरके कॉलेज मधुबनी के नाम से निर्गत हुए थे। बहाली के लिए न केवल फर्जी प्रमाणपत्र लगाए गए, बल्कि सत्यापन में भी फर्जीवाड़ा किया गया। मधुबनी के वरीय पुलिस अधीक्षक योगेन्द्र कुमार के आदेश पर नगर थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने अपने बयान पर सभी अभ्यर्थियों के खिलाफ नगर थाना में प्राथमिकी दर्ज की है। इसमें फर्जीवाड़ा में शामिल अन्य अज्ञात लोगों को भी शामिल किया गया है। प्राथमिकी में आरोपितों पर नगर थानाध्यक्ष, अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय,वरीय पुलिस अधीक्षक एवं आरके कालेज मधुबनी के प्राचार्य का फर्जी हस्ताक्षर एवं मुहर का प्रयोग कर फर्जी प्रमाणपत्र को असली बताकर अपर पुलिस महानिदेशक तेलंगाना को स्पीड पोस्ट से सत्यापन प्रतिवेदन भेजने का आरोप है। मिली जानकारी के अनुसार तेलंगाना में 17 अभ्यर्थियों का प्रमाणपत्र आरके कॉलेज मधुबनी का पाए जाने पर जांच शुरू हुई थी। विशेष शाखा पटना के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक रश्मि ने प्रमाण-पत्रों का सत्यापन किया, तो पता चला सरकारी स्तर पर सत्यापन से पूर्व ही फर्जीवाड़ा गिरोह ने गलत सत्यापन रिपोर्ट तेलंगाना के डीजीपी को भेज दिया। वरीय पुलिस अधीक्षक योगेंद्र कुमार ने अपर पुलिस अधीक्षक रश्मि के जांच प्रतिवेदन पर प्राथमिकी दर्ज करने के लिए नगर थानाध्यक्ष को पत्र जारी किया था। सत्यापन में आरके कालेज के प्राचार्य, पुलिस अधीक्षक, एसडीपीओ, थानाध्यक्ष के फर्जी दस्तखत व मुहर मिले। फर्जीवाड़े में स्थानीय लोगों के शामिल होने की भी आशंका है। वहीं नगर थाना मधुबनी में 17 अभ्यर्थियों पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। जिसमें राजाबाबूवंगा श्रीनिवास, वुन्द्राल्ला किशन पी चैतन्य,लयागला परशरामुला, गुदला महथा,पातुर श्रीनिवास, बन्दारी रमेश,मीसा शंकराय पय्यावुला तिरुपाठी,शेट्टी कृष्णा,अन्नामेनी राजू, न्याराम बालामल्लाय, चेन्नाबोइना नरेंद्र,कालेरी अनुसुइया,सिरगा रविन्द्र एवं जिम्मीगारी रविंधर राव शामिल हैं। उक्त सभी तेलंगाना के निवासी हैं। इधर वरीय पुलिस अधीक्षक योगेंद्र कुमार ने बताया कि तेलंगाना में व्याख्याता पद पर नियुक्ति में आरके कालेज मधुबनी को असली बताकर अधिकारियों के गलत हस्ताक्षर एवं मुहर का प्रयोग कर सत्यापन करने वाले संगठित गिरोह पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## परीक्षा सुधारों के लिए हाई पावर्ड टास्क फोर्स, नंदन नीलेकणि करेंगे नेतृत्व

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को परीक्षा प्रणाली में सुधार के लिए उच्चस्तरीय टास्क फोर्स गठित करने की घोषणा की। इसका नेतृत्व प्रौद्योगिकी विशेषज्ञ नंदन नीलेकणि करेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार छात्रों के भविष्य की सुरक्षा के लिए लगातार कदम उठा रही है। उन्होंने बताया कि परीक्षा में गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई है और कई आरोपी जेल में हैं। साथ ही फास्ट-ट्रैक अदालतें स्थापित की गई हैं। उन्होंने कहा कि पेपर लीक और परीक्षा अनियमितताओं पर कड़ी सजा सुनिश्चित करने के लिए नया कानून लाने की दिशा में भी काम किया जा रहा है।

# मुख्यमंत्री ने दिए दुर्गावती पंप भंडारण परियोजना में तेजी लाने के निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने 2600 मेगावाट क्षमता वाली दुर्गावती पंप भंडारण परियोजना के क्रियान्वयन में तेजी लाने का निर्देश दिया है। उन्होंने पर्यटन परियोजनाओं को सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल पर विकसित करने, रोहतास और दुर्गावती क्षेत्र में ईको टूरिज्म को बढ़ावा देने तथा ग्रीन एनर्जी में संभावित निवेश को प्रोत्साहित करने पर विशेष बल दिया। लोक सेवक आवास स्थित संकल्प सभागार में रविवार को बिहार राज्य वन्यप्राणी परिषद की 15वीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वन्यजीव संरक्षण के साथ ईको टूरिज्म का विस्तार कर रोजगार, निवेश और स्थानीय आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाए। उन्होंने सभी प्रस्तावों के समयबद्ध क्रियान्वयन और नियमित निगरानी के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यटन स्थलों पर होटल, रेस्टोरेंट, कैफेटेरिया, ट्रैकिंग और साहसिक पर्यटन जैसी आधुनिक सुविधाएं विकसित की जाएं। रोहतास क्षेत्र के बांधों के आसपास पर्यटन सुविधाओं का विस्तार करने और पर्यटक सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए



समग्र विकास योजना तैयार करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) और पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के बीच समन्वय स्थापित कर विश्व के सबसे ऊंचे एवं महत्वपूर्ण बौद्ध स्तूपों में शामिल केसरिया स्तूप के संरक्षण, विकास और पर्यटन की दृष्टि से समग्र संवर्द्धन के लिए संयुक्त रूप से कार्य करने को कहा।

बैठक में पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के अपर मुख्य सचिव आनंद किशोर ने परिषद के समक्ष विभिन्न प्रस्तावों की विस्तृत जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार प्राकृतिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहरों से समृद्ध राज्य है। इनके संरक्षण और पर्यटन विकास से स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा, निजी निवेश बढ़ेगा और बिहार की राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर पहचान और मजबूत होगी। बैठक में पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ. रामचन्द्र प्रसाद, विधायक शालिनी मिश्रा, वीरेन्द्र सिंह और बाबू लाल शौर्य, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, अपर मुख्य सचिव आनंद किशोर, सचिव संदीप कुमार आर. पुडुकलकट्टी, सचिव संजय कुमार सिंह, प्रधान मुख्य वन संरक्षक अरविंदर सिंह, मत्स्य पालन निदेशक तुषार सिंगला, पशुपालन निदेशक उज्ज्वल कुमार सिंह, बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक नंदकिशोर सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। परिषद के अन्य सदस्य वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में शामिल हुए।

# सड़क दुर्घटना में तीन की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**आरा।** भोजपुर जिले के पीरो थाना क्षेत्र में रविवार सुबह हुए भीषण सड़क हादसे में तीन युवकों की मौत हो गई। यह दुर्घटना बिहिया-बिहटा स्टेट हाईवे पर धोबी घटवा के समीप दो बाइकों की आमने-सामने हुई जोरदार टक्कर में हुई। मृतकों की पहचान जगदीशपुर थाना क्षेत्र के तिंदुनी गांव निवासी ललन सिंह के पुत्र प्रदीप कुमार तथा बिहिया थाना क्षेत्र के धरहरा गांव निवासी बादल मुसहर के पुत्र गोलू कुमार के रूप में हुई है। तीसरे मृतक की पहचान भी धरहरा गांव के निवासी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, गोलू कुमार अपने एक साथी के साथ रोहतास जिले के काराकाट से बाइक से अपने गांव लौट रहे थे। वहीं, प्रदीप कुमार अपने गांव से पीरो स्थित एक रिश्तेदार के घर खिड़की-दरवाजे की माप लेने जा रहे थे। इसी दौरान धोबी घटवा के पास दोनों बाइकों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि तीनों युवकों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए आरा सदर अस्पताल भेज दिया तथा मामले की जांच शुरू कर दी है। पीरो थानाध्यक्ष दीपक कुमार शाह ने बताया कि बाइक दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हुई है। सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो छात्रों की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** नालंदा जिले के छबिलापुर थाना क्षेत्र में रविवार को हुए भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। राजगीर-गया मुख्य मार्ग पर नीमा गांव के समीप एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक वाहन सहित फरार हो गया। मृतकों की पहचान गया जिले के नीमचक बथानी थाना क्षेत्र के चौसंडी गांव निवासी 19 वर्षीय मोहम्मद अरबाज और 18 वर्षीय मोहम्मद समीर के रूप में हुई है। दोनों आपस में मित्र थे और इंटरमीडिएट के छात्र थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार, दोनों युवक रविवार को किसी निजी





कार्य से बाइक पर सवार होकर राजगीर सामान खरीदने आए थे। लौटने के दौरान नीमा गांव के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही छबिलापुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को तत्काल राजगीर अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। चिकित्सकों के अनुसार, सिर में गंभीर चोट लगने और अत्यधिक रक्तस्राव के कारण दोनों की मौत हुई। छबिलापुर थानाध्यक्ष अनोज कुमार पाठक ने बताया कि दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस अज्ञात वाहन और उसके चालक की तलाश में जुटी है। परिजनों से आवेदन मिलने के बाद आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद मृतकों के गांव में शोक का माहौल है।

# ज्वेलरी दुकान से लाखों के जेवरात की लूट

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**विक्रमगंज।** रोहतास जिले के बिक्रमगंज बाजार में रविवार को दिनदहाड़े हथियारबंद अपराधियों ने एक ज्वेलरी दुकान में बड़ी लूट की वारदात को अंजाम दिया। हेलमेट पहनकर और चेहरा ढंककर पहुंचे पांच बदमाशों ने हथियार के बल पर दुकानदार और कर्मचारियों को बंधक बनाकर लाखों रुपये मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण लूट लिए। वारदात के बाद सभी अपराधी फरार हो गए। घटना के बाद पूरे बाजार में सनसनी फैल गई। घटना बिक्रमगंज थाना क्षेत्र के आरा मुख्य मार्ग स्थित हीरा आभूषण भंडार की है। जानकारी के अनुसार, दोपहर में पांच हथियारबंद अपराधी दुकान में घुसे और दुकानदार प्रणीत कुमार को हथियार दिखाकर अपने कब्जे में ले लिया। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी गई, जिससे दुकान में मौजूद सभी लोग भयभीत हो गए। दुकानदार प्रणीत कुमार ने बताया कि उस समय दुकान में उनके अलावा एक कर्मचारी और एक आभूषण कारीगर भी मौजूद थे। अपराधियों ने तीनों को चुप रहने की



चेतावनी दी और कुछ ही मिनटों में दुकान में रखे सोने-चांदी के आभूषण बैग में भरकर फरार हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, वारदात को अंजाम देने के बाद अपराधी बिना किसी हड़बड़ी के पैदल ही दुकान से बाहर निकले। सूचना मिलते ही बिक्रमगंज थाना पुलिस और वरीय अधिकारी मौके पर पहुंचे तथा पूरे इलाके की घेराबंदी कर जांच शुरू कर दी। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। बिक्रमगंज के एसडीपीओ सिंधु शेखर सिंह ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पांच अपराधियों के दुकान के भीतर होने की पुष्टि हुई है।

# विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान तेज, 94.96 प्रतिशत गणना प्रपत्रों का डिजिटलीकरण पूरा

**38 लाख गणना प्रपत्र अब भी लंबित, मृत व स्थानांतरित मतदाता प्रमुख कारण**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड कार्यालय ने रविवार शाम 6 बजे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान का ताजा बुलेटिन जारी किया। इसके अनुसार वर्ष 2026 की मतदाता सूची में राज्य के कुल 2,64,63,236 मतदाता दर्ज हैं। बुलेटिन के अनुसार अब तक 2,64,36,310 मतदाताओं यानी 99.90 प्रतिशत को गणना प्रपत्र (इन्यूमरेशन फॉर्म) उपलब्ध करा दिए गए हैं। वहीं मतदाताओं द्वारा भरे एवं हस्ताक्षरित 2,15,91,889 गणना प्रपत्रों का डिजिटलीकरण किया जा चुका है। इन मतदाताओं के नाम 5 अगस्त को प्रकाशित होने वाली प्रारूप (ड्राफ्ट) मतदाता





सूची में शामिल किए जाएंगे। रिपोर्ट के मुताबिक 35,38,762 गणना प्रपत्र अब तक वापस प्राप्त नहीं हुए हैं। इनमें 7,10,090 (2.68 प्रतिशत) मृत मतदाता, 10,43,441 (3.94 प्रतिशत) पता नहीं चलने वाले अथवा अनुपस्थित मतदाता, 13,82,101 (5.22 प्रतिशत) स्थायी रूप से स्थानांतरित मतदाता, 3,68,425 (1.39 प्रतिशत) अन्य स्थानों पर पहले से नामांकित मतदाता तथा 34,705 (0.13 प्रतिशत) ऐसे मतदाता शामिल हैं, जिन्होंने गणना प्रपत्र पर हस्ताक्षर करने से इनकार किया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के अनुसार राज्य में अब तक कुल 2,51,30,651 गणना प्रपत्रों का डिजिटलीकरण पूरा हो चुका है, जो कुल मतदाताओं का 94.96 प्रतिशत है।निर्वाचन विभाग ने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत शेष गणना प्रपत्रों के संग्रहण और डिजिटलीकरण का कार्य भी तेजी से जारी है, ताकि मतदाता सूची को अधिक सटीक और अद्यतन बनाया जा सके। 5 अगस्त को प्रकाशित होने वाली प्रारूप मतदाता सूची इस प्रक्रिया का महत्वपूर्ण चरण होगी।



# सम्राट सरकार के 100 दिन : उच्च शिक्षा में बुनियादी बदलाव की पहल

अजय कुमार



**पटना।** सम्राट सरकार के 100 दिन के कार्य-काल में कई बड़े और महत्वपूर्ण फैसले किए। उन फैसलों को लागू करने की दिशा में सम्राट सरकार पीछे नहीं है। मजबूत इच्छा शक्ति के साथ अपने फैसलों को लागू करने की दिशा में आगे बढ़ कर काम कर रही है। सम्राट सरकार उच्च शिक्षा के क्षेत्र में बुनियादी बदलाव की पहल कर रही है। बहुत कम राज्य सरकारें उच्च शिक्षा के क्षेत्र में पूरी व्यवस्था को बदलने की कोशिश करती है। सम्राट चौधरी की सरकार ठीक ऐसा ही करने जा रही है तो निश्चित रूप सरकार को संविधान का समर्थन हासिल है। अच्छी बात है हमारे संविधान निर्माताओं ने शिक्षा जैसे विषय को समवर्ती सूची में शामिल किया है। माने-मतलब कि शिक्षा जैसे विषय पर केन्द्र के साथ राज्य सरकारें भी अपनी जरूरतों के अनुसार नीतियां बना सकती है। उसे लागू कर सकती है। सम्राट सरकार उच्च शिक्षा क्षेत्र में नये शिरे से ढांचागत बदलाव के लिए दो महत्वपूर्ण कदम उठा रही है। पहला यह कि विश्वविद्यालय स्तर की शिक्षा को विशिष्ट प्रकृति का बना रही है। इसमें निजी और सरकारी निवेश का प्रावधान है। दूसरा यह कि यू.जी. (स्नातक स्तर) की शिक्षा को विश्वविद्यालय से हटाकर राज्य सरकार के अधीन लाने की पहल कर चुकी है। उच्च शिक्षा की ढांचे में बदलाव उसे विशिष्ट प्रकृति का रूप-स्वरूप देने के लिए सम्राट सरकार ने विधान सभा के मानसून सत्र में तीन महत्वपूर्ण विधयेक पारित करवा चुकी है। विशिष्ट प्रकृति के उन विधेयकों में बिहार विशिष्ट विश्वविद्यालय विधयेक-2026 के तहत डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी कृत्रिम बुद्धिमता एवं कम्प्यूटर विज्ञान विश्वविद्यालय-2026, बिहार अभियंत्रण विश्वविद्यालय संशोधन विधयेक-2026 और शहीद जुब्बा सहनी वास्तुकला एवं असैनिक अभियंत्रण विश्वविद्यालय विधयेक-2026 शामिल है। इन विधेयकों के आस्तित्व में आने के बाद पटना विश्वविद्यालय एक्ट-1976, बिहार राज्य विश्वविद्यालय एक्ट-1960, बिहार राज्य विश्वविद्यालय सर्विस कमीशन एक्ट-2017 में बुनियादी स्तर पर सुधार होने जा रहा है। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में सम्राट सरकार की ओर से किए जा रहे ढांचागत सुधार के तहत डिग्री कॉलेज (स्नातक स्तर) की पढ़ाई अब राज्य के विश्वविद्यालयों के अधीन नहीं रहेंगे। वे अब सीधे नये सिरे से बनाए जाने वाले उच्च शिक्षा विभाग के अधीन आ जायेंगे। विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति के रूप में राज्यपाल की भूमिका अब पोस्ट ग्रेजुएट (स्नातकोतर) शिक्षा तक सीमित रह जायेगी। स्नातक स्तर की शिक्षा को विश्वविद्यालयों से अलग करने पर कुलाधिपति (राज्यपाल) की भूमिका कम होगी। तो दूसरी तरफ चुनी हुई सरकार की भूमिका बढ़ जायेगी। नयी व्यवस्था के तहत स्नातक स्तर की शिक्षा, शिक्षक और प्रशासन से जुड़े विषय विश्वविद्यालयों से हटकर अब उच्च शिक्षा विभाग के अधीन आ जायेंगे। इससे बड़ा नुकसान छात्रों को उठाना पड़ता है। उच्च शिक्षा की गुणवत्ता अब भी बड़ी चिंता का विषय है। बिहार का उच्च शिक्षा क्षेत्र राष्ट्रीय मानकों से काफी पीछे है। उच्च शिक्षा विभाग के आंकड़ों पर भरोसा करें तो राज्य के 800 से अधिक डिग्री और इंजिनियरिंग कॉलेजों में केवल 88 कॉलेज और 20 से अधिक निजी और सरकारी विश्वविद्यालयों में मात्र 03 विश्वविद्यालय राष्ट्रीय मूल्यांकन से मान्यता प्राप्त है। अनियमित शैक्षणिक सत्र, टलती परीक्षाए, गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के अभाव से उबकर बड़े पैमाने पर बिहारी छात्र अन्य राज्यों में उच्च शिक्षा के लिए पलायन करने पर मजबूर होते हैं। सम्राट सरकार स्नातक स्तर जैसे बड़े और विस्तारित शिक्षा नेटवर्क का संचालन की जिम्मेदारी उठाने जा रही है। राज्य सरकार के लिए उच्च शिक्षा में सुधार और विस्तार की योजना सम्राट महत्वकांक्षी योजना बन गयी है। विधान सभा के मानसून सत्र में लाए गए निजी विश्वविद्यालय संशोधन विधयेक-2026 पर सरकार का पक्ष रखते हुए मुख्यमंत्री सम्राट चैधरी बोले, हम ऐसी व्यवस्था चाहते हैं कि हमारे बच्चे उच्च शिक्षा के लिए राज्य से बाहर न जाएं। विधयेक राज्य के युवाओं के भविष्य को नयी दिशा देने वाला साबित होगा। सीएम ने कहा बिहार के लाखों बच्चे स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड के माध्यम से दूसरे राज्यों में पढ़ने जा रहे हैं। जलंधर के लवली यूर्निवसिटी में 11 हजार और एमिटी यूर्निवसिटी में 30 हजार बिहारी बच्चे हैं।

(लेखक भारतीय सूचना सेवा के वरिष्ठ अधिकारी एवं आकाशवाणी, पटना के समाचार प्रमुख हैं)

# एनडीए उम्मीदवार के लिए मंत्री श्रवण कुमार ने निशांत के साथ किया चुनाव प्रचार

## बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव के लिए प्रचार-प्रसार के तहत सिपारा के इन्द्रपुरी में किया जनसभा को संबोधित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** राजधानी के बांकीपुर विधानसभा क्षेत्र में उपचुनाव के लिए चुनाव प्रचार समाप्त होने में दो दिन बचे हुए हैं। ऐसे में सत्तारूढ़ दल ने पूरी ताकत झोक दी है। इसी क्रम में ग्रामीण विकास विभाग, सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री श्रवण कुमार ने रविवार को इस विधानसभा उपचुनाव के मद्देनजर एनडीए उम्मीदवार के पक्ष में जोरदार जनसंपर्क किया। मंत्री श्रवण कुमार ने सिपारा के इन्द्रपुरी स्थित एसआर गार्डन बैंक्वेट हॉल में आयोजित जनसभा को संबोधित किया। उनके साथ स्वास्थ मंत्री निशांत, पथ निर्माण मंत्री इं. शैलेंद्र, जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारिणी अध्यक्ष संजय झा भी मुख्य रूप से मौजूद थे। बैठक के बाद वह यहां जनता के बीच भी पहुंचे और भाजपा उम्मीदवार नीरज कुमार सिन्हा के पक्ष में वोट देने की अपील की। उन्होंने वोटरों से अपील करते हुए कहा कि एनडीए सरकार विकासात्मक कार्यों के साथ आगे बढ़ रही है, इसमें उनका साथ दें। इस मौके पर एमएलसी शिवरानी प्रजापति, विधान पार्षद ललन मंडल, एमएलसी भारती मेहता, बांकीपुर विधानसभा प्रभारी विधायक अरुण मांझी, विधायक कलाधर मंडल, विधायक वशिष्ठ सिंह, विधायक राहुल सिंह, वार्ड नं 30 की पार्षद कावेरी देवी, जदयू प्रदेश महासचिव अनिल कुमार, वासुदेव कुशवाहा, शत्रुघ्न पासवान, बंटी कुमार चन्द्रवंशी, रवि सिंह, दिलीप सिंह, रघु सिंहा, रवींद्र पटेल, सुनील कुमार, राधेश्याम कुशवाहा, स्वेता विश्वास, अनुप्रिया, रेखा कुमारी गुप्ता समेत अन्य मौजूद थे।

# भारतीय शिक्षण पद्धति में धर्म का अर्थ संप्रदाय नहीं : विजय प्रकाश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** बिहार विद्यापीठ, सदाकत आश्रम, पटना स्थित देशरत्न राजेन्द्र प्रसाद शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय का 10वां स्थापना दिवस समारोह रविवार को देशरत्न सभागार में गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर 'भारतीय शिक्षण पद्धति में धर्म की भूमिका' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में शिक्षा, इतिहास, दर्शन एवं अध्यात्म के विद्वानों ने भारतीय शिक्षा-दर्शन की मूल अवधारणा पर गंभीर विमर्श किया। बिहार विद्यापीठ के अध्यक्ष एवं भारतीय प्रशासनिक सेवा के सेवानिवृत्त वरिष्ठ अधिकारी विजय प्रकाश ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में अपनी चर्चित पुस्तक 'दी ब्यूटीफुल ट्री' के ऐतिहासिक निष्कर्षों का उल्लेख करते हुए कहा कि ब्रिटिश शासन से पूर्व भारत की शिक्षा व्यवस्था अत्यंत समृद्ध, विकेनद्रित और समाज-समर्थित थी। गुरुकुल, पाठशालाएं और मदरसे स्थानीय समाज के सहयोग से संचालित होते थे तथा शिक्षा समाज के विभिन्न वर्गो तक पहुंचती थी। उन्होंने कहा कि उपलब्ध ऐतिहासिक अभिलेख इस धारणा का समर्थन नहीं करते कि शिक्षा केवल किसी एक वर्ग तक सीमित थी, विभिन्न सामाजिक समुदायों के विद्यार्थी भी शिक्षा प्राप्त करते थे। उन्होंने कहा कि भारतीय शिक्षण पद्धति का उद्देश्य केवल जीविकोपार्जन नहीं, बल्कि शरीर, मन, बुद्धि और आत्मा का समन्वित विकास है। भारतीय परम्परा में धर्म का अर्थ किसी संप्रदाय या पूजा-पद्धति से नहीं, बल्कि सत्य, अहिंसा, कर्तव्यपरायणता, आत्मानुशासन, करुणा, सेवा, सहिष्णुता और लोकमंगल जैसे सार्वभौमिक मानवीय मूल्यों से है। शिक्षा का लक्ष्य ज्ञान के साथ चरित्र, विवेक और सामाजिक उत्तरदायित्व का विकास करना है। उन्होंने कहा कि भारतीय शिक्षण पद्धति में ध्यान, अवलोकन, स्मृति, चिन्तन, परिकल्पना, भावनात्मक प्रबंधन, सम्प्रेषण ही व्यक्तित्व निर्माण के मूल भूत आयाम थे जो आधुनिक शिक्षा प्रणाली में लुप्त प्राय है। इन्हें पुनर्स्थापित करना है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 भारतीय ज्ञान परम्परा एवं मूल्यपरक शिक्षा को पुनः प्रतिष्ठित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। बिहार विद्यापीठ के सचिव डॉ. राणा अवधेश (भा.प्र.से., सेवानिवृत्त) ने स्वागत भाषण में महर्षि पतंजलि के अष्टांग योग की चर्चा करते हुए कहा कि यम, नियम, संयम और आत्मानुशासन भारतीय शिक्षा की आधारशिला हैं।

# गुरु गोविंद सिंह अस्पताल पटना सिटी के लोगों के लिए बना भरोसे का केंद्र

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** हमलोगों के नजदीक में पीएमसीएच अस्पताल है। वहां सरकारी सुविधा काफी अच्छी है, लेकिन भीड़ की वजह से दिक्कत होती है। ऐसी स्थिति में पटना सिटी के पुराने अस्पताल को सरकार ने जिस तरह से आधुनिक व्यवस्था के साथ विस्तार किया है, यह काफी सराहनीय है। पटना सिटी के आम लोगों को इस विकास से काफी फायदा होगा। पटना सिटी के पल्लव यादव बताते हैं। पटना सिटी के रहने वाले हजारों लोग पटना सिटी स्थित गुरु गोविंद सिंह सदर अस्पताल के नवनिर्मित भवन के लोकार्पण और विस्तारीकरण से काफी खुश है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार ने संयुक्त रूप से स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए पटना सिटी स्थित गुरु गोविंद सिंह जिला अस्पताल के नवनिर्मित भवन का शिलान्यास किया था।

# सशस्त्र सीमा बल के शहीद अधिकारी किशोर कुणाल को दी गयी श्रद्धांजलि

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** सीमांत मुख्यालय पटना तथा 40 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, पटना के बलकर्मियों तथा स्थानीय निवासियों के द्वारा किशोर कुणाल पार्क कंकड़बाग, पटना में शहीद किशोर कुणाल, सहायक कमांडेंट सशस्त्र सीमा बल को पुष्प अर्पण कर श्रद्धांजलि दी गयी। शहीद अधिकारी किशोर कुणाल ने 26 जुलाई 2010 को 15वी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, बोंगाईगांव (असम) में पानबाड़ी नामक स्थान पर पेट्रोलिंग के दौरान एन.डी.एफ.बी. के उग्रवादियों के साथ मुठभेड़ में सर्वोच्च बलिदान दिया था। वे पटना जिला के निवासी थे। इस कार्यक्रम में स्मृति परेड के द्वारा शहीद किशोर कुणाल को सलामी देकर सम्मान दिया गया। शहीद को सलामी के दौरान उनके माता-पिता तथा परिवार की उपस्थिति भावुक कर देने वाली रही जिन्होंने उनके स्मारक पर पुष्प अर्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। महानिरीक्षक, सशस्त्र सीमा बल सीमांत मुख्यालय पटना, निशीत कुमार उज्ज्वल द्वारा बल सदस्यों को संबोधित करते हुए शहीद किशोर कुणाल के द्वारा बल तथा राष्ट्र के प्रति समर्पित योगदान और सर्वोच्च बलिदान को याद किया गया। उन्होंने शहीद अधिकारी किशोर कुणाल के माता-पिता से बात करते हुए परिवार के उज्ज्वल भविष्य एवं खुशहाली की कामना की। कार्यक्रम के दौरान महानिरीक्षक एवं शहीद अधिकारी के माता-पिता द्वारा पौधारोपण भी किया गया। इस दौरान सीमान्त मुख्यालय पटना द्वारा निशुल्क मानव चिकित्सा शिविर का भी आयोजन किया गया जिसमें बल के चिकित्सकों द्वारा नागरिकों को निःशुल्क इलाज/परामर्श एवं दवाइयों का वितरण किया। इस अवसर पर के. रंजीत (उप-महानिरीक्षक), मुकेश कुमार (उप-महानिरीक्षक), डॉ. एस. के. राय (उप-महानिरीक्षक/चिकित्सा), अन्य अधिकारी तथा कर्मचारी एवं शहीद किशोर कुणाल के परिजन भी उपस्थित रहे।

# बिहार ऑप्टोमेट्री कांफ्रेंस विजन का समापन, आधुनिक ऑप्टोमेट्री और बेहतर नेत्र स्वास्थ्य पर चर्चा

## बिहार में ऑप्टोमेट्री सेवाओं को नई दिशा देगा विजन : श्रेयसी सिंह

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** बिहार ऑप्टोमेट्री एसोसिएशन द्वारा आयोजित दो दिवसीय बिहार ऑप्टोमेट्री कांफ्रेंस विजन बिहार 2026 का सफल समापन तरुणाई कम्युनिटी प्लाजा, कुम्हरार में हुआ। सम्मेलन में राज्य सहित देशभर से आए विशेषज्ञों ने मायोपिया कंट्रोल, विजन थेरेपी, टेली-ऑप्टोमेट्री, पीडियाट्रिक आई केयर, डिजिटल आई केयर, ग्रामीण क्षेत्रों में नेत्र स्वास्थ्य, क्लीनिकल ऑप्टोमेट्री, कम्युनिटी विजन केयर, स्पोर्ट्स आई सेफ्टी और ऑप्टोमेट्री के बदलते स्वरूप जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से अपने विचार साझा किए। समापन समारोह की मुख्य अतिथि खेल मंत्री श्रेयसी सिंह ने कहा कि विजन बिहार 2026 जैसे सम्मेलन नेत्र स्वास्थ्य के क्षेत्र में जागरूकता, नवाचार और विशेषज्ञों के अनुभवों के आदान-प्रदान का सशक्त मंच है। मुझे विश्वास है कि ऐसे आयोजन बिहार में ऑप्टोमेट्री सेवाओं को नई दिशा देंगे और बेहतर नेत्र स्वास्थ्य सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि बेहतर दृष्टि किसी भी खिलाड़ी के प्रदर्शन का अहम आधार होती है और इस दिशा में जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता है। सम्मेलन के दौरान बिहार में ऑप्टोमेट्री काउंसिल के गठन तथा सरकारी एवं स्वास्थ्य संस्थानों में ऑप्टोमेट्रिस्ट के रिक्त पदों पर शीघ्र नियुक्ति की आवश्यकता पर भी विस्तार से चर्चा हुई। बिहार ऑप्टोमेट्री एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. पंकज कुमार सिन्हा ने समापन संबोधन में कहा कि विजन बिहार 2026 केवल एक सम्मेलन नहीं, बल्कि बिहार में नेत्र स्वास्थ्य सेवाओं को नई दिशा देने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

# देशभर में आज सीजेपी निकालेगी कैंडल मार्च

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शनिवार को इस्तीफा दे दिया है। इसे लेकर देशभर में प्रोटेस्ट चल रहे थे। बिहार में भी छात्रों का प्रदर्शन देखने को मिला। आज कॉकरोच जनता पार्टी ने देशभर में एक शांतिपूर्ण कैंडल मार्च निकालने का आह्वान किया है। देश के सभी जिलों में कलेक्टर कार्यालय (कलेक्ट्रेट) के बाहर कार्यक्रम करने की अपील की है। यह मार्च छात्र आंदोलनों और पुलिस कार्रवाई के विरोध में और अपनी बाकी बची मांगों को पूरा करने के दबाव के लिए बुलाया गया है। बिहार में भी कई जगह कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

# भाजपा ने चंद्रवंशी समाज एवं अति पिछड़ा वर्ग को सदैव सम्मान दिया : संजय सरावगी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**पटना।** बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव में एनडीए समर्थित भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी नीरज कुमार सिन्हा की ऐतिहासिक विजय सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 70 फीट स्थित जे.के. मैरेज हॉल में बाकीपुर विधानसभा क्षेत्र के चंद्रवंशी समाज एवं अति पिछड़ा वर्ग समाज के प्रतिष्ठित, प्रबुद्ध एवं प्रभावशाली जनों का सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता एवं नेतृत्व भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद सिंह चंद्रवंशी ने किया जबकि कार्यक्रम का संचालन शैलेंद्र कुमार सिंह ने किया। सम्मेलन में चंद्रवंशी समाज के सेवानिवृत्त भारतीय प्रशासनिक सेवा, बिहार प्रशासनिक सेवा, वित्त सेवा, लेखा सेवा, अभियंता सेवा सहित विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिष्ठित अधिकारी एवं बड़ी संख्या में बुद्धिजीवी उपस्थित रहे। सम्मेलन में केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं तथा समाज के विकास में भारतीय जनता पार्टी की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने मगध सम्राट महाराज जरासंध के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए संजय सरावगी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने चंद्रवंशी समाज एवं अति पिछड़ा वर्ग को सदैव सम्मान दिया है तथा विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर प्रतिनिधित्व देकर समाज का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि जिस सम्मान और भागीदारी का अवसर भारतीय जनता पार्टी ने इस समाज को दिया है, वैसा किसी अन्य दल ने नहीं दिया। उन्होंने कहा कि विधानसभा उपचुनाव समाज के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। पिछले कुछ महीनों में चंद्रवंशी समाज को विधानसभा अध्यक्ष, मंत्री तथा भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण दायित्व मिले हैं जो भाजपा की सामाजिक समरसता और सम्मान की नीति का प्रमाण है। उन्होंने उपस्थित सभी प्रतिष्ठित एवं प्रभावशाली लोगों से आग्रह किया कि वे अपने-अपने क्षेत्र में समाज के बीच जाकर भाजपा प्रत्याशी नीरज कुमार सिन्हा के पक्ष में व्यापक जनसंपर्क करें और उन्हें रिकॉर्ड मतों से विजयी बनाएं। सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए प्रमोद सिंह चंद्रवंशी ने उपस्थित सभी गणमान्य अतिथियों एवं समाज के प्रबुद्धजनों का स्वागत एवं अभिनंदन किया।

# कारगिल विजय दिवस पर डॉ. प्रेम कुमार ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** कारगिल विजय दिवस के अवसर पर बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने गांधी मैदान स्थित कारगिल चौक पहुंचकर सर्वोच्च बलिदान देने वाले भारतीय सैनिकों को माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उन्होंने कारगिल युद्ध के शहीदों के शौर्य, पराक्रम और बहादुरी को नमन करते हुए उनके बलिदान को राष्ट्र के लिए प्रेरणास्रोत बताया। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि कारगिल विजय दिवस उन वीर सैनिकों की याद दिलाता है, जिन्होंने मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। उन्होंने कहा कि यह दिन भारतीय सैनिकों के अदम्य साहस, बलिदान और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक है। विषम परिस्थितियों में भारतीय सेना के जवानों ने 18 हजार फीट की ऊंचाई पर घुसपैठियों को खदेड़कर देश की सीमाओं की रक्षा की और अपने अद्वितीय पराक्रम का परिचय दिया। उन्होंने कहा कि 26 जुलाई 1999 को भारतीय सेना द्वारा संचालित ऑपरेशन विजय में मिली निर्णायक सफलता केवल एक सैन्य विजय नहीं थी, बल्कि यह पूरे राष्ट्र की अडिग इच्छा, दृढ़ संकल्प और सामर्थ्य का प्रमाण भी थी।

# आट्या-पाट्या एसोसिएशन ऑफ बिहार की वार्षिक आम सभा एवं चुनाव सम्पन्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** आट्या-पाट्या एसोसिएशन ऑफ बिहार की वार्षिक आम सभा एवं वर्ष 2026-2030 के लिए नई कार्यकारिणी का गठन राजा उत्सव कम्युनिटी हॉल, पटना में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। बैठक में बिहार के विभिन्न जिलों से आए प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा संगठन के विकास एवं खेल के विस्तार पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का चुनाव किया गया। इसमें मुकेश शाह को अध्यक्ष तरुण कुमार आजाद को सचिव तथा इं. सत्येन्द्र कुमार सिन्हा को कोषाध्यक्ष चुना गया। संगठन को और अधिक सशक्त एवं प्रतिनिधित्वपूर्ण बनाने के उद्देश्य से बिहार के विभिन्न जिला आट्या-पाट्या संघों के प्रतिनिधियों को कार्यकारिणी सदस्य के रूप में स्थान दिया गया जिससे पूरे राज्य में खेल के विकास को नई दिशा मिल सके। बैठक में खिलाड़ियों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए महिला खिलाड़ी प्रतिनिधि के रूप में अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी अंशु कुमारी को सर्वसम्मति से मनोनीत किया गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने राज्य में अत्या-पाट्या खेल के व्यापक प्रचार-प्रसार, खिलाड़ियों के प्रशिक्षण, जिला इकाइयों को सशक्त बनाने तथा राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बिहार की भागीदारी को और मजबूत करने का संकल्प व्यक्त किया। बैठक का समापन सभी सदस्यों द्वारा संगठन की एकता, पारदर्शिता एवं खेल के समग्र विकास के लिए मिलकर कार्य करने की प्रतिबद्धता के साथ हुआ।

# सम्राट सरकार के 100 दिन पूरे, राष्ट्रीय अति पिछड़ा वर्ग महासभा ने जताया आभार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व वाली बिहार सरकार के 100 दिन पूरे होने के अवसर पर बिहार विधानसभा के कांफ्रेंस हॉल में राष्ट्रीय अति पिछड़ा वर्ग महासभा के तत्वावधान में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने की। इसमें अति पिछड़ा वर्ग की लगभग 30 विभिन्न जातियों के प्रतिनिधियों और समाज के प्रमुख नेताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार और मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व वाली बिहार सरकार ने अति पिछड़ा वर्ग के सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक सशक्तीकरण के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की हैं। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है और अति पिछड़ा वर्ग बड़ी संख्या में इनका लाभ प्राप्त कर रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं से शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास, रोजगार, सामाजिक सुरक्षा, महिला सशक्तीकरण, किसान कल्याण और स्वरोजगार जैसे क्षेत्रों में सकारात्मक बदलाव देखने को मिला है।

# वर्टिकल फिल्म 'रघु जोशी' की शूटिंग शुरू

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**मुंबई।** बॉलीवुड की आगामी वर्टिकल फिल्म 'रघु जोशी' की ऑन-लोकेशन शूटिंग और प्रेस मीट का आयोजन मुंबई के जीएम स्टूडियो में किया गया। फिल्म का निर्माण रॉकेट रील्स, डैफोडिल्स एंटरटेनमेंट और भारत श्री फिल्म्स के सहयोग से किया जा रहा है। रॉकेट रील्स के संस्थापक क्रांति शानभाग ने बताया कि 'रघु जोशी' की शूटिंग शुरू होना उनके लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने कहा कि कंपनी भविष्य में भी दर्शकों के लिए नई और गुणवत्तापूर्ण फिल्में लेकर आती रहेगी। उन्होंने कहा कि डिजिटल युग में वर्टिकल फॉर्मेट में बनाई जा रही यह फिल्म नए दौर के सिनेमा का प्रतिनिधित्व करेगी। फिल्म के निर्माता सत्य केतु सिंह ने बताया कि फिल्म का निर्देशन अंकुश भट्ट कर रहे हैं। फिल्म में मानसी नाइक, सुबोध भावे, तेजस्वी कश्यप और सुधीर सिंह प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। शूटिंग के पहले दिन सभी कलाकार सेट पर मौजूद रहे और उन्होंने मीडिया से बातचीत भी की।

सत्य केतु सिंह ने कहा कि आज के दौर में कंटेंट ही सबसे महत्वपूर्ण है और 'रघु जोशी' इसी सोच के साथ बनाई जा रही है। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह फिल्म भारत ही नहीं बल्कि वैश्विक स्तर पर वर्टिकल प्लेटफॉर्म पर अपनी अलग पहचान बनाएगी। प्रेस मीट में निर्माता भारत अग्रवाल सहित फिल्म से जुड़े कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। आयोजकों ने फिल्म की पूरी टीम और कलाकारों का आभार व्यक्त किया। फिल्म के अभिनेता सुबोध भावे ने कहा कि नई टीम के साथ काम करने का अनुभव बेहद सुखद रहा। उन्होंने बताया कि वह पहली बार वर्टिकल फॉर्मेट में किसी फिल्म की शूटिंग कर रहे हैं और यह उनके लिए एक नया एवं रोमांचक अनुभव है।

# रथ यात्रा पर सनफीस्ट यिप्पी ने पेश किया स्वाद और परंपरा का अनोखा संगम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** पुरी में रथ यात्रा के अवसर पर सनफीस्ट यिप्पी ने बारो मासा, यिप्पी परबा के जरिए ओडिशा की शानदार खान-पान की विरासत का जश्न मनाया। यह अपनी तरह का पहला सांस्कृतिक और खान-पान का अनुभव था जो राज्य की मशहूर सोच बारो मासा, तैरो परबा से प्रेरित था। यिप्पी नूडल्स की खासियत को दिखाते हुए इस कैंपेन ने ओडिशा के सबसे पसंदीदा त्योहारों वाले व्यंजनों को नए और अनोखे नूडल डिश में बदला जिससे ग्राहकों को जाने-पहचाने स्वाद का एक नया अनुभव मिला। इस जश्न को और खास बनाते हुए मास्टरशेफ सीजन 6 के विजेता अविनाश नायक ने विजिटर्स से बातचीत की और खास तौर पर तैयार की गई यिप्पी डिशेज पेश कीं। इससे कंज्यूमर्स को ओडिशा के त्योहारों के दौरान बनने वाले खान-पान से प्रेरित नूडल्स के इन नए और अनोखे वर्जन को आजमाने का मौका मिला। अली हैरिस शेरे, बीयू चीफ एग्जीक्यूटिव, स्नैक फूड्स एंड बेवरेजेज, फूड्स डिवीजन, आईटीसी लिमिटेड ने कहा कि ओडिशा की बारो मासा, तैरो परबा सोच त्योहारों, परंपराओं और खाने-पीने के जरिए साथ मिलकर खुशियां मनाने का जश्न है। यिप्पी नूडल्स के साथ ओडिशा के कुछ सबसे पसंदीदा त्योहारों वाले व्यंजनों को नए अंदाज में पेश करके हमने खाने का एक अनोखा अनुभव तैयार किया है। इसने स्थानीय परंपराओं का सम्मान किया और साथ ही ग्राहकों को अपने पसंदीदा नूडल्स का मजा लेने के नए और रोमांचक तरीके खोजने के लिए प्रेरित किया।

# चार माह से बंद केवाइपी केंद्रों पर निर्णय का इंतजार, विभागीय चुप्पी से बढ़ी नाराजगी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**जन्दाहा (वैशाली)।** कुशल युवा कार्यक्रम के चार माह से बंद पड़े प्रशिक्षण केंद्रों को लेकर विद्यार्थियों, प्रशिक्षकों और केंद्र संचालकों की चिंता लगातार बढ़ती जा रही है। प्रदर्शन, ज्ञापन, विभिन्न समाचार-पत्रों में प्रकाशित खबरों तथा सोशल मीडिया पर लगातार उठ रही मांग के बावजूद अब तक संबंधित विभाग की ओर से केंद्रों के पुनः संचालन को लेकर कोई आधिकारिक आदेश जारी नहीं किया गया है। केवाईपी वेलफेयर सोसाइटी, वैशाली के अध्यक्ष एवं कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी, जन्दाहा के निदेशक डॉ. आनन्द रंजन झा ने कहा कि इस मुद्दे को विभागीय मंत्री, विभाग के सचिव, कई मंत्रियों, विधायकों, उपमुख्यमंत्री तथा मुख्यमंत्री के समक्ष भी रखा गया है। इसके बावजूद स्थिति जस की तस बनी हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि विभाग के कुछ अधिकारी इस योजना के संचालन में अनावश्यक विलंब कर रहे हैं। उनका दावा है कि इससे केवाईपी जैसी महत्वपूर्ण कौशल विकास योजना प्रभावित हो रही है और यदि शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया तो इसका सबसे अधिक नुकसान गरीब एवं ग्रामीण पृष्ठभूमि के विद्यार्थियों को उठाना पड़ेगा। डॉ. झा ने कहा कि केवाईपी ने वर्षों तक लाखों युवाओं को निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण देकर रोजगार की दिशा में आगे बढ़ाया है। आज केंद्रों के बंद रहने से हजारों छात्र प्रशिक्षण से वंचित हैं, जबकि राज्यभर के लगभग 1,800 केवाईपी केंद्र संचालकों का निवेश, वर्षों की मेहनत और उनकी अर्जित साख भी संकट में पड़ गई है।

# अनुमंडल पदाधिकारी ने पंचायत शिविर में योजनाओं की दी जानकारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**विक्रमगंज (रोहतास)।** अनुमंडल पदाधिकारी के द्वारा रविवार को दिनारा प्रखंड अंतर्गत लिलवछ पंचायत स्थित पंचायत सरकार भवन में आयोजित पंचायत विकास शिविर में पहुंच ग्रामीणों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। शिविर को संबोधित करते हुए अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि राज्य एवं केंद्र सरकार की मंशा है कि अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से पहुंचे, इसलिए आमजन को जागरूक होकर इन योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने मंच से उपस्थित लोगों को मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, राशन कार्ड, आयुष्मान भारत, मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, जाति, आय एवं आवासीय प्रमाण-पत्र तथा राजस्व संबंधी सेवाओं सहित विभिन्न योजनाओं की पात्रता और आवेदन प्रक्रिया समझाई और प्रेरित किया कि पात्र लोग किसी बिचौलिए के चक्कर में न पड़ें। शिविर के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा अलग-अलग स्टॉल लगाए गए जहां अधिकारियों ने योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ मौके पर ही आवेदन और समस्याओं का निपटारा किया। इस क्रम में पात्र लाभुकों के बीच नए राशन कार्डों का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में पहुंचे ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं अनुमंडल पदाधिकारी के समक्ष रखी जिन्हें सुनकर उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। पर्यावरण संरक्षण के संदेश को आगे बढ़ाते हुए एसडीओ ने पंचायत भवन परिसर में पौधरोपण किया और उपस्थित जनसमूह से अधिक से अधिक पौधे लगाने एवं उनके संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि स्वच्छ एवं हरित वातावरण भावी पीढ़ियों के लिए अमूल्य धरोहर है और इसे बचाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। शिविर में प्रखंड विकास पदाधिकारी दिनारा, अंचल अधिकारी दिनारा, संबंधित विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी, पंचायत प्रतिनिधिगण तथा बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे। अंत में अनुमंडल पदाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि आमजनों की समस्याओं का निष्पादन प्राथमिकता के आधार पर किया जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि सरकार की हर योजना का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक बिना किसी बाधा के पहुंचे।



# मेयर पर फर्जी पारिवारिक सूची जारी करने का आरोप

## वार्ड पार्षद ने डीएम से जांच की मांग की

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सासाराम।** सासाराम नगर निगम में पद एवं शक्ति के दुरुपयोग कर फर्जी पारिवारिक सूची निर्गत करने का गंभीर आरोप लगा है। नगर निगम सासाराम के वार्ड संख्या-44 की वार्ड पार्षद केला देवी ने 15 जुलाई 2026 को जिला पदाधिकारी रोहतास को लिखित आवेदन देकर मेयर के खिलाफ उच्च स्तरीय जांच एवं विधिसम्मत कार्रवाई की मांग की है। पार्षद के अनुसार उनके वार्ड के निवासी राधे श्याम पासवान, पिता स्वर्गीय हरिया राम, ग्राम-अमरा, थाना एवं जिला रोहतास द्वारा दी गई शिकायत के आधार पर यह पत्र प्रस्तुत किया गया है। शिकायत में कहा गया है कि सासाराम नगर निगम के मेयर द्वारा राधे श्याम पासवान एवं उनके परिवार के संबंध में एक पारिवारिक सूची निर्गत की गई है जो पूर्णतः गलत, तथ्यहीन एवं मनगढ़ंत है तथा वास्तविकता से इसका कोई संबंध नहीं है। आवेदन में उल्लेख है कि उक्त जमीन एवं पारिवारिक संबंधों को लेकर मामला पहले से ही उच्च न्यायालय, पटना में सीडब्लूजेसी नं. 889/2023 के तहत विचाराधीन है। इसके बावजूद मेयर द्वारा अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर पद का घोर दुरुपयोग करते हुए यह सूची जारी की गई जिसका एकमात्र उद्देश्य पासवान परिवार को कानूनी, सामाजिक एवं आर्थिक रूप से क्षति पहुंचाना है। पार्षद ने इसे सरकारी अभिलेखों के साथ छेड़छाड़ एवं धोखाधड़ी बताते हुए कहा कि यह कृत्य भारतीय न्याय संहिता की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत दंडनीय अपराध है। उन्होंने डीएम से अनुरोध किया है कि जनहित एवं विधि के अनुपालन को ध्यान में रखते हुए मामले की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए, भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जाए तथा गलत पारिवारिक सूची को तत्काल रद्द कर शुद्ध एवं सही सूची निर्गत करने का आदेश दिया जाए। आवेदन के साथ राधे श्याम पासवान का शिकायत पत्र, मेयर द्वारा निर्गत गलत सूची की छायाप्रति, उच्च न्यायालय में लंबित वाद की प्रति एवं अन्य दस्तावेज संलग्न किए गए हैं। इसकी प्रतिलिपि पुलिस अधीक्षक रोहतास, अनुमंडल पदाधिकारी सदर सासाराम एवं नगर आयुक्त सासाराम को भी भेजी गई है।

# समय से मिले सरकारी योजनाओं का लाभ : डीएम

## विकास दिवस पर पौधारोपण, 'मन की बात' सुनी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सासाराम।** शिवसागर प्रखंड की करूप ग्राम पंचायत में रविवार को जिला पदाधिकारी दीपक कुमार मिश्र की अध्यक्षता में 'पंचायत विकास दिवस' का आयोजन किया गया। इस शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया जहां उन्हें विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान पंचायती राज विभाग सहित अन्य विभागों ने ग्रामीणों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, उनकी आवेदन प्रक्रिया, पात्र लाभार्थियों के चयन और समयबद्ध लाभ वितरण के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर कई लाभार्थियों को स्वीकृत योजनाओं के स्वीकृति पत्र भी वितरित किए गए। जिला पदाधिकारी दीपक कुमार मिश्र ने बताया कि 'पंचायत विकास दिवस' का मुख्य उद्देश्य सुशासन को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रशासन केवल आवेदन लेने तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि यह सुनिश्चित करेगा कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति को सरकारी योजनाओं का लाभ पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से मिले। डीएम ने यह भी कहा कि करूप ग्राम पंचायत को आधारभूत संरचना, स्वच्छता, शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका और डिजिटल सेवाओं के क्षेत्र में विकसित कर राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर एक आदर्श पंचायत बनाया जाएगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रशासन हरसंभव सहयोग और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराएगा। इस कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए जिला पदाधिकारी और अन्य अधिकारियों ने पौधारोपण भी किया। साथ ही उपस्थित अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' का सामूहिक श्रवण किया।



# महुआ शराब सहित धंधेबाज गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अकोढी गोला (रोहतास)।** आयर कोठा थाना क्षेत्र अंतर्गत ढेला बाग नहर के समीप से स्थानीय थाने की पुलिस ने महुआ शराब के साथ एक धंधेबाज को गिरफ्तार किया। आयर कोठा थाना अध्यक्ष शिवम कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र अंतर्गत ढेला बाग नहर के समीप छापेमारी की गई। इस दौरान कृष्णा ठाकुर ग्राम बराव कला थाना अकोढी गोला के रहने वाले के पास से 5 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया। इस संदर्भ में कांड दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# अमर जवान स्मारक पर कारगिल शहीदों को दी गयी श्रद्धांजलि

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सासाराम।** कारगिल विजय दिवस के अवसर पर सासाराम स्थित समाहरणालय परिसर में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नेहरू युवा केंद्र से संबद्ध 'आजाद युवा क्लब' के तत्वावधान में अमर जवान स्मारक पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इस दौरान क्लब के सदस्यों और स्थानीय गणमान्य नागरिकों ने शहीदों के चित्र और स्मारक स्थल पर पुष्पचक्र व माल्यार्पण कर देश के वीर जवानों को याद किया। कार्यक्रम में आजाद युवा क्लब के अध्यक्ष आशुतोष सिंह ने अमर जवान स्मारक पर पुष्पमाला अर्पित की और कारगिल युद्ध के अमर शहीदों को नमन किया। उन्होंने उपस्थित लोगों और युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि 26 जुलाई का दिन भारतीय इतिहास में शौर्य, पराक्रम और बलिदान के प्रतीक के रूप में दर्ज है। आशुतोष सिंह ने अपने संबोधन में बताया कि समाहरणालय परिसर में स्थापित यह कारगिल स्मृति चिह्न और अमर जवान स्मारक आजाद युवा क्लब और नेहरू युवा केंद्र के प्रयासों से निर्मित कराया गया था। इसका मुख्य उद्देश्य आने वाली पीढ़ियों को देश की रक्षा में प्राण न्योछावर करने वाले वीरों की गाथा से अवगत कराना है। उन्होंने युवाओं से कहा कि आज यदि हमारी सीमाएं सुरक्षित हैं और हम स्वतंत्र वातावरण में सांस ले रहे हैं तो यह उन वीर जवानों के बलिदान और अदम्य साहस का ही परिणाम है। आशुतोष सिंह ने यह भी उल्लेख किया कि कारगिल युद्ध में जवानों ने विपरीत परिस्थितियों और दुर्गम पहाड़ियों पर विजय प्राप्त कर देश का मस्तक ऊंचा किया था। शहीदों के सम्मान में हर वर्ष यह दिवस विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है, ताकि नई पीढ़ी में देशभक्ति, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रीय चेतना की भावना जागृत रहे। श्रद्धांजलि कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर वीर शहीदों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर 'भारत माता की जय' और 'अमर जवान अमर रहे' के नारे भी लगाए गए। अमर जवान स्मारक स्थल को फूलों से सजाया गया था।

# 10 लाख की शराब बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भभुआ।** कैमूर पुलिस ने भभुआ थाना क्षेत्र के जिगनी पुल के पास एक कार से लगभग 10 लाख रुपये मूल्य की अंग्रेजी शराब बरामद की गई है। इस दौरान पुलिस ने दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। एसडीपीओ ओमप्रकाश ने रविवार को एक प्रेसवार्ता में बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे वाहन जांच अभियान के तहत यह सफलता मिली। उन्होंने बताया कि शनिवार और रविवार की मध्यरात्रि गुप्त सूचना के आधार पर भभुआ थानाध्यक्ष मुकेश कुमार के नेतृत्व में जिगनी पुल के पास वाहनों की जांच की जा रही थी। जांच के दौरान उत्तर प्रदेश से आ रही एक अर्टिगा कार को रोका गया। तलाशी लेने पर कार से विभिन्न ब्रांड की कुल 604 बोतल (257.185 लीटर) अंग्रेजी शराब मिली। बरामद शराब की अनुमानित कीमत करीब 10 लाख रुपये बताई गई है। पुलिस को देखते ही कार सवार भागने का प्रयास करने लगे, लेकिन जवानों ने उन्हें मौके पर ही पकड़ लिया। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान पटना जिले के पालीगंज थाना क्षेत्र के पिपरादहा निवासी प्रवीण कुमार (वाहन मालिक सुभाष यादव के पुत्र) और राहुल कुमार (चालक, सत्येंद्र यादव के पुत्र) के रूप में हुई है। पूछताछ में दोनों ने स्वीकार किया कि शराब उत्तर प्रदेश से पटना ले जाई जा रही थी। पुलिस ने उनके पास से दो स्मार्टफोन और 35,400 रुपये नकद भी बरामद किए हैं।

# रोमांचक मुकाबले में क्रीन मेमोरियल हाई स्कूल गया ने डीपीएस पटना को हराया

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम।** नारायण वर्ल्ड स्कूल, जमुहार के संयोजन और सहयोग से आयोजित हो रहे सी बी एस सी क्लस्टर 3 में पांच दिनों तक चलने वाला बास्केटबॉल महाकुंभ पूरे जोश के साथ मुकाम की ओर बढ़ रहा है। खिलाड़ियों का उत्साह और ऊर्जा न सिर्फ स्थानीय दर्शकों को, बल्कि पूरे देश के लोगों को रोमांचित कर रही है। आज मुख्य रूप से आयोजित प्रतियोगिताओं में अंडर-19 बालिका वर्ग के एक रोमांचक मुकाबले में क्रीन मेमोरियल हाई स्कूल (गया) ने डी पी एस पटना को 8-2 से हराया। आज का दिन स्टार खिलाड़ी बन कर उभरी अवंतिका के नाम रहा। इस जीत में अवंतिका का शानदार प्रदर्शन अहम रहा जिसमें उन्होंने क्रीन के लिए छह बास्केट गोल किए। क्रीन ने बेहतरीन पासिंग और तेजी से आगे बढ़ते हुए शुरुआत में ही बढ़त बना ली थी और अवंतिका ने पास और दूर-दोनों जगहों से मिले मौकों को शानदार तरीके से बास्केट में बदला। डी पी एस पटना ने हिम्मत के साथ वापसी की कोशिश की, लेकिन वे क्रीन की रफ्तार का मुकाबला नहीं कर पाए और न ही अवंतिका को लगातार स्कोर करने से रोक सके। आखिर में टीम के सटीक खेल ने क्रीन की बढ़त को सुरक्षित रखा। दूसरे मुकाबले में धनबाद पब्लिक स्कूल ने सरला बिड़ला पब्लिक स्कूल को 30-4 से बुरी तरह हराया। इस जीत में स्टार खिलाड़ी शाजली की अहम भूमिका रही जिन्होंने सबसे ज्यादा बास्केट किए। धनबाद पब्लिक स्कूल ने जबरदस्त डिफेंस और तेज हमलों का इस्तेमाल करके विपक्षी टीम से गेंद छीनी और खेल पर अपना दबदबा बनाए रखा। सरला बिड़ला ने हिम्मत तो दिखाई, लेकिन वे बास्केट करने में संघर्ष करते दिखे। अंडर-19 बालक वर्ग के बास्केटबॉल मैच में सरला बिड़ला पब्लिक स्कूल, रांची ने कड़ी टक्कर दी, लेकिन विद्या भारती चिन्मय विद्यालय, जमशेदपुर से 9-30 से हार गए। विद्या भारती ने मजबूत डिफेंस और तेजी से गेंद को आगे बढ़ाने की रणनीति से शुरुआत में ही खेल पर पकड़ बना ली और विपक्षी टीम के हमलों को रोककर तेजी से अंक हासिल किए। सरला बिड़ला ने कई अच्छे मूव्स के साथ दृढ़ता दिखाई, लेकिन वे अहम शॉट्स चूक गए और बोर्ड पर संघर्ष करते दिखे। मैच के बीच में विद्या भारती की शानदार बढ़त ने जीत पक्की कर दी। सभी वर्गों में चल रहे मुकाबले में अच्छे प्रदर्शन करने वाली टीमें क्वार्टर फाइनल पार कर चुकी है जबकि कुछ टीमें क्वार्टर फाइनल को पार करने की होड में दम खम दिखा रही हैं।



# धंसा गांव में पैरवी की बैठक, निःशुल्क जमानत व बाल संरक्षण पर चर्चा



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अकबरपुर (रोहतास)।** रोहतासगढ़ पंचायत के धंसा गांव में पैरवी के बैनर तले आयोजित सामुदायिक बैठक में निःशुल्क जमानत, बाल संरक्षण और शिक्षा को लेकर चर्चा हुई। बैठक की अध्यक्षता मुखिया नागेन्द्र यादव ने की। वरिष्ठ पत्रकार उपेन्द्र मिश्र ने बाल विवाह उन्मूलन और पुस्तकालय स्थापना पर जोर दिया जबकि पत्रकार सतीश मिश्रा ने बच्चों की शिक्षा और बाल श्रम रोकने की आवश्यकता बताई। मानवाधिकार कार्यकर्ता संतोष उपाध्याय ने कहा कि पैरवी गरीब एवं जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क विधिक सहायता और जमानत उपलब्ध कराने के साथ ग्राम बाल संरक्षण समिति को मजबूत बनाने के लिए कार्य कर रही है। बैठक में जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने भाग लेते हुए न्याय, शिक्षा और बाल सुरक्षा के लिए मिलकर काम करने का संकल्प लिया।

# शराब के नशे में 10 गिरफ्तार, शराब को लेकर प्रशासन सख्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दुर्गावती।** कैमूर जिले के दुर्गावती थाना क्षेत्र में पुलिस ने शनिवार रात विभिन्न स्थानों पर छापेमारी कर शराब पीने के आरोप में 10 लोगों को गिरफ्तार किया। इन सभी को रविवार को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। गिरफ्तार किए गए लोगों में मंजू मुसहर पुत्र बसंतू मुसहर, किशोर मुसहर पुत्र बसंतू मुसहर, चंदन कुमार पुत्र इंदल बिंद, अमन कुमार पुत्र अनंत कुमार सेठ, बबलू यादव पुत्र जगदीश सिंह, बिक्की कुमार पुत्र श्रीराम नगीना, विपुल यादव पुत्र शंभू यादव, शिवम कुमार पुत्र संजय सोनी, प्रीतम कुमार पुत्र कमलेश रजक और अक्षय कुमार पुत्र सुभाष पासवान शामिल हैं। यह कार्रवाई कैमूर पुलिस अधीक्षक शिखर चौधरी के निर्देश पर दुर्गावती थाना प्रभारी गिरीश कुमार के नेतृत्व में की गई। पुलिस बल की टीम क्षेत्र में अवैध शराब और शराब माफियाओं के खिलाफ लगातार सख्त अभियान चला रही है।

# गायनेकोलॉजिस्ट डॉ. मनी कुमारी बिना सूचना अनुपस्थित

## डीएम ने सासाराम सदर अस्पताल का किया औचक निरीक्षण, मांगा जबाव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सासाराम।** जिलाधिकारी दीपक कुमार मिश्र ने रविवार को सासाराम सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं की वास्तविक स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण में गायनेकोलॉजिस्ट डॉ. मनी कुमारी बिना किसी पूर्व सूचना के अनुपस्थित पाई गईं। डीएम ने अस्पताल में कार्यरत डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों की उपस्थिति का सत्यापन कराया। डॉ. मनी कुमारी की अनुपस्थिति पर उन्होंने सिविल सर्जन को तत्काल स्पष्टीकरण मांगने का निर्देश दिया। डीएम ने चेतावनी दी कि संतोषजनक जवाब न मिलने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। जिला पदाधिकारी ने मॉडल अस्पताल, ट्रॉमा सेंटर सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विभागों का भ्रमण किया। उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों से बातचीत कर इलाज, जांच और दवा वितरण जैसी स्वास्थ्य सेवाओं पर प्रतिक्रिया ली। डीएम ने अस्पताल प्रबंधन को निर्देश दिया कि सभी आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं समय पर उपलब्ध कराई जाएं और मरीजों को अनावश्यक परेशानी न हो। डीएम ने जोर देकर कहा कि अस्पताल आने वाले प्रत्येक मरीज के साथ संवेदनशील और मानवीय व्यवहार किया जाना चाहिए। उन्होंने इलाज, जांच और दवा वितरण में किसी भी प्रकार की अनावश्यक देरी न करने के निर्देश दिए। अस्पताल प्रबंधन को सरकार द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण सेवाएं सुनिश्चित करने को कहा गया। अंत में जिला पदाधिकारी ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्धारित समय पर अपने कार्यस्थल पर उपस्थित रहने तथा अपने दायित्वों का समयबद्ध और जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी, क्योंकि मरीजों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# दस भूमिहीन परिवारों को मिला बंदोबस्ती पर्चा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**विक्रमगंज (रोहतास)।** बिक्रमगंज अनुमंडल पदाधिकारी ने बताया कि दिनारा प्रखंड अंतर्गत अभियान बसेरा के तहत आयोजित विशेष शिविर में अनुमंडल पदाधिकारी बिक्रमगंज एवं अंचल अधिकारी बिक्रमगंज की उपस्थिति में दस भूमिहीन श्रेणी के लाभुकों के बीच बंदोबस्ती पर्चा का वितरण किया गया। इस अवसर पर पदाधिकारियों ने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता है कि राज्य में कोई भी परिवार भूमि विहीन न रहे और प्रत्येक जरूरतमंद को आवास निर्माण के लिए जमीन का अधिकार मिले। इसी उद्देश्य से अभियान बसेरा चलाया जा रहा है जिसके माध्यम से चिन्हित भूमिहीन परिवारों को सरकारी भूमि पर बसावट के लिए विधिवत पर्चा निर्गत किया जा रहा है। चयनित लाभुकों को पर्चा सौंपते हुए अधिकारियों ने उन्हें जमीन पर शीघ्र आवास निर्माण कराने और सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने की सलाह दी। उन्होंने राजस्व कर्मियों को निर्देश दिया कि वितरित जमीन का सीमांकन समय पर पूरा कराकर लाभुकों को कब्जा दिलाया जाए ताकि किसी प्रकार की परेशानी न हो।

# चकन्हा पंचायत भवन में सुनी गई 'मन की बात'

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** इंद्रपुरी क्षेत्र के चकन्हा पंचायत भवन में रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम के आयोजन के दौरान अव्यवस्था देखने को मिली। कार्यक्रम सुबह 11 बजे से शुरू होना था, लेकिन पंचायत भवन में तकनीकी एवं व्यवस्थागत कमी के कारण इसका प्रसारण करीब 11:20 बजे शुरू हो सका। इससे ग्रामीण केवल लगभग 10 मिनट ही कार्यक्रम सुन सके। कार्यक्रम में डिहरी प्रखंड की ओर से नोडल पदाधिकारी के रूप में प्रखंड कृषि पदाधिकारी अशोक कुमार उपस्थित थे। बड़ीहां गांव के पंच एवं 20 सूत्री सदस्य आनंद कुमार पांडे ने व्यवस्था में हुई लापरवाही पर नाराजगी जताते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी, डिहरी से दूरभाष पर बात कर पंचायत भवन में शीघ्र एलइडी स्क्रीन की स्थायी व्यवस्था कराने की मांग की, ताकि भविष्य में सभी ग्रामीण समय पर प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का लाभ उठा सकें। ग्रामीणों की शिकायत के बाद आनन-फानन में पंचायत भवन में रखे कंप्यूटर को चालू कर कार्यक्रम का प्रसारण शुरू कराया गया, लेकिन तब तक कार्यक्रम का अधिकांश हिस्सा समाप्त हो चुका था। श्री पांडे ने नोडल पदाधिकारी अशोक कुमार से भी अगली बार बेहतर तैयारी एवं समय पर सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने का आग्रह किया, ताकि ऐसी स्थिति की पुनरावृत्ति न हो।



इस अवसर पर सरपंच मालती देवी, मुखिया प्रतिनिधि गुड्डू यादव, पंचायत रोजगार सेवक सुरेंद्र पाल, इंदिरा आवास सहायक रवि लाल, कचहरी सचिव शाहबाज आलम, किसान सलाहकार रवि कुमार, विकास मित्र सिकंदर राम, स्वच्छता पर्यवेक्षक मंटू कुमार, आशा कार्यकर्ता निर्मला चतुर्वेदी, प्रभावती देवी, सुषमा देवी सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

# द्वितीय जिला स्तरीय गतका प्रतियोगिता का आयोजन

## राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों का चयन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**तिलौथू (रोहतास)।** चंदनपुरा स्थित जीवन उत्सव पब्लिक स्कूल में रविवार को द्वितीय जिला स्तरीय गतका प्रतियोगिता-2026 का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में रोहतास जिले के विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुनील कुमार के नेतृत्व में मुख्य अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर पैक्स अध्यक्ष अजय कुमार श्रीवास्तव, पूर्व उप प्रमुख दिनेश सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता रामाधीन भारती, विद्यालय मार्गदर्शक जंगलेश प्रसाद चौरसिया, रोहतास गटका संघ के अध्यक्ष सैयद साकिर इमाम, विद्यालय निदेशक मिथिलेश विश्वकर्मा, राजू साह, प्रभु यादव एवं पत्रकार सत्यानंद कुमार उपस्थित रहे। प्रतियोगिता का सफल संचालन गटका प्रशिक्षक सुधाकर मिश्र एवं उनकी टीम ने नियमों के अनुरूप कराया। पूरे आयोजन के दौरान खिलाड़ियों ने गटका की विभिन्न विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर दर्शकों की खूब सराहना बटोरी। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के उपनिदेशक सफदर अली, राहुल शर्मा, जाफर इमाम, सूरज शर्मा, शिक्षिकाएं डिम्पल कुमारी, खुशनुमा, नूर फातमा, निभा इलिमा, आरती तथा मंच संचालन कर रहे विद्यालय के पूर्व छात्र आदर्श कुमार (लक्की) का महत्वपूर्ण योगदान रहा। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों में राहुल कुमार, वैभव, अंकित, प्रिंस, मानसी कुमारी, प्रिया, नंदनी, साक्षी, आदर्श, लक्ष्मी एवं राकेश (जीवन उत्सव पब्लिक स्कूल, चंदनपुरा) शामिल रहे। वहीं द्वितीय स्थान पर अमित कुमार (नारायण वर्ल्ड स्कूल, सासाराम), मेहरान खान (कॉन्वेंट स्कूल, सासाराम), प्रिंस कुमार एवं पुष्कर मिश्रा (सरस्वती शिशु मंदिर, तिलौथू) तथा राजेश कुमार (एबीआर स्कूल, सासाराम) रहे। सभी विजेताओं को रोहतास गटका संघ की सचिव शालू सिंह राजपूत एवं स्टेट लेवल रेफरी कृति पंडित (वाराणसी) ने मेडल एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। सत्यानंद कुमार ने बताया कि प्रखंड स्तर पर पहली बार गटका प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जो क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक पहल है। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले सभी खिलाड़ियों का चयन 2 अगस्त 2026 को पाटलिपुत्र में आयोजित राज्य स्तरीय गटका प्रतियोगिता के लिए किया गया है। राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर मिलेगा जहां विजेताओं को 2 लाख नकद पुरस्कार सहित मेडल प्रदान किए जाएंगे। इस अवसर पर अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय संरक्षक ओम प्रकाश 'ओम' ने आयोजन की भूरि-भूरि प्रशंसा की जबकि विद्यालय निदेशक मिथिलेश विश्वकर्मा ने सभी अतिथियों को अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का समापन कल्याण मंत्र के सामूहिक गायन के साथ संपन्न हुआ।



# शहीदों के सपनों को साकार करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि :श्रवण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** कारगिल विजय दिवस के अवसर पर 38 बिहार बटालियन एनसीसी द्वारा कारगिल पार्क में 27वां विजय दिवस समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बिहार सरकार के मंत्री श्रवण कुमार, सांसद कौशलेंद्र कुमार तथा 38 बिहार बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल राजेश बहरी ने शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित कर कारगिल के वीर जवानों को श्रद्धांजलि दी। मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि 26 जुलाई 1999 का दिन हर भारतीय के लिए गर्व और प्रेरणा का प्रतीक है। कारगिल के शहीदों का साहस और बलिदान आने वाली पीढियों को राष्ट्रभक्ति और कर्तव्य का संदेश देता रहेगा। उन्होंने नालंदा के वीर शहीद हरदेव प्रसाद को विशेष रूप से याद करते हुए कहा कि राज्य सरकार शहीदों के परिवारों के सम्मान और कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। समारोह में शहीद हरदेव प्रसाद की पत्नी वीरांगना मुन्नी देवी तथा एनसीसी बटालियन में पदस्थापित सेना के जवानों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। सांसद कौशलेंद्र कुमार ने कहा कि कारगिल विजय दिवस भारतीय सैनिकों के अदम्य साहस, दृढ़ संकल्प और राष्ट्रप्रेम का प्रतीक है। वहीं कर्नल राजेश बहरी ने शहीदों के परिजनों का सम्मान करने और समाज में एकता, अखंडता व सद्भाव बनाए रखने का आह्वान किया। इस अवसर पर 38 बिहार बटालियन एनसीसी के सूबेदार मेजर ललिनद्र टिग्गा विशाल पाण्डेय सुबेदार मदन सिंह मेहता नरेंद्र शर्मा,गो बहादुर ऐली,रामा पठान, बी एच एम भीम बहादुर बुडढा, भीम बहादुर गलामी हवलदार रोमन अधिकारी नवीनीत आनंद हवलदार संजय कुमार, गणेश बी सी, रौशन श्रेष्टा, मुकुल कुमार, महंतेश गार्डर, नंदा वारला, लांसनायक राजन बुडढा, ऋषि थापा डॉ धनंजय देव, गुलरेज अंसारी, रजनीश कुमार सिंह, त्रिनयन कुमार अमित कुमार रिक्की सहित दर्जनों एनसीसी कैडेट उपस्थित थे।



# महावीर सेवा मंडल ट्रस्ट को मिला नया नेतृत्व, सुजीत बने अध्यक्ष व रंजीत संभालेंगे सचिव की जिम्मेदारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** सामाजिक सरोकारों और जनसेवा के लिए समर्पित महावीर सेवा मंडल ट्रस्ट की आम सभा रविवार को उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से वर्ष 2026-27 के लिए नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी तरीके से निर्वाचन पदाधिकारी चंद्रमणि पांडेय की देखरेख में सम्पन्न हुई। चुनाव के बाद घोषित परिणामों के अनुसार सुजीत कुमार को ट्रस्ट का नया अध्यक्ष तथा रंजीत कुमार को सचिव चुना गया। वहीं अजय कुमार को कोषाध्यक्ष, चंद्रमणि पांडेय को मीडिया प्रभारी तथा डॉ. संतोष कुमार को अंकेक्षक की जिम्मेदारी सौंपी गई। नई कार्यसमिति के गठन पर उपस्थित सदस्यों ने सभी पदाधिकारियों का तालियों की गड़गड़ाहट के साथ स्वागत किया और उन्हें शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर ट्रस्ट के निदेशक अवधेश प्रसाद ने संगठन की अब तक की यात्रा और समाजहित में किए गए कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि महावीर सेवा मंडल ट्रस्ट ने समय-समय पर जरूरतमंदों की सहायता, स्वास्थ्य जागरूकता, शिक्षा, सामाजिक सहयोग और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से समाज के विभिन्न वर्गों तक सेवा पहुंचाने का कार्य किया है। उन्होंने विश्वास जताया कि नई कार्यसमिति ट्रस्ट की सेवा भावना को और अधिक मजबूत करेगी तथा समाज के हित में नए आयाम स्थापित करेगी।नवनिर्वाचित अध्यक्ष सुजीत कुमार ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ट्रस्ट की मूल भावना सेवा ही संगठन की पहचान को आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने सभी सदस्यों को साथ लेकर पारदर्शिता, समर्पण और टीम भावना के साथ कार्य करने का संकल्प दोहराया।वहीं, नवनिर्वाचित सचिव रंजीत कुमार ने कहा कि ट्रस्ट की गतिविधियों को और अधिक प्रभावी एवं जनहितकारी बनाया जाएगा। युवाओं की भागीदारी बढ़ाने, सामाजिक सेवा के नए कार्यक्रम शुरू करने तथा जरूरतमंद लोगों तक सहायता पहुंचाने के लिए विशेष कार्ययोजना तैयार की जाएगी।बैठक के अंत में सभी सदस्यों ने नई कार्यसमिति के सफल कार्यकाल की कामना करते हुए समाज सेवा के क्षेत्र में और अधिक सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर डॉ देवेन्द्र प्रसाद, विश्वप्रकाश, मंजू प्रकाश, मंजू प्रसाद, यदुनंदन प्रसाद रवि खत्री आदि मौजूद थे।




## एक नजर

### भव्य पदयात्रा के साथ राजगीर में हुआ पूज्य सोहम मुनि का चातुर्मास प्रवेश

**राजगीर।** सर्वधर्म सम्भाव की नगरी राजगीर रविवार को एक बार फिर धार्मिक आस्था से सराबोर हो उठी। जैन धर्म के प्रखर संत परम पूज्य लौह पुरुष गुरुदेव सोहम मुनि जी महाराज का चातुर्मास प्रवेश भव्य पदयात्रा के साथ संपन्न हुआ। भगवान महावीर और भगवान बुद्ध की तपोभूमि राजगीर में उनके आगमन से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। चातुर्मास प्रवेश के अवसर पर निकाली गई पदयात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने ध्वज-पताकाओं के साथ उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूरे मार्ग में श्रद्धा और भक्ति का माहौल बना रहा। जैन समाज ने गुरुदेव का भव्य स्वागत किया। जानकारी के अनुसार, पूज्य सोहम मुनि जी महाराज आगामी चार माह तक राजगीर में ही विराजमान रहेंगे। इस दौरान धर्मसभा, प्रवचन, सामायिक, तपस्या तथा अन्य धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जैन परंपरा के अनुसार वर्षा ऋतु में संत एक ही स्थान पर निवास कर धर्म प्रचार और आध्यात्मिक साधना करते हैं, जिसे चातुर्मास कहा जाता है। इस अवसर पर जैन श्वेतांबर भंडार तीर्थ के प्रबंधक ज्ञानेंद्र पांडे, समाजसेवी रमेश कुमार पान, अनिता कुमारी गुप्ता, सुनील कुमार, दीपक कुमार, राजू साव, शंकर कुमार, लखन कुंवर, धर्मेंद्र कुमार पासवान, राधो देवी, साहिल राज, अनिकेत राज, दौलती देवी, सुनील साव, संजय कुमार, सनोज कुमार सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### लापता युवती का शव कुएं से बरामद

**हरनौत।** थाना क्षेत्र के नेहुसा गांव में 48 घंटे से लापता 20 वर्षीय युवती का शव रविवार सुबह ठाकुरबाड़ी मंदिर परिसर स्थित कुएं से बरामद होने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। मृतका की पहचान संजय कुमार की पुत्री खुशबू कुमारी के रूप में हुई है। सूचना मिलने पर हरनौत थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद शव को बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, बिहारशरीफ भेज दिया। परिजनों ने बताया कि खुशबू शुक्रवार सुबह घर से बिना बताए निकल गई थी। वह अपने साथ शैक्षणिक प्रमाण-पत्र, बैंक पासबुक और अन्य आवश्यक दस्तावेज भी ले गई थी। काफी तलाश के बाद भी कोई सुराग नहीं मिलने पर शनिवार को हरनौत थाना में गुमशुदगी की सूचना दर्ज कराई गई थी। रविवार सुबह करीब छह बजे ग्रामीणों ने कुएं में शव देखा, जिसके बाद परिजनों ने उसकी पहचान की। बेटी का शव मिलने से परिवार में मातम छा गया। थानाध्यक्ष मुकेश कुमार वर्मा ने बताया कि प्रथम दृष्टया शव की स्थिति से मौत करीब दो दिन पहले होने का अनुमान है। शव से दुर्गंध आने के कारण आत्महत्या की आशंका जताई जा रही है। हालांकि मृत्यु के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही होगा। पुलिस सभी पहलुओं से मामले की जांच कर रही है।

### खोरमपुर में तीन घरों में चोरी, रिटायर्ड दरोगा के घर से लाखों की संपत्ति गायब

**इसलामपुर।** थाना क्षेत्र के खोरमपुर गांव में शनिवार रात चोरों ने तीन घरों को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये की चोरी की वारदात को अंजाम दिया। सबसे बड़ी चोरी रिटायर्ड दरोगा लक्ष्मण ठाकुर के बंद पड़े घर में हुई। चोरों ने मुख्य गेट, चार कमरों, गोदरेज और बक्सों के ताले तोड़कर 50 हजार रुपये नकद, चार से पांच लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण, महत्वपूर्ण कागजात और अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया। घटना के समय परिवार इलाज के सिलसिले में इसलामपुर गया हुआ था। चोरों ने गांव के मुन्ना सिपाही और चंद्रभूषण प्रसाद के घरों को भी निशाना बनाया। मुन्ना सिपाही के घर से कुछ हाथ नहीं लगा, जबकि चंद्रभूषण प्रसाद के घर से सोने की कनबाली चोरी कर ली गई। ग्रामीणों के अनुसार, वारदात से पहले चोरों ने आसपास के कई घरों की सिटकनी बाहर से बंद कर दी थी, ताकि कोई बाहर निकलकर विरोध न कर सके। रविवार सुबह सूचना मिलने पर इसलामपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस का कहना है कि सक्रिय चोरी गिरोहों की भूमिका की जांच की जा रही है तथा जल्द ही आरोपितों की पहचान कर गिरफ्तारी की जाएगी। घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है।

# नालंदा विश्वविद्यालय में विरासत-पर्यटन प्रबंधन प्रमाण-पत्र पाठ्यक्रम का शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**राजगीर।** नालंदा विश्वविद्यालय और बिहार सरकार के पर्यटन विभाग के संयुक्त सहयोग से आज 'विरासत-पर्यटन प्रबंधन' पर पाँच दिवसीय प्रमाण-पत्र पाठ्यक्रम का शुभारंभ हुआ। पहले ही संस्करण में सभी 60 सीटें भर गईं। कार्यक्रम में पर्यटन गाइड, टूर ऑपरेटर, वन्यजीव व्याख्याकार, संग्रहालय कर्मी, शोधार्थी तथा पर्यटन एवं विरासत क्षेत्र से जुड़े पेशेवर भाग ले रहे हैं। यह पांच दिवसीय प्रबंधन विकास कार्यक्रम विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज तथा स्कूल ऑफ हिस्टॉरिकल स्टडीज के संयुक्त समन्वय में आयोजित किया जा रहा है। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए नालंदा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सचिन चतुर्वेदी ने कहा कि "पर्यटन मार्गदर्शक ही किसी भी आगंतुक का पहला संपर्क-बिंदु होते हैं। बिहार की सभ्यतागत विरासत को लोग किस दृष्टि से समझेंगे, यह काफी हद तक उनके संवाद और प्रस्तुति पर निर्भर करता है। उन्होंने कहा कि आज पर्यटन लगातार विशेषज्ञता की ओर बढ़ रहा है। ऐसे में एक मार्गदर्शक के पास केवल ऐतिहासिक तथ्यों का ज्ञान पर्याप्त नहीं है। इतिहास, पुरातत्व, कला, पर्यावरण, संस्कृति और भाषा की समेकित समझ ही उसे एक बेहतर व्याख्याकार बनाती है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले वर्षों में पर्यटन बिहार की अर्थव्यवस्था का एक प्रमुख आधार बनेगा, इसलिए प्रशिक्षित मानव संसाधन तैयार करना समय की आवश्यकता है। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को आगे चलकर विश्वविद्यालय के रियायती अल्पावधि भाषा पाठ्यक्रमों से भी जोड़ा जाएगा।'सहभागिता संवाद' पहल के अंतर्गत आयोजित इस आवासीय पाठ्यक्रम में इतिहास, विरासत, पर्यटन प्रबंधन, संप्रेषण कौशल तथा क्षेत्रीय अध्ययन को एक साथ जोड़ा गया है। नाममात्र शुल्क पर संचालित यह पहल स्थानीय समुदायों को विश्वविद्यालय की शैक्षणिक विशेषज्ञता से जोड़ते हुए बिहार की सांस्कृतिक पहचान और उत्तरदायी पर्यटन को नई गति देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है।



# ग्रामीण महिला उद्यमियों को व्यवसाय विस्तार का दिया गया प्रशिक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** ई2 फाउंडेशन द्वारा संचालित महिला बिज कार्यक्रम के तहत जीविका के सहयोग से 23 जुलाई से दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें 27 ग्रामीण महिला उद्यमियों को उद्यमिता, व्यवसाय विस्तार और वित्तीय प्रबंधन से संबंधित व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य महिलाओं की उद्यमिता क्षमता को सशक्त बनाना, व्यवसाय विस्तार की रणनीतियों, विपणन, वित्तीय प्रबंधन तथा ऋण तक बेहतर पहुंच की जानकारी उपलब्ध कराना था। प्रशिक्षण को सहभागितापूर्ण बनाने के लिए वीडियो, समूह गतिविधियां, खेल और व्यावहारिक अभ्यासों का उपयोग किया गया। इस दौरान प्रत्येक प्रतिभागी को अपनी व्यक्तिगत एवं व्यावसायिक यात्रा साझा करने का अवसर मिला, जिससे उनमें आत्मविश्वास बढ़ा और आपसी सीख का सकारात्मक माहौल बना। कार्यक्रम में जीविका, नालंदा के जिला परियोजना प्रबंधक संजय कुमार पासवान, युवा पेशेवर अमित वैभव तथा प्रखंड परियोजना प्रबंधक सुधीर दुबे ने महिलाओं को व्यवसाय विस्तार के लिए उपलब्ध वित्तीय अवसरों और जिम्मेदारीपूर्वक ऋण के उपयोग की जानकारी दी। जिला परियोजना प्रबंधक संजय कुमार पासवान ने कहा कि ई2 फाउंडेशन के साथ यह पहल महिलाओं को सशक्त उद्यमी बनाने और उनकी आजीविका को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। वहीं, ई2 फाउंडेशन के नेशनल लीड काशीनाथ ने कहा कि महिला बिज कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को ज्ञान, कौशल और वित्तीय अवसरों से जोड़कर आत्मनिर्भर उद्यमी बनाना है। प्रशिक्षण में शामिल महिलाओं ने कार्यक्रम को व्यवसाय विकास के लिए उपयोगी और प्रेरणादायक बताया।



# राजगीर जू सफारी में सर्प संरक्षण व सुरक्षित रेस्क्यू का विशेष प्रशिक्षण आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**राजगीर।** राजगीर जू सफारी में सर्पों के संरक्षण, सुरक्षित रेस्क्यू तथा मानव-सर्प संघर्ष को कम करने के उद्देश्य से विशेष सर्प बचाव एवं रेस्क्यू प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य जू सफारी के कर्मचारियों, वनकर्मियों और बिहार वेटनरी कॉलेज, पटना से आए वेटनरी इंटर्नशिप छात्रों को सर्पों की पहचान, सुरक्षित रेस्क्यू तकनीकों और वैज्ञानिक संरक्षण के प्रति जागरूक करना था। प्रशिक्षक अभिषेक ने प्रतिभागियों को विभिन्न प्रजातियों के साँपों की पहचान, उनके व्यवहार, प्राकृतिक आवास, पारिस्थितिकी तंत्र में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका तथा रेस्क्यू के दौरान अपनाई जाने वाली मानक सुरक्षा प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी दी। प्रशिक्षण में व्यावहारिक पहलुओं पर भी विशेष जोर दिया गया, जिससे प्रतिभागियों को आपात स्थिति में सुरक्षित तरीके से सर्पों का रेस्क्यू करने की जानकारी मिल सके। जू सफारी के निदेशक राम सुन्दर एम ने कहा कि सर्प जैव विविधता और पारिस्थितिकी तंत्र के महत्वपूर्ण अंग हैं। इनके संरक्षण के लिए वैज्ञानिक सोच, जन-जागरूकता और प्रशिक्षित रेस्क्यू तंत्र की आवश्यकता है। कार्यक्रम में डॉ. संजीत कुमार, पशुचिकित्सा पदाधिकारी अजय कुमार, उपनिदेशक शिवम सिन्हा, सूरज कुमार, वन क्षेत्र पदाधिकारी, वनरक्षी तथा अन्य कर्मचारियों ने भाग लिया। सभी प्रतिभागियों ने वन्यजीव संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।



# सभी पंचायतों में 'पंचायत विकास दिवस' का आयोजन, 'सुशासन युक्त पंचायत' थी मुख्य थीम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** बिहार सरकार की अभिनव पहल के तहत प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को आयोजित किए जाने वाले "पंचायत विकास दिवस" के क्रम में रविवार को जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश के निर्देशानुसार जिले के सभी ग्राम पंचायतों में पंचायत विकास दिवस का आयोजन किया गया। प्रभारी जिला पंचायती राज पदाधिकारी अमरनाथ कुमार ने बताया कि इस माह के पंचायत विकास दिवस की थीम "सुशासन युक्त पंचायत" निर्धारित की गई थी। कार्यक्रम का उद्देश्य पंचायत स्तर पर सुशासन, पारदर्शिता, जनभागीदारी एवं उत्तरदायित्वपूर्ण प्रशासन को बढ़ावा देना तथा ग्रामीण विकास से संबंधित विषयों पर व्यापक जनसंवाद स्थापित करना था। उन्होंने बताया कि निर्धारित थीम के अतिरिक्त कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री पेयजल निश्चय योजना एवं ग्राम पंचायत विकास योजना पर भी विस्तृत परिचर्चा की गई। आयोजित ग्राम सभाओं में ग्रामीणों की उल्लेखनीय एवं सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। उपस्थित ग्रामीणों ने केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभाव से समाज में आए सकारात्मक परिवर्तनों पर अपने अनुभव साझा किए तथा सुशासन युक्त पंचायत के निर्माण हेतु अपने बहुमूल्य सुझाव भी प्रस्तुत किए।कार्यक्रम के दौरान सभी पंचायतों के मुखिया द्वारा पंचायत क्षेत्र में अब तक संपादित विकास कार्यों का विस्तृत प्रतिवेदन ग्राम सभा के समक्ष प्रस्तुत किया गया। साथ ही पंचायत में संचालित विकास योजनाओं की प्रगति, भावी कार्ययोजना तथा जनहित से जुड़े प्रस्तावित विकास कार्यों की भी विस्तारपूर्वक जानकारी ग्रामीणों को दी गई। इस अवसर पर जिले की सभी पंचायतों में आयोजित पंचायत विकास दिवस कार्यक्रम के दौरान माननीय प्रधानमंत्री के मासिक रेडियो कार्यक्रम "मन की बात" का सामूहिक लाइव प्रसारण भी किया गया। कार्यक्रम को जनप्रतिनिधियों, पंचायत प्रतिनिधियों, पदाधिकारियों एवं बड़ी संख्या में उपस्थित ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक सुना।

# आरटीई की नौ साल की बकाया प्रतिपूर्ति राशि का भुगतान करे सरकार : प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** प्राइवेट स्कूल एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन, नवादा की बैठक फ्रंटलाइन पब्लिक स्कूल, न्यू एरिया, नवादा में जिलाध्यक्ष प्रो. विजय कुमार की अध्यक्षता में हुई। बैठक में संगठन की मजबूती, निजी विद्यालयों की समस्याओं और आरटीई के तहत मिलने वाली प्रतिपूर्ति राशि समेत विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। महासचिव धर्मेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि सबसे पहले संगठन को मजबूत करने की आवश्यकता है। संगठन की धार तेज करने के लिए प्रखंड स्तर पर अभियान चलाकर सभी निजी विद्यालयों को एकजुट किया जाएगा। इसके बाद जिला शिक्षा कार्यालय की कार्यप्रणाली को लेकर भी आवाज उठाई जाएगी। सचिव सर्वेश कुमार ने कहा कि एकता में ही बल है। निजी विद्यालयों की चट्टानी एकता जिला शिक्षा कार्यालय को सही दिशा में कार्य करने के लिए मजबूर करेगी।

सचिव मनोज कुमार मिश्रा ने कहा कि सभी निजी विद्यालयों को एकजुट होकर अपनी समस्याओं के समाधान के लिए आगे आना होगा। उन्होंने आरटीई की प्रतिपूर्ति राशि का भुगतान नहीं होने पर चिंता जताई। उपाध्यक्ष श्रीवास ने कहा कि निजी विद्यालयों को विभिन्न पोर्टलों पर कार्य देकर अनावश्यक रूप से परेशान किया जा रहा है, जिससे विद्यालयों के शैक्षणिक कार्य प्रभावित होते हैं।

जिलाध्यक्ष प्रो. विजय कुमार ने कहा कि किसी भी परिस्थिति में आरटीई के पिछले नौ वर्षों की बकाया प्रतिपूर्ति राशि लेकर रहेंगे। इस संबंध में जिला शिक्षा पदाधिकारी से लेकर प्रधानमंत्री तक लिखित आवेदन दिया गया है। उन्होंने कहा कि प्रतिपूर्ति राशि का भुगतान नहीं होने से छोटे निजी विद्यालय आर्थिक संकट में हैं। गरीब परिवारों के बच्चे बड़ी संख्या में इन्हीं विद्यालयों में पढ़ते हैं। उन्होंने सरकार से जल्द बकाया राशि का भुगतान करने की मांग की। साथ ही चेतावनी दी कि समस्या का समाधान नहीं हुआ तो अगले सत्र से निजी विद्यालय आरटीई के तहत गरीब बच्चों का नामांकन लेने पर पुनर्विचार करने को मजबूर होंगे।

बैठक में शिव शंकर प्रसाद, शशि भूषण पांडे, वीरेंद्र कुमार, शमशेर आलम, अल्ताफ आलम, अभिषेक कुमार, महेंद्र कुमार, ब्रजेश कुमार, सतीश कुमार, बंटी कुमार सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## ट्रक की रस्सी टूटने से उपचालक घायल,अस्पताल में भर्ती

**रजौली।** रजौली थाना क्षेत्र के तारगीर गांव में ट्रक पर धान लोड करने के दौरान रस्सी टूटने से एक उपचालक गम्भीर रूप से घायल हो गया। घायल उपचालक को स्थानीय लोगों के सहयोग से इलाज हेतु अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल में ड्यूटी में रहे चिकित्सक डॉ. गुलाम अनीश ने बताया कि घायल की पहचान कोडरमा जिले के तिलैया निवासी रामवृक्ष चौहान के पुत्र सोनू कुमार के रूप में हुई है। घायल के सिर फट गया था,जिसका प्राथमिक इलाज कर जरूरी सुई व दवाइयां दी गई है। वहीं घायल सोनू ने बताया कि वह ट्रक पर धान लोड करके तिरपाल बांध रहे थे। इसी बीच रस्सी टूट जाने से वह जमीन पर गिर पड़ा और सिर फट गया। घायल का इलाज अस्पताल में चिकित्सक की निगरानी में चल रहा है।



## चूहा मारने की दवाई खाने से युवक गम्भीर, रेफर

**रजौली।** रजौली थाना क्षेत्र के ढाब गांव में एक युवक ने घरेलू कलह में गुस्से में आकर चूहा मारने की दवाई खा ली। दवाई खाने के बाद युवक की स्थिति गंभीर हो गई। घायल युवक को परिजनों के सहयोग से इलाज हेतु अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल में ड्यूटी में रहे चिकित्सक डॉ. श्याम नंदन प्रसाद एवं डॉ. गुलाम अनीश ने बताया कि पॉइजनिंग से ग्रसित युवक की पहचान श्याम सुंदर यादव के पुत्र सुजीत कुमार के रूप में हुई है। सुजीत को नमक पानी पिलाकर उल्टियां करवाई गई है। साथ ही आवश्यक सुई के साथ स्लाइन करवा गया। चिकित्सक के अनुसार युवक की स्थिति में सुधार नहीं होने के कारण उसे बेहतर इलाज हेतु नवादा सदर अस्पताल रेफर किया गया है। अस्पताल परिसर में इलाज के दौरान दर्जनों परिजन मौजूद रहे। सभी युवक के जल्द से ठीक होने की कामना करते नजर आये।

# भूमि विवाद में मारपीट के मुख्य आरोपित गिरफ्तार

## थानाध्यक्ष के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपित दबोचा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** रजौली थाना क्षेत्र के जोगनी गांव में जमीन विवाद को लेकर हुए खूनी संघर्ष के दर्ज मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए रजौली थाना कांड संख्या 371/26 के मुख्य आरोपी जोगनी गांव निवासी मुन्ना यादव के पुत्र कौशल यादव को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है, जिसकी पुष्टि थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर रणजीत कुमार ने की है। थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर ने बताया कि पूरा मामला जोगनी गांव निवासी कैलाश यादव के पुत्र सुबोध यादव द्वारा दर्ज कराए गए आवेदन से जुड़ा है, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया था कि गत 10 जुलाई 2026 की दोपहर करीब डेढ़ बजे आरोपी कौशल यादव ने जमीन के विवाद को लेकर उन्हें गालियां दीं और विरोध करने पर लोहे की रॉड से हमला कर उनका सिर फोड़ दिया, जिससे वे बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़े और इस दौरान उनकी छह आना सोने की तबीज भी छीन ली गई, जिसके बाद उनकी पत्नी ममता देवी द्वारा उन्हें इलाज के लिए रजौली सदर अस्पताल और फिर नवादा सदर अस्पताल ले जाया गया, और इसी मामले में पुलिस ने नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई पूरी करते हुए न्यायिक हिरासत में भेज दिया।




# कौआकोल की विभिन्न पंचायतों में पंचायत विकास दिवस का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** प्रखण्ड के कौआकोल पंचायत सहित विभिन्न पंचायतों में रविवार को पंचायत विकास दिवस का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता मुखिया नीभा कुमारी ने की। इस अवसर पर आयोजित ग्राम सभा में ग्राम पंचायत विकास योजना (जीपीडीपी), राशन कार्ड सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में योग्य लाभुकों से राशन कार्ड हेतु निर्धारित प्रपत्र भरकर आवश्यक दस्तावेजों के साथ पंचायत कार्यालय में जमा करने की अपील की गई, ताकि उन्हें समय पर योजना का लाभ मिल सके। ग्राम सभा में पंचायत के समग्र एवं गुणवत्तापूर्ण विकास कार्यों को ग्राम पंचायत विकास योजना (जीपीडीपी) के अनुसार प्राथमिकता के आधार पर संचालित करने का निर्णय लिया गया। साथ ही ग्रामीणों से पंचायत के विकास कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया गया। मौके पर पंचायत सचिव सुजीत चौधरी, रोजगार सेवक वरुण कुमार,कार्यपालक सहायक ब्यूटी कुमारी, स्वच्छता पर्यवेक्षक सन्तोष कुमार आदि मौजूद थे।



## परिजनों को 4-4 लाख रुपये की मुआवजा राशि देने का आश्वासन

**नारदीगंज,नवादा।** थाना क्षेत्र स्थित डोहरा पंचायत के सांगोवर गांव में बीते शुक्रवार को वज्रपात गिरने से 4 लोगों की मौत हो गई, जबकि 2 लोग घायल हो गए। शनिवार को दोपहर के बाद बीडीओ सोनिया ढनढनिया, बीएओ विवेक कुमार गौरव, मुखिया रेखा देवी ,समाजसेवी दिलीप साव,शिक्षक अवधेश कुमार, श्रवण कुमार और अन्य ने पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर गहरा दुख व्यक्त किया। बीडीओ ने कबीर अंत्येष्टि व पारिवारिक लाभ के अलावा आपदा प्रबंधन कोष से मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख रुपये की मुआवजा राशि देने का आश्वासन दिया। साथ ही, अनुसूचित टोले में पात्र ग्रामीणों का नया राशन कार्ड बनवाने के लिए शिक्षक श्रवण कुमार को अधिकृत किया गया।

# बिजली की लचर आपूर्ति से पेयजल संकट गहराया

**कौआकोल/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड क्षेत्र में पिछले कई दिनों से बिजली की अनियमित आपूर्ति के कारण जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो गया है। बिजली की लगातार आंखमिचौली से बाजार से लेकर ग्रामीण इलाकों तक के उपभोक्ताओं में भारी नाराजगी है। सबसे अधिक परेशानी पेयजल संकट को लेकर हो रही है। कम बारिश के कारण जहां अधिकांश चापाकल पानी देना बंद कर चुके हैं,वहीं पर्याप्त बिजली नहीं मिलने से सबमर्सिबल और पंपिंग सेट भी नहीं चल पा रहे हैं। परिणामस्वरूप लोग बूंद-बूंद पानी के लिए परेशान हैं। ग्रामीणों का कहना है कि सुबह से शाम तक लोग बिजली आने का इंतजार करते हैं। जैसे ही बिजली आती है,लोग पानी भरने के लिए पंपिंग सेटों की ओर दौड़ पड़ते हैं। लेकिन कई बार पंप तक पहुंचते ही बिजली फिर कट जाती है, जिससे घंटों इंतजार के बाद भी लोगों को बिना पानी के लौटना पड़ता है। स्थानीय लोगों के अनुसार पिछले कई दिनों से 24 घंटे में महज चार से पांच घंटे ही बिजली मिल रही है। वह भी लगातार नहीं,बल्कि दस मिनट, आधा घंटे या कुछ देर बाद ही आपूर्ति बाधित हो जाती है।इसके अलावा लो-वोल्टेज की समस्या अलग है,जिससे न तो समरसेबल चल पाते हैं और न ही पंखे ठीक से काम करते हैं। उमस भरी गर्मी में लोगों की रातें भी जागकर कट रही हैं। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और विद्युत विभाग से कौआकोल एवं पाली फीडर की बिजली व्यवस्था में शीघ्र सुधार कराने की मांग की है। साथ ही नवादा के जिलाधिकारी से हस्तक्षेप कर नियमित और निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की अपील की है,ताकि पेयजल संकट से लोगों को राहत मिल सके।

# मॉडर्न इंटरनेशनल स्कूल में शिक्षक-अभिभावक संगोष्ठी, बच्चों के सर्वांगीण विकास पर जोर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिसुआ (नवादा)।** मॉडर्न इंटरनेशनल स्कूल, हिसुआ के बहुउद्देशीय सभागार में रविवार को शिक्षक-अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम दो सत्रों में संपन्न हुआ। पहले सत्र में नर्सरी से कक्षा पांच तक तथा दूसरे सत्र में कक्षा छह से दस तक के विद्यार्थियों के अभिभावकों ने भाग लिया। अभिभावकों की लगभग शत-प्रतिशत उपस्थिति से विद्यालय परिसर में उत्साह का माहौल रहा। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए मॉडर्न शैक्षणिक समूह के निदेशक डॉ. अनुज सिंह ने कहा कि विद्यार्थी, शिक्षक और अभिभावक के बीच बेहतर समन्वय ही बच्चों के सर्वांगीण विकास की आधारशिला है। उन्होंने बच्चों में बढ़ती मोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की लत पर चिंता व्यक्त करते हुए अभिभावकों से इनके अनावश्यक उपयोग पर नियंत्रण रखने की अपील की।



## कनीय अभियंता से मारपीट, प्राथमिकी

**नारदीगंज,नवादा।** थाना क्षेत्र के हड़िया गांव में बिजली आपूर्ति विवाद को लेकर उग्र ग्रामीणों ने बिजली कर्मियों को बंधक बना लिया। सूचना पर पहुंचे कनीय अभियंता नवीन कुमार सिंह के साथ ग्रामीणों ने मारपीट की, जिससे वे जख्मी हो गए। उनका इलाज सीएचसी में कराया गया। घटना शनिवार को पांच बजे शाम की है। दरअसल, तकनीकी खराबी के कारण नारदीगंज उपकेंद्र से बिजली जोड़ने पर ग्रामीण भड़क गए और राजगीर ग्रिड से ही आपूर्ति बहाल करने की मांग करने लगे। बाद में रजौली कार्यपालक अभियंता सुनील कुमार की पहल पर हंड़िया गांव के अलावा पूर्व से राजगीर ग्रिड से जुड़े कई गांवों को बिजली आपूर्ति राजगीर ग्रिड से शुरू की गई, तब मामला शांत हुआ। पुरुषोत्तम मास मेले के कारण राजगीर से आपूर्ति रोकी गई थी। थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि कनीय अभियंता की शिकायत पर 10 नामजद और अज्ञात लोगों पर मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# गया के छोटकी नवादा में सूने घर से छह लाख की चोरी

## बर्थडे पार्टी के शोर का फायदा उठाने की आशंका

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** शहर के डेल्हा थाना क्षेत्र के छोटकी नवादा मोहल्ले में सूने घर को निशाना बनाकर चोरों ने करीब छह लाख रुपये मूल्य की नकदी, आभूषण और अन्य सामान की चोरी कर ली। घटना 24 जुलाई की बताई जा रही है। पीड़ित ने 26 जुलाई को डेल्हा थाना में लिखित आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज करने, चोरी गए सामान की बरामदगी और दोषियों की गिरफ्तारी की मांग की है। पीड़ित विशाल कुमार, जो साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड (एसबीपीडीसीएल) में परिचारी के पद पर कार्यरत हैं, ने बताया कि घटना वाली रात वह अपने परिवार के साथ डेल्हा स्थित अपने ससुराल गए हुए थे। घर में उस समय कोई मौजूद नहीं था। परिवार में पति-पत्नी और उनकी बहन रहते हैं। लौटने पर घर का ताला टूटा मिला और अंदर का सामान बिखरा पड़ा था। पीड़ित परिवार के अनुसार जिस रात चोरी हुई उसी रात पड़ोस के एक घर में जन्मदिन की पार्टी चल रही थी जहां तेज आवाज में डीजे बज रहा था। आशंका है कि चोरों ने इसी शोर का फायदा उठाकर वारदात को अंजाम दिया जिससे आसपास के लोगों को कोई आहट नहीं मिली। थाने में दिए गए आवेदन के अनुसार चोर घर से सोने के आभूषण, चांदी के सामान, नकद रुपये, लैपटॉप, गैस सिलेंडर, पीतल के बर्तन, कपड़े तथा सर्दियों के वस्त्र चोरी कर ले गए। चोरी गए सामान की अनुमानित कीमत करीब छह लाख रुपये बताई गई है। विशाल कुमार ने अपने आवेदन में एक पड़ोसी पर संदेह भी जताया है और पुलिस से निष्पक्ष जांच कर विधिसम्मत कार्रवाई की मांग की है। हालांकि, पुलिस ने स्पष्ट किया है कि जांच पूरी होने तक किसी भी व्यक्ति की संलिप्तता की आधिकारिक पुष्टि नहीं की जा सकती। डेल्हा थाना पुलिस आवेदन के आधार पर मामले की जांच में जुट गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में हाल के दिनों में चोरी की घटनाएं बढ़ी है जिससे लोगों में चिंता है और रात्रि गश्त बढ़ाने की मांग भी तेज हो गई है।

## जागरूकता सप्ताह का समापन, एसडीएम ने छात्राओं को किया प्रेरित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खिजरसराय।** स्थानीय उत्क्रमित उच्च बालिका विद्यालय में 18 से 25 जुलाई तक चले बाल श्रम, मानव तस्करी, बंधुआ मजदूरी एवं बाल विवाह उन्मूलन जागरूकता सप्ताह का समापन शनिवार को हो गया। मुख्य अतिथि एसडीएम केशव आनंद ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि संघर्ष ही सफलता की पहली सीढ़ी है और इसी विद्यालय से पढ़कर बच्चे भविष्य में आईएएस-आईपीएस जैसे उच्च पदों तक पहुंच सकते हैं।

कार्यक्रम में सीडीपीओ मोना, सेंटर डायरेक्ट कवच परियोजना के प्रखंड समन्वयक गौतम कुमार, विद्यालय के प्रधानाचार्य परमाणु कुमार, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी सेविकाएं उपस्थित रहीं।

## गया जंक्शन पर रेलवे सुरक्षा बल की सतर्कता से बची यात्री की जान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गया।** पूर्व मध्य रेलवे के डीडीयू मंडल अंतर्गत गया रेलवे स्टेशन पर रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के जवानों ने तत्परता और सूझबूझ का परिचय देते हुए चलती ट्रेन से उतरने के दौरान गिर रहे एक यात्री की जान बचा ली। यह कार्रवाई ऑपरेशन जीवन रक्षा के तहत की गई। जानकारी के अनुसार, रविवार सुबह करीब 9:35 बजे प्लेटफॉर्म संख्या-1 पर गाड़ी संख्या 13305 धनबाद-सासाराम इंटरसिटी एक्सप्रेस निर्धारित ठहराव के बाद रवाना हो रही थी। इसी दौरान 56 वर्षीय रवि कुमार, पिता दद्दू प्रसाद, निवासी सिवान (बिहार), चलती ट्रेन से उतरने का प्रयास कर रहे थे। इस दौरान उनका संतुलन बिगड़ गया और वह प्लेटफॉर्म तथा ट्रेन के बीच बने गैप में गिरने वाले थे। उसी समय प्लेटफॉर्म पर आपराधिक एवं संदिग्ध गतिविधियों की निगरानी के लिए सादे लिबास में तैनात रेलवे सुरक्षा बल के सहायक उप निरीक्षक पवन कुमार, प्रधान आरक्षी वशिष्ठ यादव और आरक्षी राकेश कुमार सिंह ने तत्काल दौड़कर यात्री को गैप में गिरने से पहले ही सुरक्षित बाहर खींच लिया। जवानों की त्वरित कार्रवाई से एक बड़ा हादसा टल गया। रेलवे के अनुसार बचाए गए यात्री के पास पहाड़पुर से गया तक का टिकट संख्या एआरसी 74185766 था। घटना के बाद रेलवे सुरक्षा बल गया ने यात्रियों से अपील की कि चलती ट्रेन में चढ़ने या उतरने का प्रयास न करें। यात्रियों को हमेशा ट्रेन के पूरी तरह रुकने के बाद ही चढ़ना और उतरना चाहिए, ताकि दुर्घटनाओं से बचा जा सके। रेलवे सुरक्षा बल गया ने ऑपरेशन जीवन रक्षा के तहत सहायक उप निरीक्षक पवन कुमार, प्रधान आरक्षी वशिष्ठ यादव और आरक्षी राकेश कुमार सिंह की सतर्कता, त्वरित कार्रवाई और साहस की सराहना करते हुए इसे यात्रियों की सुरक्षा के प्रति बल की प्रतिबद्धता का उत्कृष्ट उदाहरण बताया।

# 80 लाख की लागत से बना गुरुकुल आश्रम सह सरस्वती धाम छात्रावास

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**इमामगंज।** गयाजी जिले के नक्सल प्रभावित एवं सुदूरवर्ती बांकेबाजार प्रखंड के तरवापहरी गांव में शिक्षा के क्षेत्र में एक नया अध्याय जुड़ गया है। कभी जिस इलाके में नक्सलियों के लाल सलाम की गूंज, बंदूकों की गरज और बम धमाकों की आवाजें सुनाई देती थीं, आज उसी धरती पर बच्चों की किलकारियां और शिक्षा की अलख गूंज रही है। जंगल की तराई में बसे इस गांव में 80 लाख रुपए की लागत से निर्मित श्याम गुरुकुल आश्रम सह सुरती सरस्वती धाम छात्रावास का भव्य उद्घाटन किया गया। इस छात्रावास का निर्माण मातुश्री काशीबा हरिभाई गोटी चैरिटेबल ट्रस्ट, सूरत गुजरात के द्वारा कराया गया है जबकि इसके सहयोगी दाता महंत श्री गुरुश्यामलनाथ गुरुबालकनाथ, गांव संघपुर, जिला मेहसाणा गुजरात के हैं। इस अवसर पर वॉटरमैन लौंगी भुइयां, केशुभाई पानसूरिया, जसवंतभाई पटेल (उपप्रमुख, सरदारधाम, अहमदाबाद), पारसभाई परमार (लीडरशिप एंड लाइफस्टाइल कोच, अहमदाबाद) तथा सूरत के धनजी भाई वनानी समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। संस्था द्वारा छात्रावास में बच्चों के लिए निःशुल्क शिक्षा, पाठ्य सामग्री, खेलकूद एवं पौष्टिक भोजन की व्यवस्था की गई है। यहां स्थानीय एवं बाहरी शिक्षकों की मदद से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जाएगी। संस्था का उद्देश्य उन बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ना है जो आज भी शिक्षा की पहुंच से दूर हैं। संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि वर्तमान में 351 सरस्वती धाम निर्माण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है जिसमें 260 का निर्माण पूरा हो चुका है। भविष्य में इस संख्या को बढ़ाकर एक हजार तक ले जाने की योजना है। इमामगंज, डुमरिया एवं बांकेबाजार जैसे सुदूरवर्ती क्षेत्रों में भी करोड़ों रुपये की लागत से ऐसे कई शिक्षा केंद्र स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है। यह इलाका आज भी शिक्षा के मामले में काफी पिछड़ा हुआ है। यहां सरकारी सुविधाओं की सीमित पहुंच के कारण कई बच्चे शिक्षा से वंचित रह जाते हैं। ऐसे में जंगल की तराई में इस गुरुकुल आश्रम का निर्माण न केवल एक भवन का निर्माण है, बल्कि यह शिक्षा, सामाजिक परिवर्तन और नई पीढ़ी के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव है। स्थानीय लोगों का मानना है कि इस पहल से क्षेत्र में शिक्षा की क्रांति आएगी और आने वाले समय में यहां के बच्चे भी देश-दुनिया में अपनी पहचान बनाएंगे। वहीं कार्यक्रम के दौरान नन्हे-मुन्ने बच्चों ने देशभक्ति एवं सांस्कृतिक गीतों पर मनमोहक प्रस्तुतियां देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

# इनर व्हील क्लब ऑफ गया सनराइज का छठा पदस्थापना समारोह संपन्न, मधु प्रिया बनीं अध्यक्ष

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** ज्ञान भारती वर्ल्ड स्कूल के सभागार में रविवार को इनर व्हील क्लब ऑफ गया सनराइज का छठा पदस्थापना समारोह धूमधाम से आयोजित किया गया। समारोह में सत्र 2026-27 के लिए ज्ञान भारती वर्ल्ड स्कूल की प्राचार्या मधु प्रिया ने क्लब की अध्यक्ष के रूप में विधिवत पदभार ग्रहण किया। कार्यक्रम की शुरुआत निवर्तमान अध्यक्ष डॉ. निभा जयन द्वारा अपने कार्यकाल की उपलब्धियों का प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के साथ हुई। इसके बाद उन्होंने मधु प्रिया को कॉलर पहनाकर अध्यक्ष पद का दायित्व सौंपा। वहीं स्नेहा शाही ने सचिव पद की शपथ ली। समारोह में मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों के रूप में पीडीसी रितु डालमिया, पीडीसी अंजना पोद्दार, पीडीसी किरण प्रकाश, पीडीसी गीता अग्रवाल, डॉ. तेजस्वी नंदन, सीजीआर रूबी सिन्हा, इनर व्हील क्लब ऑफ गया की अध्यक्ष आभा सिंह, शुभ्रा गुप्ता तथा आईपीपी डॉ. निभा जयन उपस्थित रहीं। सभी अतिथियों ने नवगठित टीम को बधाई देते हुए पर्यावरण संरक्षण, महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य, मातृत्व एवं शिशु स्वास्थ्य, आर्थिक स्वावलंबन तथा सेवा भावना को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का आह्वान किया। सत्र 2026-27 की नई कार्यकारिणी में अध्यक्ष मधु प्रिया, आईपीपी डॉ. निभा जयन, उपाध्यक्ष डॉ. सादिया सूरी, सचिव स्नेहा शाही, कोषाध्यक्ष स्वाति जैन, संपादक शाजिया हबीब तथा आईएसओ संजना गंगवाल ने पदभार ग्रहण किया। समारोह के दौरान क्लब में पांच नए सदस्यों को सदस्यता प्रदान की गई। सभी नए सदस्यों ने सेवा, मित्रता और अंतरराष्ट्रीय सद्भाव के मूल उद्देश्यों के प्रति समर्पित होकर कार्य करने का संकल्प लिया। अपने संबोधन में मधु प्रिया ने कहा कि क्लब स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक सेवा के क्षेत्र में जनहितकारी परियोजनाओं का प्रभावी संचालन करेगा। वहीं सचिव स्नेहा शाही ने आगामी परियोजनाओं की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए महिलाओं और बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प दोहराया। समारोह में डॉ. तेजस्वी नंदन, डॉ. लवली कुमारी, डॉ. सोनम कुमारी सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

# शेरघाटी प्रखंड अध्यक्ष मनोज मांझी बने सांसद प्रतिनिधि, कार्यकर्ताओं में हर्ष


**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**शेरघाटी।** केंद्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री एवं गया लोकसभा क्षेत्र के सांसद जीतन राम मांझी ने हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (सेक्युलर) के शेरघाटी प्रखंड अध्यक्ष मनोज मांझी को सांसद प्रतिनिधि मनोनीत किया है। इस घोषणा के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई है। मनोज मांझी लंबे समय से शेरघाटी क्षेत्र में संगठन को मजबूत करने के साथ-साथ सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। उनकी नियुक्ति को लेकर समर्थकों ने उन्हें बधाई देते हुए विश्वास जताया कि वे सांसद और आम जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करेंगे तथा क्षेत्र की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ उठाएंगे। मनोनयन की जानकारी मिलते ही शेरघाटी में पार्टी कार्यकर्ताओं ने मनोज मांझी का स्वागत किया और उन्हें फूल-माला पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उपस्थित नेताओं एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने कहा कि मनोज मांझी की सक्रियता और जनसंपर्क क्षमता का लाभ क्षेत्र की जनता को मिलेगा। उन्होंने केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी के प्रति भी आभार व्यक्त करते हुए इस निर्णय का स्वागत किया। नवनियुक्त सांसद प्रतिनिधि मनोज मांझी ने कहा कि पार्टी नेतृत्व ने उन पर जो विश्वास जताया है, उस पर वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि शेरघाटी अनुमंडल की जनसमस्याओं को सांसद और संबंधित अधिकारियों तक प्रभावी ढंग से पहुंचाना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। साथ ही उन्होंने क्षेत्र के विकास, जनकल्याणकारी योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन और आम लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया।

# केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल स्थापना दिवस पर डॉ. प्रेम कुमार ने दी शुभकामनाएं

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल स्थापना दिवस के अवसर पर बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने सभी अधिकारियों, जवानों और उनके परिवारों को बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल देश का एक प्रमुख केंद्रीय पुलिस बल है, जिसे आंतरिक सुरक्षा बनाए रखने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि देश के विभिन्न हिस्सों में शांति, कानून-व्यवस्था और राष्ट्रीय सुरक्षा बनाए रखने में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। उन्होंने बल के साहस, अनुशासन और राष्ट्रसेवा की भावना की सराहना करते हुए जवानों के समर्पण को देश के लिए प्रेरणादायी बताया। उन्होंने कहा कि यह बल 27 जुलाई 1939 को रियासतों के भीतर बढ़ती राजनीतिक उथल-पुथल और अशांति से निपटने के उद्देश्य से क्राउन रिप्रेजेंटेटिव पुलिस के रूप में अस्तित्व में आया था। बाद में 28 दिसंबर 1949 को इसका नाम बदलकर केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल रखा गया।

# गया कॉलेज एनसीसी 3/6 इकाई ने मनाया कारगिल विजय दिवस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**गया।** गया कॉलेज की एनसीसी 3/6 इकाई द्वारा शनिवार को कारगिल विजय दिवस की पूर्व संध्या पर श्रद्धांजलि एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य वर्ष 1999 के कारगिल युद्ध में अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर सैनिकों के अदम्य साहस, शौर्य और सर्वोच्च बलिदान को नमन करना था। कार्यक्रम की शुरुआत शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित कर एवं दो मिनट का मौन रखकर की गई। इस अवसर पर एनसीसी कैडेटों ने राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं सुरक्षा के प्रति सदैव समर्पित रहने की शपथ ली। गया कॉलेज गया जी के प्राचार्य प्रोफेसर सतीश सिंह चंद्र ने अमर शहीदों को याद करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किया। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि जवानों की कुर्बानियों को हमेशा अपने हृदय में बसा कर रखेंगे और अपने भारत के सिर को हमेशा ऊंचा बनाए रखने के लिए कार्य करते रहेंगे। एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डा. संजय तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि कारगिल युद्ध भारत के वीर सैनिकों के अद्वितीय साहस, दृढ़ संकल्प और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक है। उन्होंने कैडेटों से अनुशासन, नेतृत्व और राष्ट्रसेवा की भावना को अपने जीवन का आधार बनाने का आह्वान किया। महाविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग के डॉ. विशाल यादव ने कारगिल के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि देश की रक्षा में सर्वोच्च बलिदान देने वाले सैनिकों का त्याग सदैव देशवासियों के लिए प्रेरणा का स्रोत रहेगा। इस अवसर पर कालेज के वरीय प्रशाखा अधिकारी संतोष सिंह ने भी कैडेटों को संबोधित करते हुए उन्हें राष्ट्रसेवा, अनुशासन एवं कर्तव्यनिष्ठा का संदेश दिया तथा कारगिल के वीर सैनिकों के शौर्य से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में सभी कैडेटों ने राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए देश की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन भारत माता की जय के नारे की गूंज के साथ हुआ।

## बिजली चोरी मामले में कोंच में तीन लोगों पर 42 हजार का जुर्माना, केस दर्ज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच/गया।** बिजली विभाग की टीम ने कोंच थाना क्षेत्र के डबूर टोला स्थित चिरैयां बिगहा गांव में छापेमारी कर बिजली चोरी पकड़ी। कनीय अभियंता, गुरारू संजय चौधरी के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई में 3 उपभोक्ताओं पर कुल 42,285 रुपये का जुर्माना लगाया गया है। विभागीय सूत्रों के अनुसार छापेमारी के दौरान डबूर टोला निवासी लालदेव यादव के घर बिजली का अवैध उपयोग पाया गया। उन पर 18,578 रुपये का जुर्माना लगाया गया। इसी क्रम में ग्राम डबुर के कमलेश यादव पर 6,906 रुपये और शिवजी कुमार पर 16,801 रुपये का जुर्माना किया गया। कनीय अभियंता संजय चौधरी ने बताया कि सभी के खिलाफ बिजली अधिनियम के तहत कोंच थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में बिजली चोरी रोकने के लिए आगे भी इस तरह की जांच लगातार चलती रहेगी।

## उप मुख्य पार्षद सागर कुमार का निधन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** नगर परिषद टिकारी के उप मुख्य पार्षद एवं युवा समाजसेवी सागर कुमार का रविवार को दिल्ली के आईएसबीएल अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। वह 32 वर्ष के थे और पिछले कई महीनों से लीवर की गंभीर बीमारी से जूझ रहे थे। उनके निधन की खबर मिलते ही पूरे टिकारी क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। राजनीतिक, सामाजिक एवं विभिन्न संगठनों से जुड़े लोगों ने इसे क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति बताया।

# नदी में डूबने से किशोर की मौत, परिवार में मचा कोहराम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**शेरघाटी।** गया जिले के शेरघाटी अनुमंडल क्षेत्र में शनिवार को एक दर्दनाक हादसे में 13 वर्षीय किशोर की नदी में डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान सगाही कॉलोनी निवासी हरदयाल पासवान के पुत्र प्रिंस कुमार के रूप में हुई है। घटना के बाद पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई जबकि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार प्रिंस कुमार शनिवार दोपहर करीब दो बजे अपने चार दोस्तों के साथ नदी में नहाने गया था। नहाने के दौरान वह अचानक गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। साथ मौजूद दोस्तों ने उसे बचाने का प्रयास किया तथा शोर मचाया, लेकिन आसपास कोई मदद के लिए नहीं पहुंच सका। घबराए बच्चे डर के कारण घटना की जानकारी तुरंत किसी को नहीं दे सके और अपने-अपने घर लौट गए। शाम तक जब प्रिंस घर नहीं पहुंचा तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। पूछताछ के दौरान दोस्तों ने पूरी घटना बताई। यह सुनते ही परिवार के लोग और ग्रामीण नदी किनारे पहुंचे। सूचना मिलने पर शेरघाटी एवं आमस थाना की पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। स्थानीय गोताखोरों और ग्रामीणों की मदद से नदी में खोजबीन की गई जिसके बाद प्रिंस का शव पानी से बाहर निकाला गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया तथा मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद सगाही कॉलोनी और आसपास के इलाके में मातम का माहौल है। परिजनों का कहना है कि यदि समय रहते घटना की सूचना मिल जाती तो शायद प्रिंस की जान बचाई जा सकती थी। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि बच्चे नदी या अन्य जलाशयों में नहाने जाएं तो उनकी सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाए।

## बाइक की चोरी, थाने में आवेदन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** थाना क्षेत्र के डबूर गांव निवासी राकेश कुमार ने रविवार को अपनी मोटरसाइकिल चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई है। राकेश कुमार, पिता चंद्रिका यादव ने थाने में दिए आवेदन में बताया कि वह अपनी मोटरसाइकिल से खेत देखने गए थे। उन्होंने बाइक अमवां पोखरा के पास खड़ी कर दी थी। खेत का काम निपटाकर जब वे वापस लौटे तो बाइक वहां नहीं मिली। काफी खोजबीन के बाद भी कुछ पता नहीं चला। उन्हें आशंका है कि अज्ञात चोरों ने बाइक चोरी कर ली है। इस संबंध में कोंच थानाध्यक्ष आलोक रंजन ने बताया कि आवेदन प्राप्त कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है और अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

## कारगिल शहीदों के नाम कोई स्मारक नहीं होना आश्चर्यजनक : कांग्रेस



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** 1999 में कारगिल की बर्फीली पहाड़ियों पर पाकिस्तानी घुसपैठियों को खदेड़ने के लिए भारतीय सेना ने अपने अद्भुत साहस से 60 दिनों के अंदर विजय प्राप्त किया था जिसे आज हम भारतीय इसे कारगिल विजय दिवस के रूप में मनाते हैं। आज गयाजी के स्थानीय कोतवाली थाने के समीप स्थित शहीद स्मारक के पास कांग्रेस पार्टी के नेताओं कार्यकर्ताओं ने कारगिल विजय दिवस मनाया तथा इसमें शहीद हुए देश के जांबाज शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उपस्थित नेताओं में बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि विजय कुमार मिट्ठू, पूर्व विधायक मोहम्मद खान अली, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष बाबूलाल प्रसाद सिंह, दामोदर गोस्वामी, शिव कुमार चौरसिया, टिंकू गिरी, मनोज राय, कृष्णा कानू आदि ने शहीदों को सलाम करते हुए कहा कि कारगिल युद्ध में भारतीय सैनिकों ने पाकिस्तानी घुसपैठियों को सबक सिखाने का काम किया था, बर्फीली चोटियों, पहाड़ों पर जो अद्भुत साहस का परिचय भारतीय सैनिकों ने दिया था वो कभी भुला नहीं जा सकता।

# कोंच प्रखण्ड के दर्जनों गांव सड़क विहीन, बारिश में कीचड़ से ग्रामीण बेहाल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कोंच।** प्रखण्ड के दर्जनों गांव आज भी बुनियादी सड़क सुविधा से वंचित हैं। कच्ची गलियों और बिना पीसीसी वाले रास्तों के कारण बरसात में पूरे इलाके में कीचड़ और जलजमाव की समस्या गहरा गई है। लोगों का कहना है कि जनप्रतिनिधियों से कई बार शिकायत के बाद भी अब तक कोई ठोस पहल नहीं हुई। नेवधी गांव के चंदन ने बताया कि विद्यालय जाने वाले मुख्य मार्ग की हालत इतनी खराब है कि बच्चे और शिक्षक हाथों में चप्पल लेकर कीचड़ पार करते हैं। तुलसी बिगहा निवासी अमित यादव के अनुसार गांव की गलियों में हमेशा कीचड़ रहता है जिससे बुजुर्गों और मरीजों को आने-जाने में भारी दिक्कत होती है। ओरानीपर के राजबल्लभ यादव और सोमर बिगहा के सेवक आर्य ने भी गलियों की बदतर स्थिति बताई। बीजहरा के महताब अंसारी और निरंजन ठाकुर ने कहा कि बीजहरा और मठिया गांव की गलियों में इतना पानी भर जाता है कि समझ नहीं आता गली है या पोखरा। इससे स्कूली बच्चों को सबसे ज्यादा परेशानी होती है। मौला बिगहा की गली को लेकर संजीत यादव और कस्तूरी खाप खटनही की समस्या को लेकर अजीत यादव ने आवाज उठाई। चतुरी बिगहा के दिलीप कुमार दिलेर ने नाली की समस्या बताते हुए सहयोग शिविर में आवेदन देने की बात कही। परसावां निवासी प्रेम कुमार ने परसावां-तरारी रोड की जर्जर हालत पर नाराजगी जताई। सिमरा, खैरा, कमल बिगहा, टनकुप्पा, रामपुर, जंगली बिगहा सहित अन्य गांव भी विकास की बाट जोह रहे हैं। ग्रामीणों को उम्मीद है कि प्रशासन और स्थानीय जनप्रतिनिधि जल्द इस समस्या का समाधान करेंगे।

# साईं नाम के जयकारे से गूंज उठा आसमान, वार्षिकोत्सव पर भक्तों ने निकाली साईं की पालकी

## प्रो रणवीर नंदन ने किया नए स्वरूप में सौन्दर्यीकृत एवं जीर्णोद्धारित समाधि भवन एवं प्रार्थना सभागार का लोकार्पण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** घोड़े, डी जे एवं गाजे-बाजे के साथ श्री साईं बाबा की पालकी शोभा यात्रा श्री साईं शिव कृपा मन्दिर, कंकड़बाग परिसर से प्रारंभ होकर कॉलोनी मोड़, चिरैयाटांड ओवरब्रिज, एक्जीविशन रोड, डाक बंगला चौराहा से महावीर मन्दिर, पटना जंक्शन होते हुए वापस साईं मन्दिर पहुंची। अवसर था श्री साईं शिव कृपा मन्दिर न्यास समिति द्वारा श्री साईं शिव कृपा मन्दिर में सत्ताईसवें वार्षिकोत्सव के अवसर पर सर्वप्रथम बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष प्रो रणवीर नंदन के कर कमलों से साईं मंदिर में साईं बाबा के सौन्दर्यीकृत एवं जीर्णोद्धारित समाधि कक्ष एवं प्रार्थना सभागार का लोकार्पण किय गया। उक्त अवसर पर प्रो. रणवीर नंदन ने साईं बाबा की पूजा अर्चना की एवं उनका दर्शन लाभ लिया। दो दिवसीय समारोह की शुरूआत के प्रथम दिन आयोजित भव्य शोभा यात्रा सह साईं रथ यात्रा में बड़ी संख्या में साईं भक्त शामिल हुए। साईं भक्तों ने साई बाबा का रथ जिसमें साई बाबा विराजमान थे को नगर भ्रमण कराया। अलग-अलग टोलियों में लोग ओम साईं राम एवं जय श्री राम का जयकारा लगाते और झूमते-गाते हुए पूरी तरह अनुशासित तरीकेआगे बढ़ते गए। युवाओं और महिलाओं की बड़ी संख्या शोभा यात्रा की रौनक बढ़ा रही थी। न्यास समिति के सचिव राजेश कुमार डब्लू ने कहा कि इतनी बड़ी संख्या में भक्तजनों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर आपसी एकता एवं भाईचारे का मिसाल दिया है। श्री डब्लू ने बताया कि समारोह के दूसरे दिन 27 जुलाई को श्री साईं बाबा की विशेष पूजा अर्चना के साथ-साथ विशाल भंडारा सह महाप्रसाद वितरण का कार्यक्रम मंदिर के बगल में आयोजित है। इस भंडारे में प्रत्येक वर्ष के भांति हजारों की संख्या में श्रद्धालू महाप्रसाद ग्रहण करेंगे। साईं रथ शोभा यात्रा में विशेष रूप से कुम्हरार के विधायक संजय कुमार गुप्ता, साईं शिव कृपा मन्दिर न्यास समिति केअध्यक्ष जस्टिस राधा मोहन प्रसाद, साईं शिव कृपा मन्दिर के संस्थापक अध्यक्ष जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने अपनी उपस्थिति दर्ज करायी तथा वार्षिकोत्सव की शुभकामनाएं दी।

संपादकीय

## विधानसभा का सिकुड़ता सत्र

वो जमाना गया, जब विधानसभा सत्र का खास महत्व, गरिमा और गंभीरता हुआ करती थी। न केवल विधानसभा सदस्य इसको लेकर संजीदा हुआ करते थे, बल्कि मीडिया भी उसे उतनी ही गंभीरता और विस्तार से कवर करता था। लेकिन अब हालात पूरी तरह से बदल गए हैं। इस बार भी मप्र विधानसभा का मानसून सत्र पांच दिन का ही था, लेकिन वह भी तीन दिन में निपट गया। हंगामे के बीच सदन ने अनुपूरक बजट सहित कुल 15 विधेयक पारित किए, जिनमे मुख्य रूप से राज्य में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने तथा मेडिकल यूनिवर्सिटी को दो भागों में बांटना शामिल है। अखिरी दिन नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा दिल्ली में आंदोलन कर रहे छात्रों को कीड़ा कहने पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच भारी नोंक-झोंक हुई। हालांकि बाद में विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने स्पष्ट किया कि कैलाश विजयवर्गीय ने छात्रों को लेकर ऐसे किसी शब्द का उपयोग नहीं किया था। बुधवार को अनुपूरक बजट पर देर रात चली चर्चा के बाद अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने सदन को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया। आखिरी दिन ही 5 पांच संशोधन विधेयक पारित कर दिए गए। जो अन्य महत्वपूर्ण बिल पारित हुए, उनमें भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता संशोधन विधेयक, मध्यप्रदेश निजी विश्वविद्यालय स्थापना एवं संचालन संशोधन विधेयक, मध्यप्रदेश राज एवं ग्राम स्वराज संशोधन विधेयक, मध्यप्रदेश माल और सेवा कर संशोधन विधेयक और मध्यप्रदेश निरसन विधेयक 2026 शामिल हैं। इस सत्र की महत्वपूर्ण उपलब्धि राज्य में यूसीसी बिल का पास होना है। यह संविधान की भावना के अनुसार और भाजपा के राजनीतिक एजेंडे को सूट करने वाला है। विधानसभा में प्रदेश में शिक्षकों की ई-अटेंडेंस का मुददा भी सदन में गूंजा। मंत्री विश्वास सारंग ने स्पष्ट किया कि प्रदेश में 95.5 फीसदी टीचर ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं और जहां भी नेटवर्क की समस्या है, इसके लिए प्रदेश भर से जानकारी बुलाई जा रही है। विस में यूसीसी बिल भी भारी हंगामे के बीच ध्वनि मत से पारित हुआ। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि आज विधानसभा में स्वर्णिम इतिहास लिखा जा रहा है, क्योंकि इस विधेयक के कानून बन जाने के बाद तीन तलाक या हलाला से जुड़े मामले अपराध की श्रेणी में आएंगे, एक से अधिक शादी पर रोक लगेगी, शादी और तलाक दोनों का पंजीयन अनिवार्य होगा तथा विवाहित या अविवाहित माता-पिता के जैविक या उनके द्वारा गोद लिए जाने समेत सभी प्रकार के बच्चों को उत्तराधिकार में समान कानूनी दर्जा मिलेगा। उन्होंने कांग्रेस पर इस विधेयक का विरोध करने का आरोप लगाते हुए कहा कि सिर्फ मुस्लिम तुष्टिकरण के लिए वह ऐसा कर रही है। यादव ने कांग्रेस को आदिवासी विरोधी भी करार दिया और कहा कि इस विधेयक के दायरे से आदिवासी समाज को बाहर रखा गया है। हालांकि नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने बिल का विरोध करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश में अभी समान नागरिक संहिता की कोई जरूरत नहीं है। इसी सत्र के अंतिम दिन सबसे अधिक चर्चा रानी दुर्गावती आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय को लेकर हुई। कांग्रेस ने मेडिकल विश्वविद्यालयों के विस्तार और चिकित्सा शिक्षा की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए सरकार से स्पष्ट जवाब मांगा। कांग्रेस विधायक लखन घनघोरिया ने इसे जबलपुर और महाकौशल क्षेत्र की उपेक्षा तथा मेडिकल विशेषज्ञों का अपमान बताया। जबकि भाजपा विधायकों ने उज्जैन में दूसरी मेडिकल यूनिवर्सिटी खोलने का समर्थन किया। अंतिम दिन सदन ने वित्तीय वर्ष 2026-27 का 7,765.06 करोड़ रुपये का पहला अनुपूरक बजट चर्चा के बाद पारित कर दिया। विधानसभा सत्र छोटा होने का औचित्य बताते हुए मुख्यरमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि छोटा सत्र होने का अर्थ यह नहीं कि काम कम हुआ है। उन्होंने इसकी तुलना हनुमानजी की लंबी छलांग से की।

# अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का रुख भारत से सहयोग का नहीं

**जाहिर है कि अपनी भारत विरोधी सनक के चलते ट्रम्प इस तरह के फैसले ले रहे हैं. आपको याद होगा कि डोनाल्ड ट्रम्प ने अमेरिका में अवैध प्रवासियों के संदर्भ में भारत को धरती का नरक बताया था. भारतीय विदेश मंत्रालय ने इस अपमानजनक टिप्पणी के लिए सख्त विरोध दर्ज कराया था. ईरान और रूस से कच्चे तेल की खरीद पर तो वह पहले ही अपनी नाराजगी प्रदर्शित कर चुका है. अमेरिका की यह विचित्र धौंस है कि डेढ़ सौ करोड़ की आबादी वाला राष्ट्र अपनी मर्जी से ईंधन भी खरीद नहीं सकता. इसके अलावा वे एच -1 बी वीजा नियमों को और सख्त बनाए जाने पर जोर दे चुके हैं. इसका असर सीधे-सीधे भारतीय पेशेवरों पर होने वाला है. यह अलग बात है कि भारतीय पेशेवरों के बिना अमेरिका की आईटी इंडस्ट्री लगभग ठप हो जाएगी. इतिहास गवाह है कि अंग्रेजों ने हमको तब तक लूटा, जब तक हम चुप रहे।**

राजेश बादल

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मानो भारत के विरुद्ध अघोषित जंग छेड़ दी है. यह जंग हथियारों और फौज-फाटे के दम पर नहीं लड़ी जा रही है. स्पष्ट है कि भारत को वैश्विक स्तर पर एक कारोबारी महाशक्ति बनने से रोकने के लिए यह जंग छेड़ी जा रही है और इस मामले में चीन उसका साथ दे रहा है. रूस और भारत के विरुद्ध चीनअमेरिका को अप्रत्यक्ष समर्थन दे रहा है.

अमेरिकी राष्ट्रपति का यह रवैया हिंदुस्तान के लिए चेतावनी भरा संदेश है. गुटनिरपेक्ष आंदोलन के विसर्जित होने के बाद से अब भारत को निर्णायक नीति पर काम करना आवश्यक है. भारतीय विदेश नीति के शिल्पी अपने लिए इसे संकट की घड़ी मान सकते हैं क्योंकि उनके पास विकल्प सीमित हैं. जब पाकिस्तान, बांग्लादेश, म्यांमार और नेपाल जैसे पड़ोसी शत्रु देशों की तरह व्यवहार करने लगें तो रूस, ईरान, अफगानिस्तान और भूटान जैसे मित्र राष्ट्रों के साथ अपने रिश्तों में गहराई और भरोसा बनाए रखना जरूरत बन जाता है.

डोनाल्ड ट्रम्प की नई घोषणा भारतीय दवाओं पर 200 प्रतिशत आयात कर लगाने के बारे में है. जानकारी के मुताबिक हिंदुस्तान के कुल अमेरिकी निर्यात में लगभग 40 फीसदी दवाएं होती हैं. औसतन हर तीसरे अमेरिकी घर में जीवन उपयोगी भारतीय दवाएं उपयोग में ली जाती हैं. दो सौ प्रतिशत आयात शुल्क करने का अर्थ यह है कि आम अमेरिकी अवाम पर दवा का बोझ बेहद बढ़ जाएगा,

जबकि उनकी आमदनी जस की तस है. इलाज भी वहां पहले ही बहुत महंगा है. ऐसे में महंगी चिकित्सा से उनकी जेब पर कितना असर पड़ेगा, कहा नहीं जा सकता. कुछ समय बाद अमेरिका में मध्यावधि चुनाव होने वाले हैं और ट्रम्प को इनमें करारा झटका लगने वाला है, यह छिपा हुआ तथ्य नहीं है. लेकिन जब भारत को नुकसान पहुंचाने की मंशा हो तो ट्रम्प शायद यह झटका स्वीकार करने के लिए भी तैयार होंगे.

ट्रम्प प्रशासन यह तर्क दे रहा है कि दवा कंपनियां अमेरिका में ही जीवनोपयोगी दवाओं का निर्माण करें. पर, यह व्यावहारिक रूप से असंभव दिखता है. अमेरिका के कानून को देखते हुए दवा उत्पादन की एक नई इकाई



लगाना वहां टेढ़ी खीर है. यहां तक कि अमेरिका अपने मुल्क के लिए शून्य विक्रयकर कर दे (जो कि संभव नहीं है) तो भी भारतीय दवाओं से वे सस्ती नहीं होंगी.

एक ही उदाहरण पर्याप्त होगा कि अमेरिका में मानव श्रम भारत की तुलना में कई गुना महंगा है. सिर्फ इसी वजह से लागत मूल्य बढ़ जाएगा. इसके अलावा संसार में दवाओं के लिए रॉ मटेरियल चीन और भारत में सर्वाधिक मिलता है. चीन से भारत लाने में ट्रांसपोर्ट शुल्क न्यून है, जबकि अमेरिका के लिए चीन और भारत से रॉ मटेरियल आयात करना अपेक्षाकृत महंगा होगा.

जाहिर है कि अपनी भारत विरोधी सनक के चलते ट्रम्प इस तरह के फैसले ले रहे हैं. आपको याद होगा कि डोनाल्ड ट्रम्प ने अमेरिका में अवैध प्रवासियों के संदर्भ में भारत को धरती का नरक बताया था. भारतीय विदेश मंत्रालय ने इस अपमानजनक टिप्पणी के लिए सख्त विरोध दर्ज कराया था. ईरान और रूस से कच्चे तेल की खरीद पर तो वह पहले ही अपनी नाराजगी प्रदर्शित कर चुका है.


अमेरिका की यह विचित्र धौंस है कि डेढ़ सौ करोड़ की आबादी वाला राष्ट्र अपनी मर्जी से ईंधन भी खरीद नहीं सकता. इसके अलावा वे एच -1 बी वीजा नियमों को और सख्त बनाए जाने पर जोर दे चुके हैं. इसका असर सीधे-सीधे भारतीय पेशेवरों पर होने वाला है. यह अलग बात है कि भारतीय पेशेवरों के बिना अमेरिका की आईटी इंडस्ट्री लगभग ठप हो जाएगी. इतिहास गवाह है कि अंग्रेजों ने हमको तब तक लूटा, जब तक हम चुप रहे. जैसे ही भारत ने गोरी हुकूमत के खिलाफ आवाज उठाई तो उन्हें देश से जाना पड़ा. क्या अमेरिका भारतीय नक्शे में अपनी कारोबारी उपस्थिति का सफाया चाहता है ? चंद रोज पहले अमेरिका ने ईरान में भारत की ओर से बनाए गए चाबहार बंदरगाह को हमले में नष्ट कर दिया.ईरान में इस बंदरगाह के लिए भारत पांच दशकों से प्रयास कर रहा था. चीन ने पाकिस्तान में ग्वादर बंदरगाह बनाया. दोनों मुल्कों का मकसद उससे भारत को घेरना है. गुजरात प्रदेश ग्वादर से करीब है. इसलिए ग्वादर के पीछे ईरान में चाबहार बंदरगाह बनाने में भारत की मंशा घेराबंदी की रणनीति को नाकाम करने की थी, लेकिन चाबहार पर हमले से भारत को रणनीतिक रूप से भारी क्षति हुई है.

व्यापार चटक गया, सो अलग. हिंदुस्तान की तरफ से इसका तीव्र प्रतिरोध आवश्यक था. डोनाल्ड ट्रम्प के दबाव में संसार का सबसे पुराना और एक विराट देश क्यों आए? चाबहार को क्षति से स्पष्ट हो गया है कि अमेरिका एशिया में पाकिस्तान और चीन के साथ गठजोड़ का एक नया संस्करण तैयार करना चाहता है.

वह भारत, रूस, अफगानिस्तान और ईरान जैसे राष्ट्रों को रिश्ते की एक डोर में बंधा नहीं देखना चाहता. पाकिस्तान तो आधी सदी से उसकी गोद में बैठा हुआ है और अमेरिका भारत के विरोध में जब-तब उसका इस्तेमाल करता रहा है. अमेरिका के लिए पाकिस्तान एक ऐसा बच्चा है ,जिसे वह कभी-कभार लॉलीपॉप देकर संतुष्ट कर देता है. अब ईरान के साथ मध्यस्थता कराने के नाम पर (जो नाकाम रही है) पाकिस्तान ने अमेरिका से 96000 करोड़ रुपए की भीख मांगी है. अमेरिका उसकी मदद कर भी देगा, क्योंकि उसका अघोषित सैनिक अड्डा पाकिस्तान में चलता रहेगा. इमरान खान इसके विरोधी थे इसलिए उन्हें सत्ता से हटवाया गया. बांग्लादेश में भी अमेरिका ने यही किया. अब भारत उसके निशाने पर है.

अध्यात्म

## सफलता केवल ज्ञान से नहीं, बल्कि अपनी बुराइयों पर विजय पाने से मिलती है



एक दिन महावीर स्वामी अपने शिष्यों के साथ बैठे थे। शिष्यों ने जीवन के बारे में प्रश्न पूछे। एक शिष्य ने पूछा, 'स्वामी जी, ऐसा क्या है जिससे कोई व्यक्ति बर्बाद हो सकता है? ' महावीर स्वामी मुस्कुराए और सभी शिष्यों से जवाब मांगने लगे। शिष्यों ने कहा, 'अहंकार, कामवासना, लालच और क्रोध जैसी बुराइयां हमें बर्बाद कर देती हैं। ' स्वामी जी ने सबकी बातें ध्यान से सुनी और फिर एक कमंडल उठाया। उन्होंने पूछा, 'अगर हम इसे नदी में छोड़ दें तो क्या ये डूब जाएगा? ' शिष्यों ने कहा, 'अगर कमंडल का आकार सही है तो यह डूबेगा नहीं। ' स्वामी जी ने फिर पूछा, 'अगर इसमें एक छोटा सा छेद हो जाए तो क्या होगा? ' शिष्यों ने उत्तर दिया, 'छेद के कारण कमंडल डूब जाएगा। अगर छेद छोटा होगा तो धीरे-धीरे और बड़ा होगा तो जल्दी डूब जाएगा। ' महावीर स्वामी ने समझाया, 'देखो, हमारा शरीर भी इस कमंडल की तरह है और बुराइयां उसमें छेद की तरह हैं। छोटी सी भी बुरी आदत, चाहे वह कामवासना, क्रोध, अहंकार, मोह, लालच, नशा या ईर्ष्या हो, हमारे जीवन को डुबो सकती है। जैसे कमंडल का छोटा छेद भी उसे डुबो देता है, वैसे ही छोटी बुराई भी व्यक्ति को बर्बाद कर सकती है। इसलिए जीवन में आने वाली हर बुराई को तुरंत छोड़ना चाहिए। जो व्यक्ति अपनी आदतों को नियंत्रित करता है और बुराइयों से दूर रहता है, वही सच्चा सुख पा सकता है। ' महावीर स्वामी के इस उदाहरण से सभी शिष्यों ने समझा कि जीवन में सफलता केवल ज्ञान से नहीं, बल्कि अपनी बुराइयों पर विजय पाने से मिलती है।

**सीखः** क्रोध, लालच और मोह को नियंत्रित करना सीखें। ध्यान, प्रार्थना, योग और अध्ययन से मन शांत होता है। नशा, झूठ, अहंकार जैसी आदतें भी समय से पहले रोकें। अच्छे और विद्वान लोगों के साथ समय बिताएं। नकारात्मक भावनाओं को पोषण न दें, विचारों में सकारात्मकता बनाए रखें। रोज अपने कामों और आदतों की समीक्षा करें। जो बातें गलत हैं, उन्हें सुधारें। बुरी आदतें तुरंत नहीं जातीं, लेकिन नियमित प्रयास से बुरी आदतों को छोड़ा जा सकता है।

# आखिर शब्द ही क्यों बनते हैं इंसान की सबसे बड़ी विरासत?

लिखना इस विश्वास के साथ हो कि शब्द संसार को तुरंत नहीं, पर गहराई से बदल सकते हैं। वे क्रांतियों का उद्घोष नहीं करते, लेकिन चेतना की शांत धरती में परिवर्तन के बीज अवश्य बोते हैं। एक कविता किसी निराश आत्मा में आशा जगा सकती है, एक कहानी किसी मनुष्य को अधिक करुणाशील बना सकती है और एक विचार किसी पीढ़ी की दिशा बदल सकता है। आखिर 'डेथ क्लीनिंग' यह समझाता है कि मनुष्य की सबसे बड़ी विरासत उसकी वस्तुएं नहीं, उसके विचार होते हैं। अलमारियों में रखी वस्तुएं समय के साथ नष्ट हो जाती हैं, संपत्ति विभाजित हो जाती है, उपलब्धियां धूमिल पड़ जाती हैं, लेकिन विचार, शब्द और मानवीय संवेदनाएं पीढ़ियों तक जीवित रह सकती हैं। जाहिर है, लिखना इसलिए कि समय के कोलाहल में सत्य की धीमी आवाज सुनाई देती रहे, ताकि बाजार के शोर में संवेदना का संगीत जीवित रहे, ताकि सत्ता के वैभव के सामने विवेक का दीप बुझने न पाए।

विजय सिंह अधिकारी

कोई भी लेखक क्यों लिखता है? यह प्रश्न किसी भी लेखक के सामने बार-बार उसी प्रकार उपस्थित होता है, जैसे कोई दीपक स्वयं जलकर भी बिना किसी स्वार्थ के दूसरों को प्रकाश देता है। लेखक अपने अनुभवों, संवेदनाओं, संघर्षों और विचारों को शब्दों में ढालकर केवल स्वयं को अभिव्यक्त नहीं करता, बल्कि दूसरों के जीवन में भी चिंतन और प्रकाश की एक छोटी-सी किरण पहुंचाने का प्रयास करता है।

स्वीडन की एक रोचक परंपरा 'डेथ क्लीनिंग' का मूल भाव यह है कि व्यक्ति अपने जीवन के अंतिम वर्षों में अनावश्यक वस्तुओं को व्यवस्थित कर दे, ताकि उसके जाने के बाद परिवार पर उनका बोझ न पड़े। यह विचार किसी भी संवेदनशील इंसान को भीतर तक झकझोर देता है। हम जीवन भर वस्तुओं, उपलब्धियों और स्मृतियों का संग्रह करते रहते हैं, लेकिन बहुत कम लोग यह सोचते हैं कि आखिर हमारे जाने के बाद वास्तव में क्या शेष रहेगा। क्या हमारी अलमारियां, संपत्ति और संग्रह हमें जीवित रख पाएंगे, या फिर हमारे विचार, शब्द और मूल्य ही हमारी वास्तविक विरासत बनेंगे?

लिखना इसलिए जरूरी है कि जीवन अपने आप में एक अधूरी पांडुलिपि है। मनुष्य जन्म और मृत्यु के मध्य असंख्य अनुभवों, संघर्षों, प्रेम, पीड़ा, आशा और निराशा से होकर गुजरता है। इनमें से अधिकांश समय की धूल में विलीन हो जाते हैं, लेकिन शब्द उन्हें विस्मृति से बचा लेते हैं। साहित्य स्मृति का वह तीर्थ है, जहां बीते हुए समय की धड़कनें सुरक्षित रहती हैं। अगर कबीर आज भी हमारे बीच बोलते प्रतीत होते हैं, प्रेमचंद के किसान आज भी हमारे सामने जीवित खड़े दिखाई देते हैं, तो इसका कारण शब्दों की अमरता है।

जिस प्रकार 'डेथ क्लीनिंग' घर की अनावश्यक वस्तुओं को हटाने की प्रक्रिया है, उसी प्रकार लेखन मन के भीतर जमा अनावश्यक बोझ को व्यवस्थित करने का प्रयास है। मन में संचित पूर्वाग्रह, कटुता, अहंकार, असुरक्षाएं और अनावश्यक प्रतिस्पर्धाएं भी एक प्रकार की मानसिक अव्यवस्था ही हैं। लेखन समय-समय पर अपने भीतर झांकने और इनसे मुक्त होने का अवसर देता है।

मगर आज लेखन के सामने एक गहरी चुनौती खड़ी है। साहित्य का संसार धीरे-धीरे बाजार, लोकप्रियता और तात्कालिक प्रसिद्धि की शक्तियों से घिरता जा रहा है। केवल पारितोषिक, आर्थिक लाभ या किसी राजनीतिक दल की प्रशंसा के लिए लिखना हमारे समय की सबसे बड़ी साहित्यिक विडंबनाओं में से एक बन गया है। लेखक को उसके श्रम का मानदेय मिलना चाहिए, क्योंकि वह उसके बौद्धिक परिश्रम की स्वीकृति है। पर मानदेय प्राप्त करने और केवल धन कमाने के लिए लिखने में उतना ही अंतर है, जितना साधना और व्यापार में होता है।

जब लेखन केवल आर्थिक लाभ का माध्यम बन जाता है, तब शब्द अपनी आत्मा खोने लगते हैं। लेखक सत्य का अन्वेषक न रहकर लोकप्रियता



का अनुगामी बन जाता है। इसी प्रकार जब कलम किसी सत्ता, विचारधारा या राजनीतिक दल की प्रशस्ति का उपकरण बन जाती है, तब साहित्य की नैतिक स्वतंत्रता संकट में पड़ जाती है। लेखक का धर्म किसी सत्ता का प्रवक्ता बनना नहीं, बल्कि अपने समय का सजग, संवेदनशील और निर्भीक साक्षी बनना है।

भारत के स्वतंत्रता आंदोलन के समय अनेक राष्ट्रनायकों ने लेखन को जनजागरण का माध्यम बनाया। उन्होंने लेखनी का सत्ता की प्रशंसा के बजाय समाज की चेतना जगाने के लिए उपयोग किया। उनके शब्दों में साहस, उत्तरदायित्व और भविष्य के प्रति प्रतिबद्धता थी।

आज सोशल मीडिया और डिजिटल माध्यमों ने अभिव्यक्ति को अभूतपूर्व विस्तार दिया है, लेकिन इसके साथ दृश्यता की एक नई भूख भी विकसित हुई है। कई बार पुस्तक से अधिक उसका प्रचार, विचार से अधिक उसका विपणन और साहित्य से अधिक उसकी ब्रांडिंग चर्चा का विषय बन जाती है। ऐसे समय में गहराई की अपेक्षा तात्कालिक लोकप्रियता को महत्त्व मिलने लगता है। लेखन की वास्तविक कला बाहरी और भीतरी संसार के मध्य सामंजस्य स्थापित करने में निहित है। बाहरी संसार में इतिहास, राजनीति, संघर्ष और सामाजिक यथार्थ हैं, जबकि भीतरी संसार में स्मृतियां, संवेदनाएं, स्वप्न, आशंकाएं और आत्ममंथन है। जब कोई लेखक इन दोनों संसारों के मध्य एक जीवंत सेतु निर्मित कर देता है, तभी साहित्य जन्म लेता है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता के इस युग में लेखन का प्रश्न और भी महत्त्वपूर्ण हो गया है। मशीनें भाषा का अनुकरण कर सकती हैं, तथ्यों का संकलन कर सकती हैं और शैली की नकल भी कर सकती हैं, लेकिन वे मानवीय अनुभूति का स्थान नहीं ले सकतीं। साहित्य का मूल स्रोत सूचना नहीं, अनुभूति है। और अनुभूति मनुष्य की सबसे विलक्षण संपदा है।

लिखना इस विश्वास के साथ हो कि शब्द संसार को तुरंत नहीं, पर गहराई से बदल सकते हैं। वे क्रांतियों का उद्घोष नहीं करते, लेकिन चेतना की शांत धरती में परिवर्तन के बीज अवश्य बोते हैं। एक कविता किसी निराश आत्मा में आशा जगा सकती है, एक कहानी किसी मनुष्य को अधिक करुणाशील बना सकती है और एक विचार किसी पीढ़ी की दिशा बदल सकता है।

आखिर 'डेथ क्लीनिंग' यह समझाता है कि मनुष्य की सबसे बड़ी विरासत उसकी वस्तुएं नहीं, उसके विचार होते हैं। अलमारियों में रखी वस्तुएं समय के साथ नष्ट हो जाती हैं, संपत्ति विभाजित हो जाती है, उपलब्धियां धूमिल पड़ जाती हैं, लेकिन विचार, शब्द और मानवीय संवेदनाएं पीढ़ियों तक जीवित रह सकती हैं। जाहिर है, लिखना इसलिए कि समय के कोलाहल में सत्य की धीमी आवाज सुनाई देती रहे, ताकि बाजार के शोर में संवेदना का संगीत जीवित रहे, ताकि सत्ता के वैभव के सामने विवेक का दीप बुझने न पाए।

आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
कार्यक्षेत्र में नये अवसर मिल सकते हैं। मित्रों के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं। आज परिवारजनों को लेकर थोड़े चिन्तित रहेंगे।

**वृषभ**
स्वास्थ्य को लेकर लापरवाही न करें। मार्केटिंग से जुड़े कार्यों में परेशानी उठानी पड़ेगी। नये कार्यों की योजना बनाना फिलहाल उचित नहीं है।

**मिथुन**
आज घर के कार्यों में आप अत्यधिक रुचि लेंगे। दोस्तों के साथ आप पार्टी के लिये जा सकते हैं। जीवनसाथी के साथ समय बिताने का प्रयास करेंगे।

**कर्क**
आपके विचारों का लोग विरोध कर सकते हैं। अधिकारी आपसे अधिक काम की अपेक्षा रखेंगे। जीवनसाथी के साथ वाद-विवाद न करें।

**सिंह**
आज आप नये कार्यों में रुचि लेंगे। प्रेम विवाह को लेकर जल्दबाजी करने से बचें। पिछले समय से चली आ रही समस्या को लेकर थोड़े परेशान हो सकते हैं।

**कन्या**
पारिवारिक सम्बन्धों को अत्यधिक महत्त्व देंगे। माता के स्वास्थ्य को लेकर लापरवाही न करें। योग और व्यायाम से आपका मन और तन दोनों ही स्वस्थ रहेंगे।

**तुला**
कार्यक्षेत्र में बेहतरीन अवसर प्राप्त होंगे। नये कारोबार में पूँजी-निवेश कर सकते हैं। इस विषय पर मित्रों की सलाह आपको काफी काम आयेगी।

**वृश्चिक**
दूसरों पर एकतरफा विश्वास करने से बचें। दिखावा करने में अचानक खर्च बढ़ सकता है। नजदीकी लोगों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें।

**धनु**
कार्यक्षेत्र में परिवर्तन करने का विचार आयेगा। यदि किसी इन्टरव्यू में सम्मिलित होते हैं, तो सफलता मिलने की प्रबल सम्भावना है। कार्यक्षेत्र में आपके काम को लेकर काफी चर्चा होगी।

**मकर**
भारी वजन उठाने से बचें। आज आप थोड़ा उदास रहेंगे। जीवनसाथी के प्रति मन में अविश्वास उत्पन्न न होने दें।नजदीकी लोगों से भी बातें सोच-समझकर ही करें।

**कुंभ**
आज आप अत्यन्त सकारात्मक और ऊर्जावान महसूस करेंगे। शेयर मार्केट से आपको बड़ा लाभ हो सकता है। आय में निरन्तरता रहेगी।

**मीन**
कार्यक्षेत्र में आप अपना प्रभाव छोड़ पाने में सफल रहेंगे। व्यवसाय में आपको अपनी कार्यशैली पर ध्यान देना होगा। अपने सहकर्मियों पर नाराज हो सकते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### फरार अभियुक्त गिरफ्तार

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जमीन का एग्रीमेंट कर पैसा लेने के बाद रजिस्ट्री नहीं करने के मामले में फरार चल रहे नामजद अभियुक्त राजबल्लभ पासवान को लहसुना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पीड़ित उदय सिंह, पिता स्व. डोमन सिंह, निवासी लहसुना, ने थाने में आवेदन देकर बताया था कि उन्होंने दिनांक 06/12/2021 को शैलेश पासवान से अपने हिस्से की करीब 4 विघा जमीन 9,00,000 रुपये प्रति विघा की दर से एग्रीमेंट किया था। एग्रीमेंट के दिन 4,78,000 रुपये नकद दिए गए थे। अब तक कुल 18,34,000 रुपये का भुगतान किया जा चुका है।उदय सिंह ने बताया कि शेष रकम लेकर 23/08/2022 को रजिस्ट्री कार्यालय मसौढ़ी में चालान भी जमा किया गया था, लेकिन शैलेश पासवान रजिस्ट्री कराने नहीं पहुंचे।

### मोकामा में अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मरांची थाना क्षेत्र के कसहा दियारा में रविवार को पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ सघन छापेमारी अभियान चलाया।इस दौरान मरांची पुलिस ने गंगा किनारे चल रही कई अवैध शराब



की भट्टियों को ध्वस्त कर दिया। मौके से लगभग 2000 लीटर छोवा बरामद किया गया जिसे पुलिस ने वहीं पर विनष्ट कर दिया।छापेमारी की भनक लगते ही शराब तस्कर मौके से फरार हो गए।मराँची थानाध्यक्ष रौशन कुमार ने बताया कि रविवार सुबह से दोपहर तक कसहा दियारा के गंगा किनारे यह अभियान चलाया गया। बड़े-बड़े ड्रम में रखे गए छोवा को बरामद कर नष्ट किया गया है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में अवैध शराब कारोबार के खिलाफ आगे भी इस तरह की कार्रवाई जारी रहेगी।

### ई-रिक्शा से 130 लीटर शराब बरामद, चालक गिरफ्तार

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आपरेशन देशी शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुनपुन थाना पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान 130 लीटर देसी शराब के साथ एक ई-रिक्शा को जब्त किया है। इस मामले में ई-रिक्शा चालक को भी गिरफ्तार किया गया है। थानाध्यक्ष बेबी कुमारी ने



बताया कि ग्राम पैमार घाट के पास संदिग्ध वाहनों की जांच की जा रही थी। इसी दौरान एक ई-रिक्शा को रोककर तलाशी ली गई तो उसमें 130 लीटर अवैध देशी शराब बरामद हुई। गिरफ्तार चालक की पहचान छोटू उर्फ मोहम्मद अयूब अली, 35 वर्ष, पिता मोहम्मद नसरुल हक, निवासी ग्राम दामारिया, थाना गर्दनीबाग, जिला पटना के रूप में हुई है। पुलिस ने ई-रिक्शा और शराब को जब्त कर लिया है। इस संबंध में बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।पुलिस ने कहा कि शराब की तस्करी में शामिल अन्य लोगों की भी पहचान की जा रही है।

### 'टीबी मुक्त भारत' का संदेश लेकर स्कूल पहुंची आरबीएसके टीम

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** टीबी जैसी गंभीर बीमारी की रोकथाम और समय पर इलाज को लेकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मसौढ़ी द्वारा स्कूल स्तर पर जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आरबीएसके की टीम ने मसौढ़ी के कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय सहित कई सरकारी स्कूलों में पहुंचकर छात्राओं को जागरूक किया।कार्यक्रम का नेतृत्व डॉ. आनंद ने किया। चिकित्सा टीम ने छात्राओं को बताया कि टीबी एक संक्रामक रोग है जो मुख्य रूप से फेफड़ों को



प्रभावित करता है। लगातार खांसी, दो सप्ताह से अधिक बुखार, वजन घटना, भूख न लगना और रात में पसीना आना इसके प्रमुख लक्षण हैं।डॉक्टरों ने कहा कि टीबी का इलाज पूरी तरह संभव है, बशर्ते समय पर जांच हो और दवा का पूरा कोर्स लिया जाए। बचाव के लिए भीड़-भाड़ वाली जगहों पर मुंह ढककर खांसना-छींकना, पौष्टिक भोजन और साफ-सफाई जरूरी है।टीम ने छात्राओं से अपील की कि यदि आसपास किसी में ये लक्षण दिखें तो तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जांच कराएं। पोस्टर और पर्चों के माध्यम से टीबी को लेकर फैली भ्रांतियों को दूर करने पर भी जोर दिया गया।स्कूल प्रबंधन ने इस पहल की सराहना की। छात्राओं ने भी लोगों को जागरूक करने का संकल्प लिया।स्वास्थ्य विभाग का उद्देश्य स्कूल स्तर से ही बच्चों को जागरूक कर 'टीबी मुक्त भारत' के लक्ष्य को हासिल करना है।

### दो तस्कर 60 केन बियर के साथ गिरफ्तार

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रविवार तड़के मोकामा में शराब तस्करी का एक बड़ा मामला सामने आया है। गाड़ी संख्या 22587 अमृत भारत एक्सप्रेस को अपराधियों ने मोकामा होम सिग्नल के पास सुबह 2:40 से 2:47 बजे के बीच एसीपी (जंजीर खींचकर) खड़ा कर दिया।घटना की सूचना पर गेट नंबर 50 बी पर तैनात स्टाफ को एसीपी करने वालों को पकड़ने का निर्देश दिया गया। निर्देश के बाद सहायक उप निरीक्षक विवेक कुमार सिंह अपने स्टाफ और जीआरपी थाना प्रभारी नीतीश कुमार अपने दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और ट्रेन को अटेंड किया।जांच के दौरान पुलिस ने देखा कि दो युवक, जिनमें से एक के हाथ में झोला और दूसरे के कंधे पर पिट्ठू बैग टंगा था, ट्रेन से उतरकर



उत्तर दिशा की ओर भाग रहे हैं। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए करीब 200 मीटर तक दौड़ाकर घेराबंदी कर दोनों को लाइन के उत्तर तरफ पकड़ लिया।पूछताछ में दोनों कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। तलाशी लेने पर झोला से 36 अदद और पिट्ठू बैग से 24 अदद, कुल 60 केन बियर बरामद हुई।बरामद कुल शराब की मात्रा 30 लीटर और कुल अनुमानित मूल्य 6600 रुपया है। रेल थानां प्रभारी नीतीश कुमार ने बताया कि पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे यह शराब जसीडीह स्टेशन से ला रहे थे और मोकामा में एसीपी कर उतर जाते हैं।

# पालीगंज में मानव तस्करी व महिला सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान

**अभया ब्रिगेड ने बाजार, चौक-चौराहों और बस स्टैंड पर लोगों को किया जागरूक**





**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कमजोर वर्ग, अपराध अनुसंधान विभाग (बिहार पुलिस) द्वारा चलाए जा रहे 'नया सवेरा' अभियान के तहत मानव तस्करी, महिला एवं बाल सुरक्षा को लेकर पालीगंज में व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व अभया ब्रिगेड की पदाधिकारी एसआई प्रेमलता ने किया। इस दौरान पालीगंज बाजार में पाली पटना बस स्टैंड, रजीपुर बिहटा बस स्टैंड, अरवल बस स्टैंड, पालीगंज स्अस्पताल में तथा देवी स्थान, दुर्गा स्थान सहित नगर बाजार में लोगों को मानव तस्करी, साइबर अपराध, छेड़छाड़ और महिला उत्पीड़न जैसे अपराधों से बचाव के प्रति जागरूक किया गया। महिलाओं, बालिकाओं और बच्चों को सतर्क रहने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत पुलिस को सूचना देने की अपील की गई। एसआई प्रेमलता ने बताया कि बिहार पुलिस की 'पुलिस दीदी टीम-अभया ब्रिगेड' के माध्यम से स्कूलों, कॉलेजों और सार्वजनिक स्थानों पर लगातार जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों में महिलाओं और छात्राओं को उनके कानूनी अधिकार, सुरक्षा के उपाय तथा विभिन्न हेल्पलाइन सेवाओं की जानकारी दी जा रही है। पुलिस ने लोगों से अपील की कि नौकरी, अधिक वेतन या अन्य किसी लालच में आकर अनजान लोगों पर भरोसा न करें। किसी भी आपात स्थिति में महिला हेल्पलाइन 181, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, पुलिस आपातकालीन सेवा 112 तथा साइबर हेल्पलाइन 1930 पर संपर्क करें। पुलिस का कहना है कि जागरूकता, सतर्कता और समय पर सूचना देने से मानव तस्करी एवं महिला अपराधों पर प्रभावी रोक लगाई जा सकती है। इस अवसर पर एसआई दीपक कुमार,महिला एवं पुरुष पुलिस के जवान शामिल थे।

# विजय दिवस पर मातृभूमि के अमर रणबांकुरों को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि



**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कारगिल विजय दिवस की 27वीं वर्षगांठ के अवसर पर बिहार रेजीमेंट केंद्र स्थित वीर स्मृति स्थल पर एक गरिमामय श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के दौरान कारगिल युद्ध में सर्वोच्च बलिदान देने वाले अमर शहीदों को श्रद्धापूर्वक स्मरण करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर बिहार रेजीमेंट केंद्र के समादेष्टा ब्रिगेडियर राकेश कुमार बोरा ने कर्नल ऑफ द बिहार रेजीमेंट की ओर से वीर स्मृति स्थल पर पुष्पचक्र अर्पित कर अमर शहीदों को श्रद्धांजलि दी तथा राष्ट्र की रक्षा में उनके अद्वितीय साहस, बलिदान और कर्तव्यनिष्ठा को नमन किया। श्रद्धांजलि समारोह में समादेष्टा के साथ लेफ्टिनेंट कर्नल अभिषेक कुमार, लेफ्टीनेंट कर्नल अमित गुंजन, सूबेदार मेजर नारायण प्रधान, सूबेदार संजय सिंह, नायब सूबेदार सुजीत कुमार वर्मा सहित बड़ी संख्या में अधिकारी, जूनियर कमीशंड अधिकारी (जेसीओ) एवं सैनिक उपस्थित रहे। सभी उपस्थित सैन्य अधिकारियों एवं जवानों ने वीर स्मृति स्थल पर दो मिनट का मौन रखकर अमर शहीदों के प्रति अपनी कृतज्ञ श्रद्धांजलि अर्पित की। समारोह के दौरान सेना के बैंड द्वारा 'वंदे मातरम', रेजीमेंटल धुनों तथा अन्य देशभक्ति गीतों की मधुर एवं भावपूर्ण प्रस्तुति ने पूरे वातावरण को राष्ट्रभक्ति और वीरता की भावना से ओत-प्रोत कर दिया। इस मौके पर बताया गया कि यह दिवस उन अमर वीरों के अदम्य साहस, शौर्य, त्याग और सर्वोच्च बलिदान को नमन करने का अवसर है, जिन्होंने मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देकर भारत की विजयगाथा को स्वर्णिम अक्षरों में अंकित किया। कारगिल की दुर्गम एवं बफीर्ली चोटियों पर लड़ी गई इस ऐतिहासिक विजय ने भारतीय सैनिकों की वीरता, अदम्य इच्छाशक्ति और राष्ट्र के प्रति अटूट समर्पण का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया।

# कस्तूरबा मध्य विद्यालय में डायरिया उन्मूलन अभियान का आयोजन



**खगौल/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर परिषद के तत्वावधान में स्वच्छता साथी के तरफ से राजकीय कस्तूरबा गांधी मध्य विद्यालय खगौल में स्टॉप डायरिया उन्मूलन अभियान के अंतर्गत एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं समुदाय के बीच डायरिया से बचाव, स्वच्छता अपनाने तथा सुरक्षित पेयजल के उपयोग के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को डायरिया के कारण, लक्षण एवं बचाव के उपायों की विस्तृत जानकारी दी गई। उन्हें साबुन से नियमित रूप से हाथ धोने, स्वच्छ एवं ताजा भोजन ग्रहण करने, शुद्ध पेयजल का उपयोग करने तथा घर एवं आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही डायरिया होने की स्थिति में ओआरएस घोल एवं जिंक के महत्व के बारे में भी जानकारी प्रदान की गई।कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाध्यापक, शिक्षक गण, खगौल नगर परिषद के प्रतिनिधि, ऋद्दटउ टीम के सदस्य तथा सभी स्वच्छता साथी उपस्थित रहे। सभी स्वच्छता साथियों ने विद्यार्थियों को स्वच्छता एवं स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण संदेश दिए तथा डायरिया मुक्त समाज के निर्माण हेतु जन-जागरूकता बढ़ाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों एवं उपस्थित लोगों को स्वच्छता बनाए रखने तथा डायरिया से बचाव संबंधी उपायों को अपने दैनिक जीवन में अपनाने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## डायरिया उन्मूलन अभियान कार्यक्रम रिपोर्ट

**खगौल/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** खगौल नगर परिषद के तत्वावधान में दिनांक 25 जुलाई 2026 को राजकीय कस्तूरबा गांधी मध्य विद्यालय खगौल में स्टॉप डायरिया उन्मूलन अभियान के अंतर्गत एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं समुदाय के बीच डायरिया से बचाव, स्वच्छता अपनाने तथा सुरक्षित पेयजल के उपयोग के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को डायरिया के कारण, लक्षण एवं बचाव के उपायों की विस्तृत जानकारी दी गई। उन्हें साबुन से नियमित रूप से हाथ धोने, स्वच्छ एवं ताजा भोजन ग्रहण करने, शुद्ध पेयजल का उपयोग करने तथा घर एवं आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही डायरिया होने की स्थिति में ओआरएस घोल एवं जिंक के महत्व के बारे में भी जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाध्यापक, शिक्षक गण, खगौल नगर परिषद के प्रतिनिधि, FSMC टीम के सदस्य तथा सभी स्वच्छता साथी उपस्थित रहे। सभी स्वच्छता साथियों ने विद्यार्थियों को स्वच्छता एवं स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण संदेश दिए तथा डायरिया मुक्त समाज के निर्माण हेतु जन-जागरूकता बढ़ाने का आह्वान किया।

# डा. अनिल सुलभ का सम्मेलन अध्यक्ष पद पर निर्विरोध चुना जाना निश्चित

**अंतिम दिन भी किसी अन्य प्रत्याशी ने नामांकन नही किया, दोनों दिन डा सुलभ की ओर से पर्चे भरे गए**



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आगामी कार्यकाल के लिए,बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष पद पर हो रहे निर्वाचन के लिए नामांकन की प्रक्रिया पूरी हो गयी है। नामांकन के अंतिम दिन तक केवल डा अनिल सुलभ की ओर से ही, कुल 10 समूच्यों (सेट) में नामांकन-प्रपत्र भरे गए और किसी भी अन्य ने अपना नामांकन नहीं किया। 27 जुलाई की संध्या चार बजे नामांकन-प्रपत्रों की जाँच होगी। यदि डा सुलभ की ओर से भरा गया एक भी नामांकन-प्रपत्र सही पाया जाएगा, तो उनका निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित होना निश्चित है। रविवार को भी पूर्वाहन साढ़े 11 बजे से अपराह्न तीन बजे तक, डा सुलभ की ओर से 6 सेट में, निर्वाचन पदाधिकारी पण्डित जी पाण्डेय, सहायक निर्वाचन पदाधिकारियों धनंजय चौबे और राधे रमण (तीनों अधिवक्ता पटना उच्च न्यायायालय) के समक्ष नामांकन किए गए। प्रत्येक सेट के लिए 10 निर्वाचक सदस्यों ने अपनी उपस्थिति दी। आज प्रस्तावक के रूप में उपस्थित निर्वाचक-सदस्यों में, प्रेमलता मिश्र 'प्रेम', डा पूनम आनन्द, आराधना प्रसाद, डा सुमेधा पाठक, डा पूनम देवा, अभिलाषा कुमारी, डा सीमा रानी, उत्तरा सिंह, डा नीतू, राजकांता राज, डा कुमार अरुणोदय, डा रत्नेश्वर सिंह, ब्रह्मानन्द पाण्डेय, डा विद्या चौधरी, आचार्य विजय गुंजन, डा शालिनी पाण्डेय, जय प्रकाश पुजारी, अंकेश कुमार, शिवानन्द गिरि, नेहाल कुमार सिंह, 'निर्मल', प्रो सुनील कुमार उपाध्याय, ई बाँके बिहारी साव, लता प्रासर, मधुरानी लाल, नूतन सिन्हा, डा ओम् प्रकाश पाण्डेय, सूर्य प्रकाश उपाध्याय, डा प्रशांत कुमार, डा पंकज प्रियम, भास्कर त्रिपाठी, डा प्रतिभा रानी, डा रेणु मिश्रा, डा आशा रघुदेव, डा इंदु पाण्डेय, डा अनिमेश कुमार सिंह , चित्तरंजन भारती, सागरिका राय, डा नम्रता कुमारी, बिंदेश्वर प्रसाद गुप्ता, राजप्रिया रानी, सदानन्द प्रसाद, कमल किशोर कमल, सुनील कुमार 'मलंग', हृदय नारायान झा, ज्योति मिश्रा, सुजाता मिश्रा, डा सुषमा कुमारी, विपुल कुमार, संगीता मिश्र, निशा परासर तथा धर्मेश मेहता सम्मिलित थे।

**गोल के सम्मान मंच पर चमके भावी चिकित्सक**

# पद्मश्री डॉ आर एन सिंह ने किया सम्मानित, 400 से अधिक नव चयनित मेडिको को मिला मेडल, व्हाइट एप्रन और स्टेथोस्कोप



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पटना के बापू सभागार में गोल इंस्टिट्यूट का भव्य वार्षिक सम्मान समारोह 2026 आयोजित किया गया जिसमें नीट 2026 में सफल 500 से अधिक छात्रों में से उपस्थित 400 से अधिक नवचयनित मेडिको को मेडल, व्हाइट एप्रन और स्टेथोस्कोप प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पद्मश्री डॉ. आर. एन. सिंह, प्रसिद्ध अस्थि रोग विशेषज्ञ, डॉ. उषा कुमारी, प्राचार्या, एन.एम.सी.एच. पटना तथा ब्लेसिंग गेस्ट प्रसिद्ध समाजसेवी मेघराज सिंह उपस्थित रहे। समारोह में 5000 से अधिक विद्यार्थी, अभिभावक और शिक्षक भी मौजूद थे। गोल इंस्टिट्यूट के चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर बिपिन कुमार सिंह ने कहा कि हर विद्यार्थी का सपना हमारी जिम्मेदारी है। गोल के लिए विद्यार्थी केवल एक रोल नंबर नहीं है। उसका सपना, संघर्ष और उसके माता-पिता की आशाएं हमारी जिम्मेदारी हैं। यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, अभिभावकों के विश्वास और गोल की पूरी टीम के समर्पण का परिणाम है। जॉइंट डायरेक्टर डॉ. ममता सिंह ने कहा, यह सम्मान केवल विद्यार्थियों का नहीं, बल्कि उनके माता-पिता के त्याग और शिक्षकों की वर्षों की तपस्या का भी अभिनंदन है। इस अवसर पर सात टॉप रैंकर्स को विशेष सम्मान और नकद पुरस्कार दिए गए। रवि कांत दिवाकर ने 695 अंक और ऑल इंडिया रैंक 55 के साथ प्रथम स्थान प्राप्त कर 51,000 रुपये का पुरस्कार जीता। कमल नयन ने 671 अंक और रैंक 460 के साथ 21,000 रुपये, केशव कुमार और अनुष्का कश्यप ने 660-660 अंक के साथ क्रमशः 15,000-15,000 रुपये, सृष्टि राज ने 652 अंक के साथ 11,000 रुपये, आर्य पलक ने 651 अंक और रैंक 1373 के साथ 11,000 रुपये तथा अनुष्का ने 639 अंक और रैंक 2396 के साथ 5,100 रुपये का पुरस्कार प्राप्त किया। सभी को मेडल, व्हाइट एप्रन और स्टेथोस्कोप से भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. आर. एन. सिंह ने कहा कि श्रेष्ठ चिकित्सक वही है जिसके ज्ञान में संवेदना भी हो। नीट की सफलता चिकित्सा-जीवन का प्रथम पड़ाव है। डॉ. उषा कुमारी ने कहा, व्हाइट एप्रन केवल उपाधि नहीं, मरीजों के प्रति ईमानदारी, करुणा और नैतिक जिम्मेदारी का प्रतीक है। मेघराज सिंह ने कहा, आज सम्मानित विद्यार्थी पूरे समाज की उम्मीद हैं। इनकी सफलता हजारों युवाओं को प्रेरणा देगी। समारोह में असिस्टेंट डायरेक्टर रंजय सिंह, धनबाद सेंटर डायरेक्टर संजय आनंद, आर एंड डी हेड आनंद वत्स, एकेडमिक हेड गौरव सिंह, कंकड़बाग ब्रांच हेड संजीव कुमार सहित गौरव प्रकाश, अभिषेक, बिनीत, शुभम, निकेत वर्धन, नीरज मिश्रा, एस. डी. सिंह, गौरव, अनिल कुमार, राहुल कुमार, संजीत कुमार, गौरव राज, मयंक कुमार और राकेश रंजन जैसे गोल परिवार के अनेक शिक्षक एवं अधिकारी उपस्थित रहे। यह समारोह केवल सफल विद्यार्थियों का अभिनंदन नहीं, बल्कि बिहार में आकार ले रही "वाइट कोट रेवोलुशन" का भव्य उत्सव बन गया।

# शराब माफिया से देसी पिस्तौल-कारतूस और 26 लीटर शराब बरामद

**छापेमारी में बाइक समेत 2 तस्कर गिरफ्तार**



मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। वरीय पुलिस अधीक्षक, पटना के निर्देश पर अवैध शराब और हथियार तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कादिरगंज थानाध्यक्ष के नेतृत्व में शनिवार को छापेमारी की गई। इस दौरान 26 लीटर देशी महुआ शराब, 1 अवैध देसी कट्टा, 1 जिंदा कारतूस और 1 मोटरसाईकिल के साथ 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष रौशन कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर शाहोपुर गांव में टीम ने कार्रवाई की। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान विकास कुमार, पिता रामप्रवेश प्रसाद और अरुण प्रसाद, पिता कमलेश प्रसाद, दोनों निवासी बालापर, के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि दोनों शराब का निर्माण कर उसकी बिक्री और तस्करी में संलिप्त थे। तलाशी के दौरान उनके पास से शराब के साथ-साथ हथियार भी बरामद हुआ। इस संबंध में कादिरगंज थाना कांड संख्या-163/26,के तहत आर्म्स एक्ट एवं 30 (ए) बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद संशोधित अधिनियम 2022 दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।छापामारी टीम में पु.अ.नि सह थानाध्यक्ष रौशन कुमार, पु.अ.नि मोतीलाल ठाकुर, स.अ.नि जय प्रकाश नारायण, सिपाही अजीत कुमार, राहुल कुमार और मनोज कुमार शामिल थे।पुलिस ने कहा कि अवैध शराब के निर्माण, बिक्री और परिवहन में संलिप्त माफियाओं के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

# एस.यू. कॉलेज में सभी विषयों में पीजी की पढ़ाई शुरू कराने की मांग को लेकर छात्र संगठनों का धरना जारी

**दनियावां(पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दनियावां-हिलसा मार्ग पर अवस्तिथ अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी), छात्र जदयू व राजद की स्थानीय छात्र संघ इकाई द्वारा एस.यू. कॉलेज, हिलसा में सभी विषयों में स्नातकोत्तर की पढ़ाई प्रारंभ कराने की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन लगातार जारी है। परिषद व छात्र जदयू के कार्यकर्ताओं ने कहा कि वर्षों से हिलसा एवं आसपास के विद्यार्थियों की यह प्रमुख मांग रही है, लेकिन



अब तक विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा कोई ठोस पहल नहीं की गई है, जिससे छात्र-छात्राओं में गहरा असंतोष है। एबीवीपी हिलसा जिला संयोजक नितीश कुमार,छात्र जदयू के रिशु पटेल, पाटलिपुत्र यूनिवर्सिटी के पूर्वी प्रभाग नालंदा के अध्यक्ष आशीष कुमार पटेल, छात्र राजद के धर्मेंद्र यादव, विभूति कुमार यादव ने कहा कि एस.यू. कॉलेज में सभी विषयों में पीजी की पढ़ाई शुरू होना हजारों विद्यार्थियों के भविष्य से जुड़ा महत्वपूर्ण मुद्दा है। उन्होंने कहा कि कॉलेज में पर्याप्त आधारभूत संसाधन एवं योग्य शिक्षकों की उपलब्धता होने के बावजूद पीजी की पढ़ाई शुरू नहीं होना क्षेत्र के विद्यार्थियों के साथ अन्याय है। वहीं एबीवीपी प्रदेश कार्यकारिणी सदस्या आदित्य कुमार ने कहा कि उच्च शिक्षा प्रत्येक विद्यार्थी का मौलिक अधिकार है और इसे सुनिश्चित करना सरकार एवं विश्वविद्यालय प्रशासन की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की इस न्यायोचित मांग पर अविलंब सकारात्मक निर्णय लिया जाना चाहिए, ताकि आर्थिक रूप से कमजोर एवं ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए दूसरे शहरों का रुख न करना पड़े। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी परिषद हमेशा छात्रों के शैक्षणिक अधिकारों के लिए संघर्ष करती रही है और आवश्यकता पड़ने पर इस आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। धरना प्रदर्शन के दौरान छात्र-छात्राओं ने विश्वविद्यालय प्रशासन से शीघ्र निर्णय लेकर एस.यू. कॉलेज, हिलसा में सभी विषयों में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम प्रारंभ करने की मांग की।

# दनियावां में अभी तक 1100 हेक्टेयर में हुआ धान रोपण

**बिजली-उर्वरक की चुनौती, नदियां सूखीं, किसान इंद्रदेव से कर रहे प्रार्थना**





**दनियावां(पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आषाढ़ माह के पुनर्वसु और पुष्य नक्षत्र और जुलाई में 96.6 मिमी हुई वर्षा से दनियावां प्रखंड में धान रोपनी ने गति पकड़ ली है। अब तक 1100 हेक्टेयर में रोपनी हो चुकी है, जबकि लक्ष्य 2250 हेक्टेयर का है।

● **6 पंचायतों के 33 गांवों में रोपनी जारी:** प्रखंड की सिंगरियावां, खरभैया, दनियावां, शाहजहांपुर, बांकीपुर-मछरियावां और सलारपुर पंचायतों के कुल 33 राजस्व ग्रामों में धान की रोपनी तेजी से चल रही है।

● **किसानों की मुख्य चुनौती:** किसानों ने कहा कि निर्बाध बिजली आपूर्ति और समय पर यूरिया-उर्वरक की उपलब्धता ही इस बार धान की खेती की सबसे बड़ी चुनौती है।

● **किसान बोले:** कुंडली के बब्बन सिंह, सरथुआ के नागेंद्र पटेल व सतीश कुमार, तोप के रणधीर कुमार व इंद्रदेव सिंह, परसनबीघा के मुन्ना कुमार, खरभैया के संत कुमार मुन्ना, दनियावां के नवनीत कुमार के साथ-साथ पीरबढौना के बीरेंद्र कुमार सिंह, जीवनचक के अरुण, मनोज कुमार और रौशन मिस्त्री ने बताया कि बारिश से नमी मिली है, लेकिन खाद और बिजली समय पर नहीं मिली तो फसल प्रभावित होगी।

●**नदियां सूखी, भूजल पर असर:** आषाढ़ मास बीतने को है, लेकिन बरसाती नदियां लोकाईन, भुतही, धोबा, महतमाईन और कररुआ अब तक सूखी पड़ी हैं। झारखंड के कोडरमा और हजारीबाग में अच्छी बारिश नहीं होने से इनमें जलप्रवाह नहीं आया है। इससे भूजलस्तर में भी गिरावट देखी जा रही है।

● **कृषि विभाग व वैज्ञानिकों की सलाह:** प्रखंड कृषि समन्वयक अमृता कुमारी, कृषि सलाहकार शिवकुमार चौधरी, प्रवीण कुमार, राजेश रंजन और प्रगतिशील किसान सुनील कुमार(चकरज्जा) ने किसानों से समय पर रोपनी पूरी करने को कहा।

नूरसराय, नालंदा कृषि महाविद्यालय के डॉ. उमेश नारायण उमेश ने सलाह दी कि बारिश अच्छी रही तो मध्यम अवधि धान के साथ मक्का-दलहन लगाएं। बारिश कम हुई तो मूंग, तिल, मक्का और परवल, लौकी, करेला, भिंडी जैसी सब्जियां बेहतर विकल्प हैं।

● **इंद्रदेव से प्रार्थना:** किसानों ने कहा कि सावन में अच्छी बारिश के लिए वे मेघों के देवता भगवान इंद्रदेव से प्रार्थना कर रहे हैं। अगर बारिश इसी तरह बनी रही तो 2250 हेक्टेयर का लक्ष्य पूरा होने के करीब ही है।

## संक्षिप्त समाचार

### बघवाबाड़ी आवागमन का मार्ग प्रशस्त, शीघ्र होगा रोड अंडर ब्रिज का निर्माण : तारकिशोर प्रसाद



**कटिहार/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद ने कहा कि बघवाबाड़ी के नागरिकों को रेलवे ट्रैक के कारण आवागमन में हो रही कठिनाइयों को उनके द्वारा रेल को किए गए अनुरोध पर रेल ने बघवाबाड़ी के नागरिकों के आवागमन हेतु रोड अंडर ब्रिज के निर्माण की स्वीकृति दे दी है। इस रोड अंडर ब्रिज का निर्माण लगभग 6 करोड़ रुपए की लागत से होगा। ज्ञातव्य है कि कटिहार- पूर्णिया मालगाड़ी के परिचालन हेतु निर्मित रेलवे ट्रैक के कारण हमेशा जान माल का खतरा बना रहता था। क्योंकि यह ट्रैक रेल गुमटी से बाहर है। इस रोड अंडर ब्रिज के निर्माण से बघवा बाड़ी के नागरिकों को विशेष कर बच्चों को स्कूल आवागमन में काफी कठिनाई होती थी और खतरा भी बना रहता था। पूर्व उप मुख्यमंत्री ने कहा कि बघवा बाड़ी एवं रेल क्षेत्र के नागरिकों के लिए रोड अंडर ब्रिज के निर्माण से आवागमन में काफी सुविधा होगी एवं वाहनों का आवागमन भी सुगम हो जाएगा। लोग बिना किसी रूकावट के विधालय, महाविद्यालय, न्यायालय, समाहरणालय के साथ ही नगर के अन्य स्थानों पर ससमय पहुंच सकेंगे।

### चोरी की बुलेट मोटरसाइकिल के साथ युवक गिरफ्तार

**एकमा/लहलादपुर (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जनता बाजार थाना क्षेत्र में वाहन जांच अभियान के दौरान पुलिस ने चोरी की बुलेट मोटरसाइकिल के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान हरपुर कोठी निवासी सोनू तिवारी के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिले में विधि-व्यवस्था संधारण एवं अपराध नियंत्रण को लेकर विशेष छापेमारी एवं सघन वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जनता बाजार थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चोरी की मोटरसाइकिल के साथ आरोपी को गिरफ्तार किया। इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

### कट्टा एवं जिंदा कारतूस के साथ दो आरोपित गिरफ्तार

**एकमा/लहलादपुर (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जनता बाजार थाना पुलिस ने एक देशी कट्टा एवं एक जिंदा कारतूस के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि सोशल मीडिया पर एक युवक का कट्टा लहराते हुए वायरल फोटो मिलने के बाद पुलिस ने सूचना का सत्यापन एवं तकनीकी जांच की। जांच में फोटो में दिखाई दे रहे युवक की पहचान सुपौल जिले के किसनपुर थाना क्षेत्र के ठारी गांव निवासी मक्कीदुर रहमान के रूप में हुई, जो जनता बाजार में रहकर काम करता है। दूसरे आरोपी की पहचान लहलादपुर निवासी अभिषेक कुमार के रूप में हुई। सूचना के आधार पर पुलिस ने त्वरित छापेमारी कर मक्कीदुर रहमान के पास से एक देशी कट्टा तथा अभिषेक कुमार के पास से एक जिंदा कारतूस बरामद किया। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है।

### खेत जाते समय महिला और भैंसुर पर जानलेवा हमला

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के अदलचक गांव में खेत पर जाते समय एक महिला और उनके भैंसुर पर 7 लोगों ने जानलेवा हमला कर दिया। इस मामले में पीड़िता ललिता देवी के आवेदन पर मसौढ़ी थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। ललिता देवी, पति विनय प्रसाद, निवासी अदलचक, पोस्ट हासाडीह ने आवेदन में बताया कि दिनांक 25-07-2026 को शाम करीब 5 बजे वह अपने खेत पर जा रही थीं। इसी दौरान रास्ते में सुभाष यादव, रामदीप यादव और दीना यादव के तीनों बेटे पिस्टल और खुरपी लेकर पहले से घात लगाए बैठे थे। इनके साथ आशा देवी पति रामबिहारी और सुशीला देवी, पति राम दीन यादव थे।आरोप है कि सभी ने ललिता देवी को घेरकर खुरपी और लाठी-डंडे से मारना शुरू कर दिया। बीच-बचाव करने आए उनके भैंसुर नेपाली यादव को भी आरोपियों ने पकड़कर लात-घूंसे और लाठी से पीटा। हमलावरों ने कहा "मारकर पुनपुन में फेंक देंगे। हल्ला सुनकर गांव के लोग और नेपाली यादव मौके पर पहुंचे तो सभी आरोपी भाग गए। घायल अवस्था में ललिता देवी और नेपाली यादव को अनुमंडलीय अस्पताल मसौढ़ी में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। पीड़िता ने बताया कि आरोपी पहले से रंजिश रखते हैं और जान से मारने की धमकी भी दे रहे हैं। पुलिस ने सभी 7 नामजदों के खिलाफ हत्या के प्रयास सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बसपा का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बहुजन समाज पार्टी, जिला पटना के तत्वाधान में रविवार को पुनपुन स्टेशन के समीप चंद्र पैलेस कुबेर हॉल में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पार्टी कार्यकर्ताओं को संगठन को मजबूत करने और जमीनी स्तर पर काम करने के लिए प्रेरित किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पार्टी के केंद्रीय प्रदेश प्रभारी दिलीप कुमार गौतम थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में पटना लोकसभा प्रभारी एडवोकेट हरिकेश्वर राम, सुषमा कुमारी, मसौढ़ी विधानसभा अध्यक्ष राम प्रवेश यादव, जितेंद्र कुमार, पाटलिपुत्र लोकसभा के 6 विधानसभा प्रभारी, प्रदेश महासचिव चितरंजन कुमार, प्रभारी संजीत पासवान और कृष्णा पासी मौजूद रहे।प्रदेश प्रभारी दिलीप कुमार गौतम ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि बहुजन समाज को संगठित कर बाबा साहेब के मिशन को आगे बढ़ाना है। उन्होंने बूथ स्तर तक पार्टी को मजबूत करने और जन-जन तक पार्टी की नीतियों को पहुंचाने का आह्वान किया।मौके पर वक्ताओं ने केंद्र और राज्य सरकार की नीतियों पर सवाल उठाते हुए कहा कि बसपा ही एकमात्र विकल्प है जो दलित, पिछड़ा और अल्पसंख्यक समाज की आवाज उठा सकती है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बसपा कार्यकर्ता और पदाधिकारी शामिल हुए।



### उत्पाद विभाग ने की 78.75 लीटर विदेशी शराब बरामद

**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पूर्ण शराबबंदी नीति एवं बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम, 2016 के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर जिले में अवैध शराब के निर्माण, भंडारण, परिवहन एवं बिक्री के विरुद्ध उत्पाद विभाग द्वारा लगातार सघन छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा शराबबंदी कानून का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं तथा अवैध कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जा रही है।इसी क्रम में उत्पाद विभाग, वैशाली की टीम ने वैशाली थाना क्षेत्र के भगवत नगर में गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर पंजाब राज्य में बिक्री हेतु निर्मित इम्पीरियल ब्लू ब्रांड की 78.75 लीटर विदेशी शराब बरामद की। बरामद शराब को विधिवत जब्त कर बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम, 2016 के तहत अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है। डीएम वर्षा सिंह ने आम नागरिकों से अपील की है कि शराब के अवैध निर्माण, भंडारण, परिवहन अथवा बिक्री से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना तत्काल उत्पाद विभाग अथवा निकटतम थाना को उपलब्ध कराएं। जनसहयोग से ही शराबबंदी कानून का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित किया जा सकता है तथा समाज को नशामुक्त बनाने के उद्देश्य की प्राप्ति संभव होगी।



# एमजीसीयू में संस्कृत विभाग के अंतर्गत एमए पाठ्यक्रम में 80 प्रतिशत नामांकन



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग के अंतर्गत संचालित हो रहे एम ए (हिंदू अध्ययन) पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने का अंतिम अवसर है। हिंदू अध्ययन में स्नातकोत्तर का पाठ्यक्रम आरंभ होने के एक सप्ताह के अंदर ही 80 प्रतिशत सीटें भर गई। विश्वविद्यालय द्वारा जब से यह पाठ्यक्रम संचालित करने का निर्णय लिया गया है, उसके कुछ दिन बाद से ही अनेक छात्रों ने अपना नामांकन कर लिया। हिंदू अध्ययन में स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त करने की छात्रों की इतनी बड़ी संख्या हिंदू अध्ययन पाठ्यक्रम के महत्व को दर्शाती है। निश्चित रूप से हिंदू अध्ययन पाठ्यक्रम में रोजगार की संभावना के साथ - साथ व्यक्तिगत जीवन में भी बड़ी उपयोगिता दृष्टिगत होती है। इस पाठ्यक्रम के माध्यम से व्यक्ति अपने आचार, विचार और व्यवहार को सुदृढ़ बनाते हुए स्वयं के जीवन शैली में आमूलचूल परिवर्तन कर सकता है जो कि वर्तमान तनावपूर्ण वातावरण से बचे रहने का एक उत्तम शिक्षा भी है। हिंदू अध्ययन पाठ्यक्रम में पढ़ाये जाने वाले विषयों के माध्यम से विद्यार्थी स्वयं के व्यक्तित्व के साथ-साथ अपने परिवार, समाज, राष्ट्र तथा विश्व की उन्नति का मार्ग भी प्रशस्त कर सकता है। हिन्दू अध्ययन के महत्व को ध्यान में रखते हुए अनेक छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर के नामांकन कराया है। संस्कृत विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर प्रसून दत्त सिंह ने कहा कि हिंदू अध्ययन के स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के लिए कुछ ही सीटें शेष बची हुई हैं, इसलिए, जिज्ञासु छात्र-छात्राओं के लिए यह अंतिम तथा स्वर्णिम अवसर है कि वे शीघ्रातिशीघ्र हिंदू अध्ययन के स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में नामांकन कराएं। यद्यपि यह अवसर 31 जुलाई 2026 तक तो है किंतु जिस तरह छात्रों का झुकाव हिंदू अध्ययन के स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में तेजी से बढ़ता हुआ दिखाई दे रहा है उससे यह लग रहा है कि शेष सभी रिक्त पद यथाशीघ्र भर जाएंगे। इसलिए सभी जिज्ञासु छात्र-छात्राओं से अनुरोध है कि वे 27 जुलाई 2026 को महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के गांधी भवन, बनकट परिसर में स्थित संस्कृत विभाग में उपस्थित होकर अपनी सीट को सेक्योर करें। संस्कृत विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर प्रसून दत्त सिंह ने सभी जिज्ञासु छात्र छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए सभी आगंतुक विद्यार्थियों का स्वागत किया और इसे सुनहरा कदम बताया।

मुख्यमंत्री के 100 दिवसीय कार्यकाल पूर्ण होने पर

# 164 भूमिहीन रैयतों के बीच वासगीत पर्चा एवं बंदोबस्ती पर्चा का वितरण



**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में राज्य सरकार के 100 दिवसीय कार्यकाल पूर्ण होने के अवसर पर शनिवार को समाहरणालय, हाजीपुर स्थित पुष्कर्णी सभागार में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम के दौरान वैशाली जिले के 164 भूमिहीन रैयतों के बीच वासगीत पर्चा एवं बंदोबस्ती पर्चा का वितरण किया गया।इस अवसर पर विधायक वैशाली सिद्धार्थ पटेल तथा जिला परिषद अध्यक्ष आशुतोष कुमार एवं जिला पदाधिकारी व वर्षा सिंह ने संयुक्त रूप से लाभुकों को पर्चा प्रदान कर उन्हें शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में अपर समाहर्ता, वैशाली, उप विकास आयुक्त कुंदन कुमार सहित जिला प्रशासन के अन्य वरीय पदाधिकारी एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। डीएम ने कहा कि राज्य सरकार भूमिहीन एवं वंचित परिवारों को भूमि संबंधी अधिकार उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। वासगीत एवं बंदोबस्ती पर्चा का वितरण सामाजिक सुरक्षा एवं सम्मानजनक जीवन सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को पात्र लाभुकों को समयबद्ध रूप से योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने तथा भूमि संबंधी मामलों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।जिले के सभी 16 अंचलों द्वारा इस अभियान में सक्रिय भागीदारी की गई। इनमें पातेपुर अंचल द्वारा सर्वाधिक 25 वासगीत एवं बंदोबस्ती पर्चों का निर्गमन किया गया, जो जिले में सर्वाधिक रहा।

# कमिश्नर एवं आईजी ने श्रावणी मेला क्षेत्र का किया निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश

**भागलपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले के सुल्तानगंज में एक माह तक चलने वाले विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला के सफल संचालन एवं मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इस सिलसिले में रविवार को प्रमंडलीय आयुक्त प्रेम सिंह मीणा एवं पुलिस महानिरीक्षक विवेक कुमार जिला प्रशासन की टीम के साथ सुल्तानगंज पहुंच कर समूचे मेला क्षेत्र और कावंरिया मार्ग का व्यापक निरीक्षण किया। मौके पर जिलाधिकारी अलंकृता पांडेय वरीय पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार यादव, डीडीसी रवि राकेश, एडीएम दिनेश राम सहित जिला एवं स्थानीय स्तर के विभिन्न विभागों के अधिकारीगण मौजूद थे। इस बार श्रावणी मेला का उद्घाटन मुख्यमंत्री द्वारा 28 जुलाई को किये जाने के बाबत प्रमंडलीय आयुक्त एवं पुलिस महानिरीक्षक ने अधिकारियों की टीम के साथ सबसे पहले नमामि गंगा घाट स्थित मुख्य कार्यक्रम सह उद्घाटन स्थल पर पहुंचे और भव्य मंच, दर्शक दीर्घा, गंगा घाट तक श्रद्धालुओं के आवागमन के रास्ते आदि की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। इसके बाद उन वरीय अधिकारियों ने ऐतिहासिक व धार्मिक अजगैनाथ मंदिर परिसर और बगल में निर्मित हेलीपैड स्थल का भी निरीक्षण किया। आयुक्त श्री मीणा ने मौके पर मौजूद सभी संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि उद्घाटन की तिथि से पहले हर हाल में सभी कार्य को पूर्ण कर लिया जाए। ताकि इस मेला में देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं (कावंरियों) को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उल्लेखनीय है कि पूरे सावन मास तक चलने वाले विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला आगामी 28 जुलाई से शुरू हो रही है इस बार श्रावणी मेला का उद्घाटन बिहार के मुख्यमंत्री चौधरी के कर-कमलों द्वारा होगा। इस अवसर पर राज्य के उप मुख्यमंत्री, कई काबिना मंत्री और जिले के सभी विधायक एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे । इस बार लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए मेला क्षेत्र और कावंरिया मार्ग पर मूलभूत सुविधाएं तथा सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए जा रहे हैं।

28 जुलाई को सीएम करेंगे उद्घाटन



# जिला ग्राम पंचायतों में पंचायत विकास दिवस का सफल आयोजन



**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रविवार को वैशाली जिले के ग्राम पंचायतों में पंचायत विकास दिवस का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्राम पंचायतों को ग्रामीण विकास का सशक्त मंच बनाते हुए जनभागीदारी के माध्यम से सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित करना तथा ग्राम स्वराज की अवधारणा को साकार करना था।जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह ने इस अवसर पर कहा कि ग्राम पंचायतें ग्रामीण विकास की आधारशिला हैं। सरकार की योजनाओं का वास्तविक लाभ तभी अंतिम व्यक्ति तक पहुँच सकता है, जब पंचायतें सक्रिय, जवाबदेह एवं जनसहभागिता पर आधारित हों। उन्होंने सभी पंचायत प्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों से पंचायत विकास दिवस को ग्रामीण विकास के जनआंदोलन के रूप में संचालित करने का आह्वान किया।उन्होंने कहा कि पंचायत विकास दिवस के माध्यम से ग्रामीणों को पंचायत की योजनाओं, वित्तीय प्रबंधन, विकास कार्यों एवं आगामी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है। इससे पंचायतों में पारदर्शिता, जवाबदेही तथा आम नागरिकों की सहभागिता को और अधिक मजबूती मिलेगी। जिले की विभिन्न पंचायतों में आयोजित पंचायत विभाग कार्यक्रम की अध्यक्षता संबंधित पंचायतों के मुखिया द्वारा की गई तथा पंचायत सचिवों ने बैठक का संचालन एवं कार्यवाही का संधारण किया।

# पारिवारिक कलह में महिला ने की खुदकुशी

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ थाना स्थित लवाईच गांव की एक 36 वर्षीया विवाहिता रविवार की सुबह गले में फंदा डालकर खुदकुशी कर ली.इधर सूचना पाकर विवाहिता के मायके वाले मौके पर पहुंचे और पुलिस उनकी मौजूदगी में शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिये पटना भेज दिया.इधर एफएलएस की टीम भी मौके पर पहुंची व आवश्यक जांच के साथ मौके से उपलब्ध साक्ष्य को लेकर साथ ले गयी.थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि फिलहाल इस संबंध में लिखित किसी के द्वारा नही दिया गया है, लिखित मिलने के बाद इस संबंध में विधि सम्मत कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी.जानकारी के अनुसार लवाईच निवासी जितेन्द्र कुमार अपने पिता व एक भाई के साथ हैदराबाद में रहकर किसी निजी कंपनी मे काम करते है. घर पर उनकी मां व जितेन्द्र की पत्नी खुश्बु देवी के अलावे एक गोतनी रहती है. जितेन्द्र की शादी आठ साल पूर्व जितेन्द्र के साथ हुयी थी.

# डीएलएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा-2026 के दूसरे दिन की परीक्षा शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त वातावरण में संपन्न



**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित डीएलएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा-2026 के दूसरे दिन शनिवार को वैशाली जिले के सभी छह परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं कदाचारमुक्त वातावरण में संपन्न हुई।जिले के छह परीक्षा केंद्रों पर दोनों पाली मिलाकर कुल 3,586 अभ्यर्थियों के विरुद्ध 3,518 अभ्यर्थी उपस्थित हुए, जबकि 68 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा के दौरान किसी भी परीक्षा केंद्र से कदाचार अथवा अन्य अवांछनीय गतिविधि की कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई तथा किसी भी अभ्यर्थी को कदाचार के आरोप में निष्कासित नहीं किया गया।परीक्षा के सफल संचालन हेतु जिला प्रशासन द्वारा सभी परीक्षा केंद्रों पर व्यापक सुरक्षा एवं प्रशासनिक व्यवस्था सुनिश्चित की गई। प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी, स्टैटिक दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी, केंद्र प्रेक्षक एवं पुलिस बल अपने-अपने परीक्षा केंद्रों पर पूरी मुस्तैदी के साथ तैनात रहे। परीक्षा प्रारंभ होने से पूर्व सभी अभ्यर्थियों की सघन जांच (फ्रिस्किंग), प्रवेश पत्र एवं वैध फोटो पहचान-पत्र का सत्यापन करने के उपरांत ही परीक्षा केंद्रों में प्रवेश दिया गया। जिला प्रशासन द्वारा सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से सतत निगरानी, वीडियोग्राफी तथा अन्य आवश्यक सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित किए गए। परीक्षा निर्धारित समयानुसार शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित वातावरण में संपन्न हुई। जिला पदाधिकारी ने परीक्षा कार्य में प्रतिनियुक्त सभी पदाधिकारियों, केंद्राधीक्षकों एवं पुलिस बल के दायित्वपूर्ण एवं समन्वित कार्य के लिए उन्हें धन्यवाद देते हुए आगामी परीक्षा तिथियों में भी इसी प्रकार निष्पक्ष, पारदर्शी एवं कदाचारमुक्त परीक्षा संचालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

# पांचवीं पुण्यतिथि पर श्रद्धापूर्वक याद किए गए बहुजन नायक डॉ. धर्मनाथ राम



**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सारण के बहुजन नायक, वंचितों एवं शोषितों के मसीहा, डॉ. बी.आर. आंबेडकर परिगणित जाति कल्याण संघ के संस्थापक अध्यक्ष तथा जिले के आंबेडकरी गार्जियन डॉ. धर्मनाथ राम को उनकी पांचवीं पुण्यतिथि पर श्रद्धापूर्वक याद किया गया। इस अवसर पर अंबेडकर स्थल के सभागार में मुख्य श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया, जहां वक्ताओं एवं उपस्थित अतिथियों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। वक्ताओं ने कहा कि डॉ. धर्मनाथ राम ने अपने पूरे जीवन में दलित, शोषित, पिछड़े एवं गरीब वर्ग के लोगों के अधिकारों की रक्षा तथा सामाजिक और सामंती उत्पीड़न के विरुद्ध संघर्ष किया। वे एक साहसी, निडर और समर्पित सामाजिक कार्यकर्ता थे, जिन्होंने तथागत बुद्ध, डॉ. भीमराव आंबेडकर, ई.वी. रामास्वामी पेरियार तथा महात्मा ज्योतिबा फुले के सामाजिक परिवर्तन के विचारों को सारण ही नहीं, बल्कि पूरे बिहार में जन-जन तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण कार्य किया। वक्ताओं ने कहा कि डॉ. धर्मनाथ राम को सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी, जब समाज उनके आदर्शों और मानवीय मूल्यों को अपनाते हुए जरूरतमंदों की निस्वार्थ सेवा तथा पीड़ित मानवता की सहायता के लिए सदैव तत्पर रहेगा। उन्होंने डॉ. राम को प्रेरणास्रोत बताते हुए बहुजन चिंतन को व्यापक बनाने तथा वैचारिक स्तर पर सारण को नई पहचान दिलाने का संकल्प भी व्यक्त किया। साथ ही नई पीढ़ी, विशेषकर वंचित समुदाय के युवाओं से उनके विचारों को समाज में आगे बढ़ाने और सामाजिक संघर्ष का नेतृत्व करने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने डॉ. धर्मनाथ राम के साथ बिताए गए संस्मरण साझा करते हुए उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को प्रेरणादायी बताया। आगत अतिथियों का स्वागत एवं धन्यवाद ज्ञापन करते हुए डॉ. धर्मनाथ राम के पुत्र चंद्रशेखर कुमार ने कहा कि भविष्य में डॉ. धर्मनाथ राम की स्मृति में 'मेमोरियल व्याख्यानमाला' का आयोजन किया जाएगा, जिसमें देश के प्रमुख बहुजन चिंतकों एवं सामाजिक नेताओं को आमंत्रित किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन सुनील कुमार ने किया। श्रद्धांजलि सभा में प्रो. डॉ. लाल बाबू यादव, डॉ विद्याभूषण श्रीवास्तव, धर्मनाथ बैठा, सभापति बैठा, आशीष कुमार, संगीता कुमारी, डॉ. शशि रंजन, शशि बैठा, आशुतोष कुमार, शमशेर बैठा, कृष्णा राम, मोहन राम, नवल बैठा, राजा लाल, ओम प्रकाश बैठा, मधु ब्याहुत, रुबीना सिंह, आकांक्षा मांझी, हिमांशु कुमार, प्रभु बैठा, रमेश चंद्र, सन्नी कुमार, मुकेश कुमार रजक, अशोक रजक, बलीराम एवं कुंदन कुमार सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# मसौढ़ी में मद्य निषेध विभाग का जागरुकता अभियान

**प्रभात फेरी और चित्रांकन प्रतियोगिता से दिया नशा मुक्ति का संदेश**

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मद्य निषेध विभाग द्वारा रविवार को नशा मुक्ति कार्यक्रम के तहत मसौढ़ी प्रखंड के तीन पंचायतों में जागरुकता अभियान चलाया गया। इस दौरान प्रभात फेरी निकाली गई और स्कूली बच्चों के बीच चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। एक्साइज सुपरिंटेंडेंट निशांत कुमार ने बताया कि मसौढ़ी प्रखंड के शाहाबाद पंचायत के छाता गांव और नूरा पंचायत में कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रभात फेरी में जीविका दीदियों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों, मुखिया रवि प्रकाश, मृत्युंजय सेठ और सामाजिक कार्यकताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रभात फेरी के दौरान ग्रामीणों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई गई। साथ ही नशे से होने वाली बीमारियों, घरेलू हिंसा और आर्थिक नुकसान के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। लोगों को नशा मुक्त समाज बनाने में सहयोग करने की अपील की गई। कार्यक्रम के दूसरे चरण में स्कूली छात्र-छात्राओं के बीच चित्रांकन प्रतियोगिता आयोजित की गई। बच्चों ने "नशा मुक्त बिहार" और "स्वस्थ जीवन" थीम पर चित्र बनाकर जागरुकता का संदेश दिया। इस अवसर पर सभी पंचायतों के मुखिया भी मौजूद रहे।




# सदर अस्पताल के आईसीयू में शुरू हुआ गंभीर मरीजों का इलाज



**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले में स्वास्थ्य व्यवस्था को बेहतर बनाने की दिशा में प्रशासन के प्रयास पूरी तरह धरातल पर उतर आए हैं। सदर अस्पताल, हाजीपुर के डीएस डॉ. मनीष रौशन ने बताया कि सदर अस्पताल में 06 शैय्या वाले अत्याधुनिक आईसीयू एवं 24.7 वेंटिलेटर सुविधा की शुरूआत के साथ ही अब गंभीर मरीजों की आईसीयू में भर्ती सुचारू रूप से शुरू हो चुकी है, जिसमें वर्तमान में कैंसर सर्विक्स व बेड सोर, प्रोस्टेटोमेगाली, रीनल संबंधी समस्या तथा सड़क दुर्घटना (आर टी ए) से पीड़ित चार गंभीर मरीजों का इलाज किया जा रहा है। प्रशासनिक दावों के मुताबिक, जिले में स्वास्थ्य सेवाओं का दायरा लगातार बढ़ाया जा रहा है। सदर अस्पताल, हाजीपुर में आईसीयू और 24.7 वेंटिलेटर सुविधा के साथ-साथ अनुमंडलीय अस्पताल, महुआ में 03 बेड की डायलिसिस यूनिट की शुरूआत की जा चुकी है। इससे किडनी के मरीजों को अब इलाज के लिए दूर-दराज के शहरों में भटकने की जरूरत नहीं पड़ रही है, बल्कि उन्हें अपने ही क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण उपचार मिल रहा है। जिला पदाधिकारी श्रीमती वर्षा सिंह ने आईसीयू का संचालन उच्च गुणवत्ता के साथ 24.7 सुनिश्चित करने के निर्देश दिए थे, ताकि हर मरीज को समय पर सही इलाज मिल सके।

# पलायन पर चोट करता नाटक गरबरघिचोर का मंचन

**स्त्री की विवशता को झकझोरता रहा नाटक गरबरघिचोर ● नाटक गरबरघिचोर में मां कीजी ममता ने दिखाई ताकत**



**खगौल/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रेलवे सीनियर सेकेंडरी स्कूल खगौल में भिखारी ठाकुर की कालजयी लोकनाट्य रचना 'गबरघिचोर' रविवार को जीवंत हो उठी। पूर्व मध्य रेलवे सीनियर सेकेंडरी स्कूल खगौल के सृजन प्रेक्षागृह में चर्चित नाट्य संस्था सूत्रधार की इस नाट्य प्रस्तुति ने दर्शकों को भाव विभोर कर दिया। नाटक की परिकल्पना व निर्देशन नवाब आलम ने किया था। कलाकारों ने सशक्त संवाद और बेजोड़ अभिनय से ग्रामीण समाज का पलायन, स्त्री की विवशता और नैतिकता के गहरे सवालों की जीवंत प्रस्तुति की। 'गबरघिचोर' नाटक का कथानक ग्रामीण यथार्थ को उजागर करता है। मंच पर दिखाया गया कि रोजगार की तलाश में पुरुष शहरों की ओर किस तरह पलायन कर रहे हैं। वहीं गांव में अकेली रह जाती है उपेक्षित स्त्री जो खेत-खलिहानों में मेहनत कर जीवन यापन करती है। सामाजिक विसंगितियों और नैतिक पतन के बीच वह समाज के तानों और परिस्थितियों की मार झेलती है। इस बीच महिला का गांव के एक मनचले युवक से संबंध बन जाता है, जिससे पुत्र गबरघिचोर का जन्म होता है। समाज उस बच्चे को 'अवैध' ठहराता है। यह विवाद पंचायत तक पहुंचता है, जहां न्याय की जगह स्वार्थ, घूस और अमानवीय सोच हावी हो जाती है। मामला सुलझता न देख पंच लड़के को तीन टुकड़े कर बराबर-बराबर बांटने का फेसला देता है पर मां अपने हक का त्याग कर किसी एक को सौंपने की गुहार पंचायत से करती है, माँ की ममता और करूणा देख पंच की आँखे खुल जाती है और वह अपना फेसला गलीज बहू के पक्ष में देती है। अंततः माँ को अपने पुत्र का पूरा हक मिल जाता है। लोक गीत-संगीत से भरपूर यह नाटक कलाकरों के जीवंत अभिनय से मंच पर साकार होता है। कलाकारों में पंच- मिथिलेश कुमार पांडेय, गलीज बहू- सिंपी सिंह, गलीज- मुकेश कुमार, गड़बड़ी- अमन कुमार, गबरघिचोर- कुंदन कुमार, जल्लाद- प्रेम प्रकाश सैनिक रहे। रूप सज्जा जयप्रकाश मिश्र का और संगीत में अखिलेश सिंह, लवकुश कुमार, अभिजीत कुमार, शशि भूषण शर्मा, सऊद आलम, भोला सिंह, आसिफ हसन, राजीव रंजन त्रिपाठी, हुस्ना फातिमा, संजय गुप्ता का रहा। मौके पर वरीय मंडल कार्मिक अधिकारी अतुल कुमार, अनिल सुलभ, अध्यक्ष बिहार हिंदी साहित्य सम्मेलन, प्रो (डॉ) मधु प्रभा सिंह, मनीष कुमार, समाजसेवी दीनानाथ प्रसाद यादव सहित कई गणमान्य हस्तियां मौजूद थे।

# मनिहारी घाट पर उमड़ेगी आस्था, श्रद्धालुओं की सुविधाओं को लेकर उठे सवाल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**मनिहारी (कटिहार)।** भगवान शिव का अतिप्रिय सावन मास 30 जुलाई से प्रारंभ हो रहा है। सावन के आगमन के साथ ही मनिहारी के ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व वाले गंगाघाट पर लाखों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। सीमांचल के विभिन्न जिलों के अलावा पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी,झारखंड तथा पड़ोसी देश नेपाल से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु गंगाजल भरकर शिवालयों में जलाभिषेक के लिए मनिहारी पहुंचते हैं। सड़क और रेल मार्ग से आने वाले कांवरियों की सुविधा को लेकर स्थानीय लोगों ने आवश्यक तैयारियां शीघ्र पूरी करने की मांग की है। श्रद्धालुओं का कहना है कि गंगाघाट और नगर क्षेत्र में अब भी कई बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। मनिहारीझनारायणपुर फोरलेन से नवाबगंज होकर मनिहारी आने वाली सड़क का एक हिस्सा अधूरा पड़ा है, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। सड़क के दोनों ओर उगी ऊंची घास और झाड़ियां भी यात्रियों के लिए परेशानी का कारण हैं। नगर क्षेत्र में कई स्थानों पर नालों का गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है तथा जलापूर्ति पाइपलाइन टूटने से लगातार जल रिसाव हो रहा है। इससे श्रद्धालुओं को मंदिरों तक पहुंचने में कठिनाई का सामना करना पड़ सकता है। मनिहारी थाना के समीप स्थित ऐतिहासिक अर्द्धनारीश्वर मंदिर परिसर की साफ-सफाई तथा रेलवे स्टेशन के पास स्थित शिवसेना मंदिर के आसपास अतिक्रमण हटाने की भी आवश्यकता महसूस की जा रही है, ताकि कांवरियों का आवागमन सुगम हो सके। गंगाघाट पर स्नान के दौरान नदी में मौजूद छोटे-छोटे कंक्रीट पिलरों से श्रद्धालुओं के चोटिल होने की आशंका भी जताई जा रही है। बड़ी संख्या में आने वाली महिला कांवरियों के लिए चलंत शौचालय, वस्त्र परिवर्तन केंद्र, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था और पर्याप्त सुरक्षा बल की तैनाती की मांग उठ रही है। साथ ही खतरनाक घाटों को चिह्नित कर वहां स्नान पर रोक लगाने तथा सुरक्षा कर्मियों की तैनाती सुनिश्चित करने की आवश्यकता बताई जा रही है, ताकि सावन के दौरान श्रद्धालु सुरक्षित एवं सुगम वातावरण में अपनी धार्मिक आस्था का निर्वहन कर सकें। श्रावणी मेले को लेकर एसडीएम की अध्यक्षता में हुई बैठक में जिप सदस्य सुमति देवी ने इसे राजकीय मेले का दर्जा दिलाने की मांग की। नगर मुख्य पार्षद ने श्रद्धालुओं को सर संभव सेवा सुविधा दिये जाने का भरोसा दिलाया। साथ ही नारायणपुर के पास एन एच ए आई के तहत बध रही सडकों के कुछ भाग तक अधूरा छोड दिये जाने के प्रति असंतोष जताते हुए इसे दुर्घटना को आमंत्रण देनेवाला बताया । कांवर यात्रा आरंभ होने से पूर्व इसको दुरुस्त किये जाने की मांग की। समाजसेवी एवं कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष मुन्ना सिंह ने दूर दराज से वाहन के माध्यम से मनिहारी पहुंचनेवाले यात्रियों के पडाव स्थल वाहन पार्किंग स्थल के आस पास चलंत शौचालय की व्यवस्था, रेलवे स्टेशन मनिहारी मे उन दिनो कांवरियों की भाडी भीड के मद्देनजर स्टेशन परिसर में पेयजल, समुचित प्रकाश, साफ सफाई एवं शौचालय कक्ष की पर्चाप्त साफ सफाई की मांग की। मनिहारी से गंगाजल भर कर आजमनगर स्थित गोरखनाथ धाम जाने वाली कांवरिया पथों के उन्नयन, पर्याप्त लाईट लगाने, पुलिस गस्त कराये जाने की मांग नगर उपाध्यक्ष मनिहारी नगर शुभम पोद्दार ने की है। उन्होंने कहा कि विगत वर्षो में नारायणपुर के पास कुछ असामाजिक तत्वो द्वारा कांवरियों के साथ दुरव्यवहार किया गया था।

## 10 लीटर देसी शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** बिहार में शराबबंदी कानून को प्रभावी बनाने के लिए रफीगंज थाना पुलिस लगातार अभियान चला रही है। इसी क्रम में रफीगंज थाना कांड संख्या 247/26 के तहत बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद (संशोधित) अधिनियम, 2022 के एक अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान दिनानाथ कुमार, पिता जमींदार पासवान, निवासी मुंजाड़ी के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके घर से 10 लीटर देशी शराब बरामद की है। गिरफ्तारी के बाद आरोपी के विरुद्ध अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जा रही है। थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि शराब तस्करी एवं अवैध कारोबार के खिलाफ पुलिस का अभियान लगातार जारी रहेगा और कानून तोड़ने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# गुणवत्तापूर्ण मखाना उत्पादन व मूल्य संवर्धन पर किसानों को प्रशिक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** जिला संयुक्त कृषि भवन में आत्मा के तत्वावधान में मखाना की खेती करने वाले बोनाफाइड किसान समूहों एवं एफपीओ के प्रतिनिधियों की गोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कृषि पदाधिकारी सह आत्मा के परियोजना निदेशक राजीव कुमार ने की। गोष्ठी को तक मखाना से राष्ट्रीय मिठाई जलेबी तैयार कर उसे बाजार में उपलब्ध कराने की दिशा में भी प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बेहतर गुणवत्ता, स्वाद एवं पौष्टिकता के कारण कटिहार का मखाना राष्ट्रीय ही नहीं,अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भी अपनी पहचान बना रहा है। किसानों से गुणवत्तापूर्ण उत्पादन और संगठित विपणन पर




संबोधित करते हुए जिला कृषि पदाधिकारी ने कहा कि जिले में उन्नत एवं गुणवत्तापूर्ण मखाना उत्पादन के प्रति किसानों का बढ़ता रुझान उत्साहजनक है। उन्होंने बताया कि मखाना की खेती का लगातार बढ़ता रकबा जिले के लिए शुभ संकेत है। किसानों को आत्मा के माध्यम से आधुनिक तकनीक,वैज्ञानिक अनुसंधान, उन्नत उत्पादन विधियों तथा गुणवत्तापूर्ण खेती का नियमित प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने मखाना के मूल्य संवर्धन पर विशेष बल देते हुए कहा कि केवल कच्चा उत्पाद बेचने के बजाय उससे विभिन्न खाद्य उत्पाद तैयार कर किसान अधिक लाभ कमा सकते हैं। वर्तमान में मखाना से 20-25 प्रकार के स्वादिष्ट एवं पौष्टिक व्यंजन तैयार किए जा रहे हैं, जिनकी बाजार में अच्छी मांग है। साथ ही आगामी 15 अगस्त विशेष ध्यान देने की अपील की गई। इस मौके पर आत्मा के परियोजना उप निदेशक शशिकांत झा ने कहा कि जिले के सभी मखाना उत्पादक किसानों का एक मखाना किसान संघ बनाने व मखाना को अंतराष्ट्रीय बाजारों तक पहुंचाने की दिशा मे प्रयास जारी है। कहा कि जिले को मखाना उत्पादन के क्षेत्र में व इससे तैयार विभिन्न स्वादिष्ट, पौष्टिक व्यंजनों के माध्यम से जिले को राष्ट्रीय व अंतराष्ट्रीय स्तर पर एक विशेष पहचान दिलाने की दिशा में गंभीर प्रयास हो रहे हैं। गोष्ठी के उपरांत डीएओ के नेतृत्व मे जिले के मखाना उत्पादक किसान, एफपीओ के सदस्यों ने जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी के वेश्म मे जाकर उनसे मुलाकात की। किसानो ने अपने साथ लाये मखाना के विभिन्न उत्पाद व व्यंजनों का अवलोकन कराया।

## संक्षिप्त समाचार

### सात वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**गिरियक (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** गिरियक में एक 7 वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म किए जाने का मामला आया है। घटना के बाद पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है।अभिभावक को पता चला जब उसकी बच्ची खून से लतपथ मिली। बच्ची जब होश में आई तो आप बीती घटना बताई। इस सन्दर्भ में पीडिता की माँ द्वारा स्थानीय थाना गिरियक में लिखित आवेदन दिया गया है जिसके आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 24 घंटे बाद ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी गिरियक के आदमपुर निवासी संजय यादव का 20 वर्षीय पुत्र संजीव कुमार है।

### मुख्यमंत्री के बिहारशरीफ दौरे को लेकर हेलीपैड क्षेत्र बना अस्थायी रेड जोन

**बिहारशरीफ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मुख्यमंत्री सम्राट चैधरी के 27 जुलाई को नालंदा जिले के बिहारशरीफ भ्रमण कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन ने सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए हैं। मुख्यमंत्री की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कार्यक्रम स्थल (हेलीपैड) के आसपास के क्षेत्र को अस्थायी रेड जोन घोषित किया है।जिला प्रशासन की ओर से पुलिस अधीक्षक ने मुख्यमंत्री की सुरक्षा के दृष्टिकोण से कार्यक्रम स्थल के आसपास ड्रोन सहित सभी प्रकार के गैर-पारंपरिक उड़ान उपकरणों के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है।इसके तहत हेलीपैड एवं आसपास के चिन्हित क्षेत्र में ड्रोन, हॉट एयर बैलून, पैरा मोटर्स, पैरा ग्लाइडर्स, पावर्ड हैंड ग्लाइडर सहित अन्य सभी प्रकार के गैर-पारंपरिक उड़ान उपकरणों के संचालन पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि मुख्यमंत्री के भ्रमण कार्यक्रम के दौरान जारी सुरक्षा निदेर्शों का पालन करें तथा प्रतिबंधित क्षेत्र में किसी भी प्रकार के उड़ान उपकरण का उपयोग नहीं करें।

### नालंदा में 20 एमटी क्षमता वाले दही-लस्सी प्लांट का आज मुख्यमंत्री करेगे शिलान्यास

**बिहारशरीफ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बिहार सरकार के डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग के तत्वावधान में 27 जुलाई को 11 बजे बिहारशरीफ में मुख्यमंत्री सम्राट चैधरी नालंदा जिले में 20 मीट्रिक टन प्रतिदिन क्षमता वाले अत्याधुनिक दही एवं लस्सी प्लांट का शिलान्यास करेंगे।कार्यक्रम के दौरान कॉम्फेड द्वारा संचालित एचपीसीएल पेट्रोल पंप एवं सुधा कैफेटेरिया का भी शिलान्यास किया जाएगा। इसके साथ ही पशु उठाव एवं परिवहन वाहन का लोकार्पण किया जाएगा तथा जिले के 300 खुदरा विक्रेताओं के बीच डीप फ्रीजर का वितरण होगा। इस पहल से दुग्ध उत्पादों के सुरक्षित भंडारण, गुणवत्ता संरक्षण और विपणन व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने में मदद मिलेगी।कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चैधरी एवं विजेन्द्र प्रसाद यादव विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। वहीं ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग के मंत्री नन्द किशोर राम करेंगे। इस अवसर पर जिले के सांसद, विधान परिषद एवं विधानसभा के सदस्य, अन्य जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी, बड़ी संख्या में दुग्ध उत्पादक किसान तथा सहकारी समितियों के सदस्य भी उपस्थित रहेंगे।

### गोलियों की आवाज से दहशत

**परवलपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** शनिवार की देर रात्रि में परबलपुर बाजार के मुख्य सड़क स्थित एक निजी डॉक्टर के आवास से सटे करीब नौ बजे रात्रि में अज्ञात बदमाशों ने करीब आठ से नौ राउंड फायरिंग कर पूरे इलाके में दहशत फैला दी। घटना के बाद बाजार में अफरा-तफरी मच गई और लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की, लेकिन देर रात तक किसी बदमाश की गिरफ्तारी नहीं हो सकी।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, फायरिंग की घटना डॉ. ओमप्रकाश आर्य के आवास के समीप हुई। स्थानीय लोगों का आरोप है कि घटनास्थल से महज 200 मीटर की दूरी पर पुलिस की गश्ती टीम मौजूद थी, फिर भी बदमाश आराम से फरार हो गए। इससे लोगों में पुलिस की कार्यशैली को लेकर नाराजगी देखी गई।

### तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से दो छात्रों की मौत

**बिहारशरीफ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** छबिलापुर थाना क्षेत्र के राजगीर-गया मुख्य मार्ग पर नीमा गांव के समीप रविवार को हुए भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार दो दोस्तों की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद अज्ञात वाहन चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। घटना से दोनों परिवारों में कोहराम मच गया।मृतकों की पहचान गया जिले के नीमचक बथानी थाना क्षेत्र के चैसंडी गांव निवासी 19 वर्षीय मो. अरबाज और 18 वर्षीय मो. समीर के रूप में हुई है। दोनों इंटरमीडिएट के छात्र थे और आपस में घनिष्ठ मित्र बताए जाते हैं।जानकारी के अनुसार, दोनों युवक रविवार को निजी कार्य से राजगीर आए थे। लौटने के दौरान नीमा गांव के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों सड़क पर गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़े, जबकि चालक वाहन सहित फरार हो गया। सूचना मिलने पर छबिलापुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को राजगीर अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### पंचायत विकास दिवस का आयोजन

**फलका/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के रहटा पंचायत के पंचायत सरकार भवन में पंचायत विकास दिवस मनाया गया। पंचायत दिवस की बैठक मुखिया राजेश कुमार रंजन ने की। मौके पर जिला परिषद प्रतिनिधि मनोज कुमार मंडल, उपमुखिया बबलू महलदार, पंचायत समिति सदस्य शंकर महोली, स्वच्छता पर्यवेक्षक अमित कुमार, विकास मित्र बुद्धदेव ऋषि, कार्यपालक सहायक रंजीत कुमार, ग्राम कचहरी सचिव मीरा कुमारी सभी स्वच्छता कर्मी, वार्ड सदस्य और ग्रामीण मौजूद रहे।

### साहेबनगर पंचायत भवन में सहयोग शिविर

**मनसाही/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मनसाही प्रखंड क्षेत्र के साहेबनगर पंचायत में मुखिया प्रतिनिधि मो. तज्जमुल हक के नेतृत्व में सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर अपनी विभिन्न समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए और आवश्यक जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर पंचायत प्रतिनिधियों एवं संबंधित कर्मियों ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा उनके त्वरित समाधान का आश्वासन दिया। शिविर में सरकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई और पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि मो. तज्जमुल हक ने कहा कि पंचायत स्तर पर इस प्रकार के सहयोग शिविरों का उद्देश्य आम जनता को सरकारी सेवाओं का लाभ आसानी से उपलब्ध कराना।

# जिलाधिकारी ने पंचायत विकास दिवस पर सुनी जनसमस्याएं

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**अररिया।** माह के अंतिम रविवार को जिले की सभी ग्राम पंचायतों में पंचायत विकास दिवस का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। इस क्रम में जिलाधिकारी अररिया विनोद दूहन ने जिले के भरगामा प्रखंड के सिरसिया कला पंचायत में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेकर पंचायत प्रतिनिधियों, जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों एवं ग्रामीणों के साथ विकास योजनाओं की प्रगति एवं भावी कार्ययोजना की विस्तृत समीक्षा की। बैठक के दौरान पंचायत के समग्र विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर ई-ग्राम स्वराज एवं ई-पंचायत पोर्टल के माध्यम से संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही वर्तमान में संचालित योजनाओं पर हुए व्यय, उनकी प्रगति तथा आगामी विकास योजनाओं की रूपरेखा पर विचार-विमर्श किया गया। स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप नई योजनाओं को शामिल करने पर भी सहमति बनी। जिलाधिकारी ने पंचायतों के समग्र एवं सतत विकास के लिए उपलब्ध संसाधनों का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करने पर बल दिया। बैठक में योजनाओं के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन, जनसहभागिता तथा पारदर्शिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि पंचायत विकास दिवस का उद्देश्य ग्रामीणों को विकास योजनाओं की योजना निर्माण प्रक्रिया से जोड़ना, पंचायत स्तर पर पारदर्शिता एवं जवाबदेही को बढ़ावा देना तथा ग्राम पंचायतों को आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाना है। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों से विकास कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया, ताकि स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सके। इस क्रम में जिलाधिकारी ग्रामीणों से रूबरू हुए तथा उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने पंचायत के समग्र विकास, आधारभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर ग्रामीणों से सुझाव भी प्राप्त किए।

# हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का विधायक ने किया उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**अमदाबाद (कटिहार)।** प्रखंड क्षेत्र किशनपुर पंचायत में हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का उद्घाटन मनिहारी विधायक मनोहर प्रसाद सिंह ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने पर जोर देते हुए स्वास्थ्यकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. जय कुमार ने बताया कि हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में सामान्य बीमारियों का उपचार, ब्लड प्रेशर एवं शुगर की जांच, गर्भवती महिलाओं और बच्चों की स्वास्थ्य सेवाएं, टीकाकरण, आवश्यक दवाओं का निःशुल्क वितरण तथा स्वास्थ्य संबंधी परामर्श एवं जांच की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। उद्घाटन समारोह में मुखिया प्रतिनिधि अखिलेश मंडल, स्वास्थ्य प्रबंधक अमन कुमार, संतोष कुमार पासवान, सीएचओ विनोद कुमार, जितेंद्र कुमार, रामचंद्र सिंह तथा कांग्रेस नेता निरंजन यादव सहित अन्य लोग उपस्थित रहे ।

# शहीद दिवस पर अमर वीर शिवशंकर गुप्ता को भावभीनी श्रद्धांजलि

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**रफीगंज (औरंगाबाद) ।** कारगिल शहीद दिवस के अवसर पर रफीगंज शहर के कासमा रोड स्थित कारगिल गैस एजेंसी परिसर में अमर शहीद शिवशंकर गुप्ता के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान उनकी पुण्य स्मृति में उपस्थित सभी लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। कार्यक्रम में शहीद की पत्नी रेखा देवी, पुत्र राहुल कुमार, परिजन, प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिकों ने पुष्प अर्पित कर देश के वीर सपूत को नमन किया। वक्ताओं ने कहा कि शहीद शिवशंकर गुप्ता ने कारगिल युद्ध में अदम्य साहस, वीरता और राष्ट्रभक्ति का परिचय देते हुए मातृभूमि की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। उनका त्याग और शौर्य आने वाली पीढ़ियों को सदैव प्रेरित करता रहेगा। मौजूद लोगों ने शहीद के पिता नंदलाल प्रसाद गुप्ता का सम्मान करते हुए कहा कि ऐसे वीर पुत्र को जन्म देकर उन्होंने पूरे जिले और देश का गौरव बढ़ाया है। सभी ने कहा कि अमर शहीद शिवशंकर गुप्ता का त्याग, समर्पण और बलिदान औरंगाबाद जिले के इतिहास में सदैव स्वर्ण अक्षरों में अंकित रहेगा। साथ ही एक दीप शहीद के नाम जलाया गया। इस अवसर पर थानाध्यक्ष शंभू कुमार,अपर थानाध्यक्ष कौशलेंद्र कुमार, एएसआई जयप्रकाश वाजपेयी, शहीद के पिता नंदलाल प्रसाद गुप्ता, भाई शिवदयाल प्रसाद गुप्ता, पत्नी रेखा देवी, बेटी निशा कुमारी, पुत्र राहुल कुमार, गोलू कुमार, रोहित कुमार, गोपाल सिंह, राकेश कुमार, रवि कुमार सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# फणीश्वरनाथ रेणु रेलवे इंस्टीट्यूट में रंगों की बिखरी छटा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार ।** कटिहार मंडल रेल स्थित फणीश्वरनाथ रेणु रेलवे इंस्टीट्यूट में रविवार को नन्हे बच्चों की रचनात्मक प्रतिभाओं का जलवा बिखेरा। हाल ही में जीर्णोद्धार के बाद नवनिर्मित परिसर में आयोजित भव्य चित्रकला प्रतियोगिता में करीब 120 बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी कल्पनाशीलता और कला कौशल का मनमोहक प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता को दो वर्गों में आयोजित किया गया। पहले वर्ग में कक्षा 6 तक के विद्यार्थियों तथा दूसरे वर्ग में कक्षा 7 एवं उससे ऊपर के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। बच्चों द्वारा बनाए गए आकर्षक चित्रों ने उपस्थित अभिभावकों एवं दर्शकों का मन मोह लिया। पूरे परिसर में उत्साह और उमंग का माहौल देखने को मिला।कार्यक्रम के सफल आयोजन में हाल ही में गठित नई समिति की महत्वपूर्ण भूमिका रही। समिति के सचिव रितेश ठाकुर एवं कोषाध्यक्ष अनुराग कुमार के नेतृत्व में सदस्य आलोक कुमार, अविनाश कुमार, लॉरेंश जूलियस, सूरज मिश्रा, विशाल तिवारी एवं बबलू पासवान ने पूरे आयोजन को सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराया। अभिभावकों ने भी नवनिर्मित इंस्टीट्यूट की बेहतर सुविधाओं और समिति की पहल की मुक्तकंठ से सराहना की।समिति ने घोषणा की है कि बच्चों और युवाओं की छिपी हुई प्रतिभाओं को निखारने के उद्देश्य से 15 अगस्त तक लगातार सांस्कृतिक एवं साहित्यिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिस दौरान आगामी 1 एवं 2 अगस्त को शास्त्रीय नृत्य एवं वेस्टर्न डांस प्रतियोगिता, 8 अगस्त को संगीत प्रतियोगिता, 9 अगस्त को भाषण प्रतियोगिता आयोजित होगा। इन सभी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को 15 अगस्त को आयोजित भव्य स्वतंत्रता दिवस समारोह में डीआरएम द्वारा प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा।

# भाजपा कार्यकताओं ने सुनी प्रधानमंत्री के मन की बात

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**मनसाही (कटिहार)।** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात को सामूहिक रूप से सुना। कार्यक्रम के दौरान देशहित, सामाजिक जागरूकता, स्वच्छता, आत्मनिर्भर भारत और जनभागीदारी जैसे विषयों पर प्रधानमंत्री के विचारों को ध्यानपूर्वक सुना गया।इस अवसर पर भाजपा के प्रखंड अध्यक्ष बब्बन कुमार सिंह के नेतृत्व में कार्यकताओं ने कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर रंजन कुमार झा,राजेंद्र प्रसाद मंडल,प्रदीप कुमार सिंह,अशोक झा, भोपाल पासवान, शिवम पोद्दार आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री के संदेशों को जन-जन तक पहुँचाने तथा संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प लिया। भाजपा नेताओं ने कहा कि मन की बात समाज में सकारात्मक बदलाव लाने और लोगों को राष्ट्र निर्माण के कार्यों से जोड़ने का प्रभावी माध्यम हैं।

# शिक्षा मंत्री के इस्तीफे के बाद कांग्रेस कमेटी की ओर से विजय उत्सव का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के पद से इस्तीफा देने के बाद देश का राजनीतिक पारा चढ़ गया है। विरोध अब जीत के जश्न में बदल गया है। कांग्रेस आलाकमान की ओर से जारी एक अति-महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश सर्कुलर के मुताबिक सभी जिला कांग्रेस कमेटियों को निर्देशित किया गया है कि वे सभी जिलों में 'विजय उत्सव' का आयोजन करे।कांग्रेस पार्टी का कहना है कि यह 'विजय उत्सव' देश के उन लाखों छात्रों और युवाओं के संघर्ष को समर्पित है, जो लंबे समय से शिक्षा व्यवस्था और अपने भविष्य को लेकर आवाज उठा रहे थे।राहुल गांधी के नेतृत्व की जीत"कांग्रेस ने इस राजनीतिक मोड़ का श्रेय अपने पूर्व अध्यक्ष और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष श्री राहुल गांधी को दिया है। यह विजय उत्सव राहुल गांधी जी के उस दृढ़ नेतृत्व और लगातार किए गए संघर्ष का नतीजा है, जिसने केंद्र सरकार को बैकफुट पर धकेलने और यह सख्त कदम इस्तीफा उठाने पर मजबूर कर दिया। इस विजय मार्च "के अवसर पर बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष सऊद आलम, प्रदेश अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष अल्तमश दीवान, प्रदेश प्रवक्ता प्रेम राय, कटिहार जिला कांग्रेस कमेटी के संजय सिंह, जिला प्रवक्ता पंकज कुमार तमाखुवाला, मो. असलम, राजेश रंजन मिश्रा, पुतुल सिंह, राज आनंद सिंह, मो. मशरूर, मीनाक्षी श्वेता, डॉ बिपिन सिंह, माधव पाण्डेय, मन्नी पासवान, मो. इश्तियाक, संतोष यादव, विक्रम पासवान, प्रदीप पासवान ,योगेंद्र यादव, विश्वनाथ साह, नवीन खंडेलिया, मिथिलेश सिंह, अनु सिंह,मुकेश साह, जटा शंकर झा, अमर तिवारी, मुकेश मंडल, शशि प्रकाश सिंह, धनंजय ठाकुर, मो वहाब, कुंदन झा, यशवंत कुमार सेठी आदि नेताओं की उपस्थिति रही।

# कारगिल दिवस पर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**कटिहार।** कारगिल विजय दिवस की 27वीं वर्षगांठ पर युद्ध में शहीद सेना के वीर जवानों को श्रद्धांजलि दी गई। इसको लेकर समाहरणालय से सटे कारगिल चौक पर स्थापित शहीद स्तंभ के पास जिला प्रशासन के वरीय पदाधिकारियों एवं प्रबुद्ध जनों की भीड़ जुटी थी। लोगों ने मातृभूमि की रक्षा में अपने प्राण गंवाने वाले वीर सैनिकों के बलिदान को याद करते हुए उन्हें फूलमाला चढाकर नमन किया। मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर सपूतों को श्रद्धांजलि अर्पित की। सोमवार की सुबह पूरा कारगिल चौक देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया। जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी, पुलिस अधीक्षक परिचय कुमार,अपर समाहर्ता डा.बिनोद कुमार सहित अन्य जिलास्तरीय पदाधिकारी, कर्मी एवं स्थानीय लोग कारगिल शहीद स्तम्भ पर पहुंच कर पुष्पचक्र और पुष्प अर्पित किया। इस दौरान भारत माता की जय और वीर शहीद-अमर रहें जैसे नारे वातावरण में गूंजते रहे। लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर शहीद जवानों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। जिन्होंने बफीर्ली पहाड़ियों पर दुश्मनों के दांत खट्टे करते हुए अपने प्राणों का बलिदान दिया। मौके पर डीएम ने अपने संबोधन में संबोधन में डीएम ने कहा कि कारगिल युद्ध एवं जवानों का बलिदान भारत के इतिहास के पन्नों में दर्ज रहेगा। उन्होंने कहा कि कारगिल युद्ध में हमारे वीर जवानों ने जिस अदम्य साहस, वीरता और पराक्रम का परिचय दिया था, वह दुनिया के इतिहास में अद्वितीय है। दुश्मनों के इरादों को भारतीय सेना के जाबांजों ने अपना खून देकर नाकामयाब बना दिया था। जिलाधिकारी ने कहा कि आज हम अपने घरों में जो चैन की सांस लेते हैं, वह सिर्फ और सिर्फ हमारे सीमा के प्रहरियों के बदौलत हीं हमें प्राप्त हो रहा है।उन्होंने कहा कि कारगिल विजय दिवस महज एक तिथि नहीं है,बल्कि एक तारीख नहीं है, देशवासियों की देशभक्ति, अटूट एकता और राष्ट्रसेवा के प्रति समर्पण का पर्व भी है। एसपी श्री कुमार ने भी सैनिकों के शौर्य और बलिदान को याद करते हुए कहा कि भारतीय सेना के जवानों का बलिदान अमर है, इसे इतिहास कभी नहीं भुला सकता। इन वीरों का बलिदान हमारे पुलिस महकमे के लिए भी प्रेरणादायी रहा है। मौके पर उप विकास आयुक्त अमित कुमार, सदर एसडीओ प्रद्युम्न सिंह यादव सहित अन्य जिलास्तरीय पदाधिकारी व स्थानीय लोग मौजूद

# एनटीपीसी कहलगांव के सहयोग से आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 260 ग्रामीण लाभान्वित


नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**भागलपुर।** जिले के कहलगांव अनुमंडल के ग्रामीण क्षेत्रों तक गुणवत्तापूर्ण एवं सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने हेतु आज सौर गांव में एनटीपीसी कहलगांव के जीवन ज्योति अस्पताल एवं नैगम सामाजिक दायित्व विभाग के सहयोग से निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में जीवन ज्योति अस्पताल के डॉ. कन्हैया लाल यादव एवं डॉ. अभिनंदन जे. श्रीयन ने कुल 260 मरीजों की विस्तृत स्वास्थ्य जाँच कर आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया। इस दौरान मरीजों का रक्तचाप (बीपी), रक्त शर्करा (ब्लड शुगर) एवं सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। चिकित्सकीय आवश्यकता के अनुसार लाभार्थियों को निःशुल्क दवाइयों का वितरण भी किया गया। शिविर के सफल संचालन में एनटीपीसी कहलगाँव के नैगम सामाजिक दायित्व (सीएसआर) टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। टीम ने स्थानीय स्तर पर जनसंपर्क, पंजीकरण, शिविर स्थल की व्यवस्था तथा लाभार्थियों के सुचारु प्रबंधन में सक्रिय सहयोग दिया। जिससे कार्यक्रम व्यवस्थित एवं प्रभावी ढंग से संपन्न हुआ। जीवन ज्योति अस्पताल की चिकित्सकीय एवं सहयोगी टीम ने स्वास्थ्य परीक्षण, चिकित्सकीय परामर्श तथा दवा वितरण की संपूर्ण प्रक्रिया को सुचारु रूप से संचालित किया। खासकर, जीवन ज्योति अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कृष्णकांत चौधरी के मार्गदर्शन एवं निगरानी में चिकित्सा दल एवं सीएसआर टीम के समन्वित प्रयासों से ग्रामीणों को उनके गाँव में ही गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराई गईं, जिससे उन्हें उपचार हेतु दूरस्थ क्षेत्रों की यात्रा करने की आवश्यकता नहीं पड़ी। इधर स्थानीय ग्रामीणों ने एनटीपीसी कहलगांव के जीवन ज्योति अस्पताल एवं सीएसआर विभाग की इस जनकल्याणकारी पहल की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे स्वास्थ्य शिविरों के नियमित आयोजन की अपेक्षा व्यक्त की। यह पहल एनटीपीसी कहलगाँव की सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के प्रति प्रतिबद्धता तथा ग्रामीण समुदाय के स्वास्थ्य एवं कल्याण को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## एनटीपीसी कहलगांव ने हाई मास्ट लाइट चालू

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**भागलपुर।** आगामी 28 जुलाई से आरंभ श्रावणी मेला के दौरान श्रद्धालुओं और आमजनों की सुरक्षा एवं सुविधा के मद्देनजर एनटीपीसी कहलगाँव ने अपनी नैगम सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) पहल के तहत जिले के नवगछिया क्षेत्र के जहान्वी चौक पर हाई मास्ट लाइट को चालू कर दिया है। इस हाई मास्ट लाइट टावर के चालू होने से समूचे क्षेत्र में रात्रिकालीन प्रकाश व्यवस्था बेहतर हो गई है। फलस्वरूप श्रावणी मेला के दौरान भागलपुर और सुल्तानगंज की तरफ बड़ी संख्या में जाने- आने वाले श्रद्धालुओं एवं राहगीरों की आवाजाही अधिक सुरक्षित और सुगम हो सकेगी। इधर स्थानीय लोगों ने एनटीपीसी कहलगाँव के इस समयोचित पहल की सराहना करते हुए संस्थान (एनटीपीसी) के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि एनटीपीसी कहलगाँव अपने विभिन्न सीएसआर कार्यक्रमों के माध्यम से भागलपुर जिले के सामाजिक विकास एवं जनकल्याण के लिए निरंतर महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। इस बीच एनटीपीसी कहलगांव के मुख्य महाप्रबंधक रविन्द्र शर्मा ने बताया कि आसपास के क्षेत्रों में आमलोगों को बुनियादी सुविधाएं मुहैय्या कराने की दिशा में एनटीपीसी कहलगांव सदैव तैयार है औ हमारा दायित्व भी बनता है कि सामान्य दिनों के अलावे श्रावणी मेला जैसे खास मौके पर श्रद्धालुओं को जरुरी सुविधाएं उपलब्ध कराएं।

## शिक्षा मंत्री के इस्तीफे से वाम संगठनों में हर्ष

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे पर रविवार को ऑल इंडिया यूथ फ़ेडरेशन एवं ऑल इंडिया स्टूडेंट्स फ़ेडरेशन के संयुक्त तत्वावधान में प्रखंड कार्यालय के समक्ष कार्यकर्ताओं ने खुशी व्यक्त करते हुए कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को बधाई दी और इसे छात्र-युवा आंदोलनों की महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एआईवाईएफ के प्रखंड अध्यक्ष मो. नसीम ने की, जबकि संचालन संगठन के सचिव रौशन कुमार ने किया। वक्ताओं ने कहा कि छात्रों एवं युवाओं के हितों, शिक्षा व्यवस्था में सुधार तथा विभिन्न शैक्षणिक मुद्दों को लेकर लंबे समय से आंदोलन चलाया जा रहा था। उन्होंने उम्मीद जताई कि सरकार अब नई शिक्षा नीति एवं शिक्षा व्यवस्था से जुड़े विषयों पर छात्रों और युवाओं की भावनाओं का सम्मान करते हुए सकारात्मक एवं ठोस कदम उठाएगी। कार्यकर्ताओं ने कहा कि शिक्षा और रोजगार से जुड़े जन सरोकारों के मुद्दों पर उनका संघर्ष आगे भी जारी रहेगा। कार्यक्रम के अंत में सभी ने लोकतांत्रिक तरीके से छात्र-युवा अधिकारों की लड़ाई को और मजबूत करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर अजय कुमार, मो. इकबाल, के उपाध्यक्ष राजीव कुमार, जितेंद्र कुमार, रितेश कुमार, राजेंद्र कुमार, सुनील कुमार, अरविंद कुमार सहित बड़ी संख्या में छात्र-युवा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## शूटिंग चैंपियनशिप में मनीष ने जीता गोल्ड

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** 36वीं बिहार राज्य शूटिंग चैंपियनशिप में बेगूसराय के शूटर मनीष ने 50 मीटर राइफल स्पर्धा में गोल्ड मेडल जीतकर जिले का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता का आयोजन बिहार स्टेट राइफल एसोसिएशन द्वारा पटना के बिक्रम स्थित साकेत सिंह शूटिंग एकेडमी में किया गया था। मनीष ने बताया कि इस बार तैयारी पूरी नहीं थी, फिर भी मेहनत रंग लाई। अगर तैयारी और बेहतर होती तो वे अन्य स्पर्धाओं में भी पदक जीत सकते थे। जिले में राइफल एसोसिएशन नहीं होने के कारण मनीष मुंगेर राइफल एसोसिएशन से जुड़े हैं। प्रतियोगिता से पहले वे रोजाना 4 से 5 घंटे अभ्यास करते थे। उनका कहना है कि शूटिंग में निरंतर अभ्यास, एकाग्रता और धैर्य सबसे जरूरी है। मनीष अब तक 8 गोल्ड, 2 सिल्वर और 1 ब्रॉन्ज मेडल जीत चुके हैं। उनका लक्ष्य अब राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन कर बिहार और देश का नाम रोशन करना है।

## धीमी गति से चल रहा नर्सिंग कॉलेज निर्माण कार्य

**औरंगाबाद (नबिटा संवाददाता)।** सदर अस्पताल के ठीक सामने नर्सिंग कॉलेज का निर्माण कार्य चल रहा है। प्रगति इतनी धीमी है कि कब पूरा होगा कहा नहीं जा सकता। बता दें कि नर्सिंग कॉलेज का निर्माण काफी धीमी गति से चल रहा है। वहीं जब कार्य प्रारंभ हुआ था तो लोगों को लगा था कि अब यहां नर्सिंग की पढ़ाई प्रारंभ हो जाएगी परंतु अभी तक निर्माण कार्य पूर्ण नहीं हो सका है। लोगों को नर्सिंग की शिक्षा लेने के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। वर्तमान में यहां के बच्चे दूसरे जिले में जाकर सरकारी नर्सिंग कॉलेज में पढ़ाई करते हैं।

## संगठन विस्तार को लेकर कांग्रेस की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** प्रखंड कांग्रेस कमेटी की बैठक रविवार को हसनपुर बागर पंचायत स्थित कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शिव शंकर सिंह उर्फ पलटू सिंह के आवास पर आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष श्रीमती निशा शर्मा ने की। बैठक में कांग्रेस संगठन को पंचायत स्तर तक मजबूत बनाने एवं पार्टी के विस्तार को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान मंडल अध्यक्षों एवं पंचायत अध्यक्षों के चयन की प्रक्रिया पर विचार-विमर्श किया गया। साथ ही प्रखंड कांग्रेस कमेटी के गठन को शीघ्र पूरा करने पर भी सहमति बनी। प्रखंड अध्यक्ष निशा शर्मा ने कहा कि संगठन को बूथ एवं पंचायत स्तर तक सशक्त बनाकर अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ा जाएगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन की मजबूती के लिए सक्रिय भूमिका निभाने तथा जनसरोकार के मुद्दों को लेकर आम लोगों के बीच लगातार संपर्क बनाए रखने का आह्वान किया। बैठक में संगठन के विस्तार, कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियों तथा आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर भी चर्चा की गई।बैठक में पूर्व प्रखंड अध्यक्ष सुरेश पासवान, कपिल देव साह, अहमद हुसैन, श्याम कुमार, दिलीप सहनी, जनार्दन महतो, विजय कुमार, प्रवीण कुमार, श्रीराम सिंह, बलवीर शर्मा, मोहम्मद सदाकत, कालेश्वर ताती सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## देसी शराब के साथ एक गिरफ्तार

**भगवानपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र की पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक घर से 8 लीटर देसी शराब बरामद की है। इस मामले में पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुलिस ने थाना क्षेत्र के भगवानपुर मुसहरी निवासी रुकेश सदा उर्फ रूपेश सदा, पिता- स्वर्गीय बालेश्वर सदा के घर छापेमारी की गई। तलाशी के दौरान घर से एक प्लास्टिक के थैले में रखी 4 सफ़ेद रंग की पारदर्शी पन्नी में कुल 8 लीटर देसी शराब बरामद की गईइस संबंध में भगवानपुर थाना में कांड संख्या 205/26, दर्ज किया गया है। मामला बिहार मध्य निषेध एवं उत्पाद संशोधित अधिनियम की धारा 30(ए) के तहत दर्ज किया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि कांड के अभियुक्त रुपेश सदा को गिरफ्तार कर उसे न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।

# डॉ. अर्चना सिंह अध्यक्ष एवं डॉ. कृष्ण कुमार बने सचिव

## सनातनी गंगा फाउंडेशन की नई कार्यकारिणी का गठन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**आरा।** शहर के शुभ नारायण नगर मझौंवा स्थित संभावना आवासीय उच्च विद्यालय के जुबली हॉल में शनिवार को सनातनी गंगा फाउंडेशन के कार्यकारिणी के गठन एवं घोषणा को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन महावीर मंदिर के पुजारी सुमन बाबा, सनातनी गंगा फाउंडेशन की अध्यक्ष डॉ. अर्चना सिंह, शंभू चौरसिया, अवधेश पांडेय, मनोज कुमार सिंह, राम कुमार सिंह समेत अन्य लोगों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। संचालन पर्यावरण प्रेमी आनंद कुमार एवं धन्यवाद ज्ञापन सनातनी गंगा फाउंडेशन के सचिव डॉ. कृष्ण कुमार ने की। संभावना स्कूल की छात्राओं द्वारा राम कथा 'हम कथा सुनाते राम सकल गुण धाम की...' प्रस्तुति दी। अधिवक्ता डॉ. संदीप कुमार ने सनातनी गंगा फाउंडेशन के उद्देश्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। शंभू चौरसिया द्वारा सनातनी गंगा फाउंडेशन के कार्यकारिणी की घोषणा की गई। नई कार्यकारिणी में सनातनी गंगा फाउंडेशन भोजपुर की अध्यक्ष डॉ. अर्चना सिंह (प्राचार्या संभावना आवासीय उवि) के अलावे डॉ. कृष्ण कुमार (वरीय पत्रकार) को सचिव, गुड्डु सिंह बबुआन (समाजसेवी) को कोषाध्यक्ष बनाया गया। वहीं डॉ. विकास सिंह (सर्जन), राजा तिवारी (पूर्व मेयर प्रतिनिधि) नवीन सिंह एवं प्रतिभा सिंह (वरीय अधिवक्ता) को उपाध्यक्ष, शंभु चौरसिया को महासचिव, पर्यावरण प्रेमी आनंद कुमार को मीडिया प्रभारी एवं रिशु कुमार को कार्यालय प्रभारी बनाया गया। वहीं कार्यकारिणी सदस्यों में डॉ. संदीप श्रीवास्तव (अधिवक्ता), अवधेश कुमार (रि.सीनियर मैनेजर एसबीआई), रामकुमार सिंह (रि.असिस्टेंट कमिश्नर, कस्टम) मनोज सिंह मुखिया (प्रदेश मुखिया संघ के पूर्व अध्यक्ष, अमित सिंह (जिला संयोजक नमामि गंगा परियोजना), विष्णु शंकर (चित्रकार), डॉ. रोहित तिवारी (फिजियोथैरापिस्ट), राम अनुज सिंह (रि. सब इंस्पेक्टर) मोहित कुमार (रोटी बैंक), को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया। वहीं हरिओम एवं शैलेंद्र को सदस्य बनाया गया। अपने संबोधन में अध्यक्ष डॉ. अर्चना सिंह ने कहा कि सनातन जिस व्यक्ति में सनातन रहता है, उसमें कुछ कर गुजरने की क्षमता रहती है। सनातन अजर है, अमर है। सृष्टि की शुरुआत ही सनातन से हुई है। सनातनी गंगा फाउंडेशन सांस्कृतिक विरासत एवं पर्यावरण को संरक्षित रखने के लिए कार्य कर रहा है। जहां-जहां गंगा का बहाव होता है। वहां की सभ्यता एवं संस्कृति काफी समृद्ध है, उन्होंने कहा कि आगामी 12 से 22 दिसंबर तक सनातनी गंगा फाउंडेशन द्वारा श्रीलंका भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। वहीं अवधेश कुमार पांडेय ने कहा कि सनातन और गंगा के बीच अनोनाश्रय संबंध है। सृष्टि की स्थापना के साथ ही सनातन चल रहा है। मौके पर पुजारी सुमन बाबा, प्रतिभा सिंह, राम कुमार सिंह, मनोज कुमार सिंह, नवीन प्रकाश, पिंटू तिवारी, मोहित कुमार, विष्णु शंकर आदि ने अपनी बातों को रखा।

# श्री हनुमान मंदिर बड़ी मठिया में महादलित बच्चों के बीच ड्रेस, पाठ्य सामग्री व छाते का वितरण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**आरा (भोजपुर)।** स्थानीय श्री हनुमान मंदिर बड़ी मठिया प्रांगण में रविवार, 26 जुलाई 2026 को सुबह 9:00 बजे एक विशेष समाज सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पूज्य जीयर स्वामी जी महाराज के प्रधान शिष्य एवं बड़ी मठिया के महंत श्री अयोध्या नाथ स्वामी जी की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में सैकड़ों महादलित बच्चों के बीच मुफ्त स्कूल ड्रेस, पाठ्य सामग्री, छाता एवं अन्य दैनिक जरूरतों के सामान का वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से उपस्थित पद्मश्री सम्मानित तथा 'नई आशा' एनजीओ के संचालक भीम सिंह भवेश एवं शहर के कई गणमान्य व्यक्तियों ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महंत श्री अयोध्या नाथ स्वामी जी ने बच्चों को शिक्षा और संस्कारों का महत्व समझाते हुए एक प्रेरक कथा सुनाते हुए कहा कि यदि हमारे मन में कुछ सीखने और आगे बढ़ने की सच्ची लगन है, तो कोई भी कठिनाई हमें रोक नहीं सकती। साधन केवल एक माध्यम हैं, असली शक्ति आपकी लगन और मेहनत में है। आप सभी बच्चे इस देश का भविष्य हैं। मन लगाकर पढ़ाई करें, बड़ों का आदर करें और अच्छे संस्कार अपनाएं। जब आप शिक्षित और गुणी बनेंगे, तभी समाज और देश का सही कल्याण होगा। कार्यक्रम में पद्मश्री भीम सिंह भवेश ने मठ की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि वंचित वर्ग के बच्चों को शिक्षा और बुनियादी सुविधाएँ उपलब्ध कराना ही सच्ची मानव सेवा है। इस अवसर पर शहर के कई प्रमुख समाजसेवी, नागरिक एवं बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे, जिन्होंने इस पुनीत कार्य की मुक्त कंठ से प्रशंसा की।

## पशुओं में फैल सकता है लम्पी स्किन डिजीज

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड कृषि विज्ञान केंद्र के प्रधान एवं पशु चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ रामकृष्ण रॉय ने चेतावनी दी है कि सितंबर-अक्टूबर में बिहार में गाय-भैंसों में 'लम्पी स्किन डिजीज' तेजी से फैल सकती है। डॉ रॉय ने बताया कि यह एक संक्रामक वायरल बीमारी है। इसमें पशुओं के शरीर पर गांठें और फफोले निकल आते हैं। साथ ही तेज बुखार, कमजोरी, दूध उत्पादन में गिरावट और खाने-पीने में दिक्कत होती है। गंभीर मामलों में पशु की मौत भी हो सकती है। रोग निगरानी प्रणाली के अनुसार तापमान, नमी और बारिश के विश्लेषण से पता चला है कि इस बार बिहार के कई जिलों में इस बीमारी के फैलने की अनुकूल परिस्थितियां बन रही हैं।

# शाहपुर-बनाही रोड निर्माण शुरू

## तीन राष्ट्रीय राजमार्गों को जोड़ने वाली लाइफलाइन सड़क का निर्माण कार्य शुरू

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**शाहपुर।** तीन राष्ट्रीय राजमार्गों को जोड़ने वाली बहुप्रतीक्षित शाहपुर-बनाही सड़क के निर्माण कार्य ने आखिरकार गति पकड़ ली है। अत्याधुनिक एफडीआर (फुल डेप्थ रिक्लेमेशन) तकनीक से सड़क निर्माण का कार्य शाहपुर की ओर से शुरू कर दिया गया है। इस सड़क के बनने से क्षेत्र में आवागमन की सुविधा बेहतर होगी और व्यापारिक गतिविधियों को भी नया विस्तार मिलेगा। यह महत्वपूर्ण सड़क शाहपुर स्थित एनएच-84 को पटना-बक्सर फोरलेन एनएच-922 तथा जगदीशपुर के समीप आरा-मोहनिया एनएच-30 से जोड़ेगी। इससे शाहपुर, बिहिया और जगदीशपुर प्रखंडों के लोगों को सीधा और सुगम संपर्क मार्ग उपलब्ध होगा। वर्तमान में सड़क पर प्रथम लेयर तैयार करने का कार्य किया जा रहा है। निर्माण एजेंसी के अधिकारियों के अनुसार मौजूदा प्राक्कलन को संशोधित करने के लिए भेजा गया है। सर्वेक्षण के दौरान कई स्थानों पर सड़क के चौड़ीकरण तथा कुछ जगहों पर सड़क की ऊंचाई बढ़ाने की आवश्यकता महसूस की गई है। संशोधित प्राक्कलन को स्वीकृति मिलने के बाद शेष कार्य उसी अनुरूप कराया जाएगा। करीब दस किलोमीटर लंबी इस सड़क के निर्माण पर सरकार ने लगभग दस करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की है। यह सड़क शाहपुर से बनाही स्टेशन, चकरही, महुआव, हेतमपुर और शिवपुर होते हुए एनएच-30 से जुड़ेगी। सड़क बनने के बाद स्थानीय लोगों को बेहतर यातायात सुविधा मिलने के साथ कृषि उत्पादों के परिवहन, व्यापार और आपातकालीन सेवाओं में भी काफी सहूलियत होगी। स्थानीय लोगों का कहना है कि लंबे समय से इस सड़क के निर्माण की मांग की जा रही थी। अब निर्माण कार्य शुरू होने से क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है और लोगों को उम्मीद है कि निर्धारित समय में सड़क बनकर तैयार होने के बाद विकास को नई गति मिलेगी।

# मौत का कुआं बनी पिपरा देवास रोड

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**आंदोलन की चेतावनी**

**बीहट।** सरकार की महत्वाकांक्षी 'सात निश्चय योजना' के तहत बरौनी प्रखंड के पिपरा देवास पंचायत में बनी पीसीसी सड़क महज 2 साल में ही जर्जर हो गई है। जीरोमाइल पावर ग्रिड के समीप बनी इस सड़क के किनारे मिट्टी खिसकने से बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं, जो अब राहगीरों के लिए जानलेवा साबित हो रहे हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार आए दिन मोटरसाइकिल और साइकिल सवार इन गड्ढों में गिरकर चोटिल हो रहे हैं। सड़क की ढलाई नीचे से खोखली हो रही है, जिससे किसी बड़े वाहन के धंसने का खतरा भी बना हुआ है। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण में मानकों की अनदेखी की गई। पंचायत सचिव और मुखिया को शिकायत के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि मांगें पूरी नहीं होने पर जिला प्रशासन के समक्ष विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

## कुटुंबा में गहराया जल संकट, उत्तर कोयल नहर के दक्षिणी भू-भाग में किसानों की बढ़ी परेशानी

**अंबा (औरंगाबाद) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मानसून के मौसम में भी भूजल स्तर में अपेक्षित सुधार नहीं होने से कुटुंबा प्रखंड में जल संकट गहराने लगा है। स्थिति का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि जिन इलाकों में पहले 30 से 40 फीट की बोरिंग पर ही पर्याप्त पानी मिल जाता था, वहां अब 80 फीट तक गहरी कराई गई बोरिंग भी सूखने लगी है। इससे किसानों के साथ-साथ ग्रामीणों में भी आने वाले दिनों में पेयजल संकट को लेकर चिंता बढ़ गई है। उत्तर कोयल नहर के दक्षिणी भू-भाग में स्थिति अधिक गंभीर बताई जा रही है। भूजल स्तर नीचे जाने के कारण निजी बोरिंग और सिंचाई के साधनों पर निर्भर किसानों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। मानसून के बावजूद जलस्तर में सुधार नहीं होना क्षेत्र के लिए गंभीर संकेत माना जा रहा है। यदि बारिश के पानी का पर्याप्त संचयन और भूजल रिचार्ज नहीं हुआ, तो इसका सीधा असर खरीफ खेती के साथ ग्रामीण पेयजल व्यवस्था पर भी पड़ सकता है। पूर्व पंचायत समिति सदस्य व सामाजिक कार्यकर्ता अमरेंद्र कुमार सिंह ने प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। उन्होंने कहा कि बरसात के मौसम में भी भूजल स्तर का लगातार नीचे जाना बेहद गंभीर स्थिति है। समय रहते ठोस पहल नहीं की गई तो आने वाले दिनों में खेती-किसानी के साथ लोगों के सामने पेयजल का संकट भी खड़ा हो सकता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि संकट का स्थायी समाधान केवल नए चापाकल या अधिक गहरी बोरिंग कराने से संभव नहीं है। इसके लिए वर्षा जल को रोकने और भूजल स्तर बढ़ाने की दीर्घकालिक योजना जरूरी है।

# कबीर पंथ सम्मेलन में डा. राजकुमार आजाद को मिली महंथी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भगवानपुर।** कबीर पंथ से वर्षों से जुड़े डॉ राजकुमार आजाद को शनिवार को बेगूसराय में आयोजित कबीर पंथ सम्मेलन में महंथी, चादर और पगड़ी से सम्मानित किया गया। उनके महंथ बनने पर भगवानपुर प्रखंड क्षेत्र के कबीर पंथ के अनुयायियों में हर्ष का माहौल है। सम्मेलन की अध्यक्षता बेगूसराय जिला अध्यक्ष राम बहादुर दास ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विश्व कबीर दिव्य ज्योति धर्म सेवा संस्थान के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष आचार्य महंथ धर्म दास साहेब सहित बिहार प्रदेश के दर्जनों महंथ उपस्थित रहे। इन सभी ने बरौनी, बेगूसराय निवासी डॉ. राजकुमार आजाद को विधिवत महंथी की दीक्षा, चादर और पगड़ी प्रदान की। विदित हो कि इनके पूर्वज का घर भगवानपुर प्रखंड क्षेत्र के पालीडीह गांव में ही था तथा अभी भी इनके गोतिया आदि यहीं हैं। इसलिए इनका जुड़ाव अभी भी उक्त गांव तथा प्रखंड से बना हुआ है। डॉ. आजाद के महंथ बनने पर भगवानपुर प्रखंड के कबीर पंथ के संतों और अनुयायियों ने खुशी जताई। शिक्षक सुमित कुमार भारती, पवन राय, ज्योति देवी, पुरुषोत्तम पासवान, अधिवक्ता जितेन्द्र कुमार सहित कृष्णचंद्र दास, कमलेश्वरी पंडित, अनिल प्रसाद, रितेश सिंह, उपप्रमुख पंकज यादव आदि ने कहा कि डॉ. राजकुमार आजाद जैसे धर्मप्रेमी को यह सम्मान बहुत पहले मिलना चाहिए था। स्थानीय संतों ने कहा कि डॉ आजाद अपनी धर्मपत्नी पूनम आजाद के साथ कबीर पंथ के प्रायः सभी संत सम्मेलनों में भाग लेते रहे हैं और अपने उद्गारों से संत समाज में विशेष स्थान बना चुके हैं।महंथ के पद से सम्मानित होने के बाद संस्थान के अंतर्राष्ट्रीय संरक्षक महंथ डॉ. राजकुमार आजाद ने मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित किया। उन्होंने भारत सरकार से मांग की कि हिन्दू, जैन, बौद्ध और इस्लाम धर्म की तरह कबीर धर्म को भी सरकारी मान्यता दी जाए। उन्होंने कहा, कि हिन्दू धर्म कहता है भगवान मंदिर में हैं। इस्लाम कहता है खुदा मस्जिद में हैं। लेकिन कबीर धर्म प्रत्येक मनुष्य को स्वयं भगवान होने का बोध कराता है।कार्यक्रम में आचार्य महंथ धर्म दास साहेब ने कहा कि व्यक्ति खाली हाथ आता है और खाली हाथ जाता है, लेकिन ज्ञानी व्यक्ति की कृति सदा धरती पर विराजमान रहती है। महिला राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. पूनम आजाद ने 'बेटा ले हम चोरी करलौ, बेटी ले बेईमानी' भजन गाकर आध्यात्मिक माहौल बना दिया। संत संतोष कबीरपंथी, गया के महंथ अशोक दास, भजन उपदेशक विदेशी साहेब, साध्वी जानकी दासीन, उमेश दास, नाथो साहेब, गयानन्द पासवान, महंथ नारायण दास आदि ने प्रवचन और भजन प्रस्तुत किए। ऑर्गन पर प्रणव पाठक, पैड पर उमेश और नाल पर हरिओम ने संगत की। डॉ. आजाद के महंथ बनने की घोषणा पर हजारों दर्शकों ने तालियों से खुशी जाहिर की।


**फार्मेट सी-1**

(अभ्यर्थियों के लिए समाचार-पत्रों, टी.वी. में प्रकाशन हेतु)

**अपराधिक मामलो के बारे में घोषणा**

(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) सं. 536 (पब्लिक इंटरेस्ट फाउंडेशन एवं अन्य बनाम भारत संघ एवं अन्य) में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सितम्बर, 2018 के निर्णय के अनुसार)

अभ्यर्थी का नाम एवं पता: **रेखा कुमारी**

राजनैतिक दल का नाम: **राष्ट्रिय जनता दल**

निर्वाचन का नाम: बिहार विधानसभा उपचुनाव 2026

*निर्वाचन क्षेत्र का नाम : 182- बांकीपुर

मै रेखा कुमारी, उपर्युक्त निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी, सार्वजानिक सूचना हेतु अपने आपराधिक पूर्ववृत के बारे में निम्नलिखित विवरणों कीघोषणा करती हूँ.

(1) लंबित आपराधिक मामले

| क्रम स0. | न्यायलय का नाम | मामले की सं. एवं दिनांक | मामले की स्थिति | सम्बंधित अधिनियमों की धाराए एवं अपराध का संछिप्त विवरण |
| --- | --- | --- | --- | --- |
| 1 | A.C.J.M. 11, PATNA | G.R.NO. 033607 (दिनांक पता नहीं) | लंबित | Sec.- 308,379,467,468,34 IPC, PROPERTY DISPUTE |

(2) आपराधिक मामलो के लिए दोषसिद्धि के मामले के संबंद में विवरण

| क्रम सं. | न्यायालय का नाम एवं आदेशो की तारिख | अपराध और अधिरोपित दंड का विवरण | अधिकतम अधिरोपित दंड |
| --- | --- | --- | --- |
| लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |

# उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला स्तरीय पुनरीक्षण समिति एवं जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूंटी।** समाहरणालय खूँटी स्थित सभागार में आज उपायुक्त मो० जावेद हुसैन की अध्यक्षता में जिला स्तरीय पुनरीक्षण समिति एवं जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक सम्पन्न हुई। इस बैठक में एलडीएम समेत जिले के सभी बैंकों के प्रबंधक और प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले में चल रही विभिन्न सरकारी योजनाओं में बैकों द्वारा किए गए कार्यों की प्रगति की समीक्षा करना तथा विभिन्न बिंदुओं पर बैंकों के कार्यों का आकलन करना था। इस दौरान जिला अंतर्गत मार्च 2026 क्वाटर में सिडी रेशियो, केसीसी योजना, पीएमईजीपी की उपलब्धि, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, एनपीए, एमएसएमई, स्वयं सहायता समूहों को सहायता सहित अन्य कार्यों के अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई। बैठक में उपायुक्त ने सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं किसान क्रेडिट कार्ड, महिला स्वयं सहायता समूह की क्रेडिट लिंकेज, पीएमईजीपी की उपलब्धि, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधी योजना आदि की गहन समीक्षा की गई। उपायुक्त ने बैंकों को सीडी रेशियो बढ़ाने का निर्देश दिया। उन्होंने बैंकर्स को निर्देशित किया कि सीडी रेशियो को बढ़ाने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में ऋण उपलब्ध कराने की जरूरत है। समयबद्ध तरीके से लक्ष्य पूर्ण करने और जिले में वित्तीय सेवाओं को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। उन्होंने विशेष रूप से केसीसी, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, कृषि ऋण जैसी योजनाओं पर ध्यान केंद्रित करने का निर्देश दिया। निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप महिला स्वयं सहायता समूह को क्रेडिट लिंकेज का लाभ देने के निर्देश दिए गए। डीपीएम जेएसएलपीएस को क्रेडिट लिंकेज एवं मुद्रा लोन के लिए नए आवेदन जेनरेट करने के निर्देश दिए गए। बैठक में माननीय सांसद प्रतिनिधि खूँटी लोकसभा क्षेत्र, डीडीएम नाबार्ड, अग्रणी जिला बैंक प्रबंधक, महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र, प्रबंधक आरसेटी, आरबीआई जिला कृषि पदाधिकारी, डीपीएम जेएसएलपीएस अन्य संबंधित पदाधिकारी, सहित जिले के विभिन्न बैंकों के प्रबंधक/प्रतिनिधि उपस्थित थे।



## पथरगामा प्रखंड कार्यालय में जिला विधिक शिविर आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पथरगामा।** पथरगामा प्रखंड कार्यालय परिसर में जिला विधिक शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ न्यायिक दंडाधिकारी चंदन कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया इस अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का न्यायिक दंडाधिकारी ने निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों से विभागीय योजनाओं एवं सेवाओं की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने लोगों तक सरकारी योजनाओं का लाभ प्रभावी ढंग से पहुंचाने पर जोर दिया कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी नितेश कुमार गौतम, बीपीओ अमरेंद्र कुमार, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी श्रवण कुमार पांडेय, प्रभारी पंचायती राज पदाधिकारी सन्नी कुमार सहित प्रखंड एवं अंचल कार्यालय के कई अधिकारी और कर्मी उपस्थित रहे।

# रीजन-5 के लायंस क्लब पदाधिकारियों का स्कूलिंग कार्यक्रम संपन्न, सेवा कार्यों को प्रभावी बनाने पर जोर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 322 ए के रीजन 5 के अंतर्गत आने वाले 13 लायंस क्लबों के अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारियों का स्कूलिंग कार्यक्रम रविवार को सिरसिया स्थित सेलिब्रेशन मैरिज हॉल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन लायंस क्लब ऑफ गिरिडीह एलीट द्वारा किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता रीजन चेयरपर्सन लायन धर्म प्रकाश ने की। मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन शुभ्रा मजूमदार थीं, जबकि संचालन जीएलटी कोऑर्डिनेटर लायन राहुल वर्मा ने किया। इस अवसर पर जोन चेयरपर्सन लायन प्रेम पाठक एवं लायन सतीश कुमार भी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण सत्र में पूर्व जिलापाल लायन सिद्धार्थ मजूमदार, लायन माधव लखोटिया, लायन गणेश सिंह, लायन दीपक चौबे तथा लायन प्रकाश अरोड़ा ने प्रशिक्षक के रूप में पदाधिकारियों को मार्गदर्शन दिया कार्यक्रम में गिरिडीह, देवघर, मधुपुर, दुमका, धनवार, इसरी, बगोदर एवं झुमरी तिलैया के लायंस क्लबों के 60 से अधिक पदाधिकारियों ने भाग लिया मुख्य अतिथि लायन शुभ्रा मजूमदार ने अपने संबोधन में डिस्ट्रिक्ट एवं लायंस इंटरनेशनल के लक्ष्यों की विस्तृत जानकारी देते हुए पदाधिकारियों से सेवा कार्यों को अधिक प्रभावी ढंग से संचालित करने का आह्वान किया। जीएलटी कोऑर्डिनेटर लायन राहुल वर्मा ने स्कूलिंग कार्यक्रम की आवश्यकता एवं नेतृत्व विकास के महत्व पर प्रकाश डाला। वहीं प्रशिक्षकों ने अध्यक्ष, सचिव एवं कोषाध्यक्ष के दायित्वों और जिम्मेदारियों की विस्तार से जानकारी दी। वक्ताओं ने कहा कि मानव सेवा और सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्य इस प्रकार किए जाएं कि उनका अधिकतम लाभ जरूरतमंद लोगों तक पहुंचे कार्यक्रम के अंत में रीजन चेयरपर्सन लायन धर्म प्रकाश ने सभी अतिथियों, प्रशिक्षकों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।कार्यक्रम को सफल बनाने में डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन लायन राजेश कुमार गुप्ता, क्लब अध्यक्ष लायन राहुल बर्मन, सचिव डॉ. सुमन कुमार, कोषाध्यक्ष लायन मसरूर आलम सिद्दीकी, लायन गौतम सागर, लायन राहुल कुमार, लायन दशरथ प्रसाद, लायन उदय भदानी, लायन राहुल कृष्णा, लायन अरविंद कुमार, लायन अवनीश अंशु सहित क्लब के कई सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## संक्षिप्त समाचार

### भगवान जगन्नाथ लौटे मौसीबाड़ी से घर

**खूंटी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भगवान जगन्नाथ महाप्रभु, भाई बलराम और बहन सुभद्रा नौवें दिन शुक्रवार को शाम मौसीबाड़ी से अपने घर रथ द्वारा वापस लौटे।इसे घुरती रथ भी कहते हैं। मान्यता के अनुसार आषाढ़ शुक्ल द्वितीया को भगवान जगन्नाथ महाप्रभु अपने भाई बलराम और बहन सुभद्रा के साथ रथ पर विराजमान होकर मौसीबाड़ी जाते हैं। नौवें दिन मौसीबाड़ी से भगवान जगन्नाथ महाप्रभु , भाई -बहन के साथ अपने घर लौटते हैं। खूंटी में रथयात्रा का आयोजन खूंटी के 94बटालियन सीआरपीएफ द्वारा किया जाता है । रथयात्रा 94बटालियन कार्यालय से शुरू हो मौसीबाड़ी दुर्गा मंदिर मिश्रा टोली जाती हैं। जहां भक्तों द्वारा हर्षोल्लास से विराजित किया जाता है। सुसज्जित घुरती रथ को मौसीबाड़ी से सैकड़ों की संख्या में महिला-पुरुष भक्तों द्वारा खींच कर मुख्य मार्ग बाजार होते हुए 94बटालियन कैंप पहुंचा। रास्ते में खड़े भक्तों ने भगवान जगन्नाथ महाप्रभु के भाई -बहन सहित दर्शन कर पुष्प वर्षा कर रहे थे। प्रसाद का वितरण भी श्रद्धालुओं के बीच हो रहा था। भगवान के जयकारों से भक्तिमय वातावरण में मौजूद लोग झूम-झूम कर नृत्य कर रहे थे। भगवान जगन्नाथ रथयात्रा खूंटी में एक अपना अलग ही स्थान रखता है। भेदभाव-ऊंच-नीच,अमीर गरीब छोड़ लोग भक्ति में रम जाते हैं। रथयात्रा घर 94बटालियन कैंप पहुंचने पर भगवान जगन्नाथ महाप्रभु भाई बलराम और बहन सुभद्रा की विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। सबने आरती किया। कैंप में महाप्रसाद भंडारा का भी आयोजन किया गया। सबने भावविभोर होकर प्रसाद ग्रहण किया। सबने भगवान से सबके लिए खुशहाली की कामना की। मां काली स्वराष्ट्र रक्षा दल के अध्यक्ष डॉ दीपक कुमार घोष, समाजसेवी डॉ धर्मेंद्र नाथ तिवारी, ध्रुवेन्द्र भास्कर, जितेन्द्र पांडे, तुलसी प्रजापति, बिरसा लोहरा, प्रदीप घोष, रोशन कुमार, सुनील साहू,समीर कश्यप,कुश कुमार,अमन राजपूत, किशोर ठाकुर,विष्णु देव चौधरी, राधेश्याम भगत,मनु साव, मिथिलेश ठाकुर आदि ने भगवान जगन्नाथ महाप्रभु भाई बलराम और बहन सुभद्रा से आशीर्वाद प्राप्त किया।

### मंत्री राधाकृष्णा किशोर ने की विभागीय समीक्षा, विकास योजनाओं और राजस्व बढ़ाने पर जोर

**गिरिडीह (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** झारखंड सरकार के वित्त, वाणिज्य-कर, योजना एवं विकास तथा संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्णा किशोर ने रविवार को गिरिडीह परिसदन भवन में वाणिज्य कर एवं योजना विभाग की समीक्षा बैठक की। बैठक में गिरिडीह, हजारीबाग और देवघर के अधिकारियों के साथ विभागीय कार्यों, राजस्व संग्रह और विकास योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।बैठक से पूर्व उपायुक्त रामनिवास यादव और पुलिस अधीक्षक डॉ. बिमल कुमार ने मंत्री का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। समीक्षा के दौरान मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक समयबद्ध, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पहुंचाना सुनिश्चित करें। उन्होंने योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, जवाबदेही और सतत निगरानी पर विशेष जोर दिया वाणिज्य-कर विभाग के अधिकारियों को राजस्व संग्रह के निर्धारित लक्ष्य हासिल करने, कर प्रशासन को तकनीक आधारित एवं अधिक पारदर्शी बनाने तथा करदाताओं को बेहतर और समयबद्ध सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए बैठक में विभागीय अधिकारियों ने प्रगति प्रतिवेदन और उपलब्धियों का प्रस्तुतीकरण किया। मंत्री ने विभिन्न योजनाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि बेहतर समन्वय, पारदर्शिता और उत्तरदायित्व के साथ कार्य कर राज्य के समग्र विकास और सुशासन के लक्ष्य को साकार किया जाए बैठक में गिरिडीह, हजारीबाग एवं देवघर के संबंधित विभागों के वरीय अधिकारी एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### मनिहारी नगर पंचायत में वित्तीय अनियमितताओं पर बड़ा एक्शन

**मनिहारी/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नगर विकास एवं आवास विभाग ने मनिहारी नगर पंचायत में वित्तीय अनियमितता के मामलों की विस्तृत जांच कराने का निर्णय लिया है। इसके लिए विभाग की ओर से छह सदस्यीय जांच समिति का गठन किया गया है।अवर सचिव रणविजय कुमार सिंह द्वारा जारी पत्र में जिला प्रशासन से प्राप्त जांच रिपोर्ट के आधार पर मामले की गहन जांच कर दोषी व्यक्तियों की पहचान सुनिश्चित करने तथा अद्यतन प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। विभागीय पत्र के अनुसार जिला पदाधिकारी की जांच रिपोर्ट में वित्तीय वर्ष 2023-24 और 2024-25 के दौरान कई स्तरों पर वित्तीय नियमों के उल्लंघन की आशंका जताई गई है। रिपोर्ट में बिना सक्षम प्राधिकार की स्वीकृति के कार्य कराए जाने, निविदा प्रक्रिया में निर्धारित प्रावधानों का पालन नहीं करने, विभागीय वसूली में गड़बड़ी तथा अन्य वित्तीय अनियमितताओं का उल्लेख किया गया है। जांच के दौरान यह भी सामने आया कि संबंधित अवधि की निविदा प्रकाशन से जुड़ी संचिका और कार्रवाई पुस्तिका कार्यालय में उपलब्ध नहीं है। वहीं, वार्ड सशक्त स्थायी समिति की स्वीकृति के बिना चबूतरा निर्माण एवं आंतरिक मद में करीब 6.99 लाख रुपये के भुगतान पर भी सवाल खड़े किए गए हैं। विभाग ने इन सभी बिंदुओं पर स्पष्ट जवाब तलब किया है। जांच समिति को बिना सक्षम प्राधिकार की अनुमति के कराए गए कार्यों, विभागीय वसूली, पूर्व वर्षों की तुलना में कम दर पर निविदा आमंत्रित किए जाने,संविदा कर्मियों के नियमितीकरण तथा तत्कालीन मुख्य पार्षद के कार्यकाल में हुए विभिन्न कार्यों की भी जांच करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### शहर को जोडने वाले रेल ऊपरी पुल का कार्य शुरू

**कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद ने रेलवे ऊपरी पुल साहब पाड़ा से संतोषी कॉलोनी तक जाकर शहर के बाटा चौक से सड़क मार्ग द्वारा जुड़ेगी का कार्यारंभ नारियल फोड़कर किया। इस अवसर पर भाजपा, एनडीए नेताओं के साथ ही बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। इस रेल ऊपरी पुल का शिलान्यास मुख्यमंत्री ने किया था । पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रगति यात्रा के दौरान लगभग दो अरब की लागत से इस रेल ऊपरी पुल के निर्माण की घोषणा की थी। यह रेल ऊपरी पुल शहर के दो भागों को जोड़ता है। इस रेल ऊपरी पुल के निर्माण से मिरचाईबाड़ी एवं इस क्षेत्र की अन्य मोहल्ले के नागरिकों को आवागमन में काफी सुविधा हो जाएगी। अभी इस क्षेत्र के नागरिकों का आवागमन मात्र एक रेलवे ऊपरी पुल जो कई वर्ष पूर्व बना था से हो रहा है। इस पुल पर जाम की स्थिति बन जाती है। जिससे नागरिकों को एमजी रोड, मंगल बाजार एवं शहर के अन्य पथों पर जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। जिससे समय पर लोग दफ्तर या अन्य स्थानों पर नहीं पहुंच पाते हैं ।

# मन की बात कार्यक्रम का 136वां एपिसोड सुना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** निवर्तमान प्रथम महापौर सुनील पासवान ने रविवार को अपने आवासीय कार्यालय स्थित बूथ संख्या 243 पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' का 136वां एपिसोड अपने बूथ अध्यक्ष टिंकू राम, सुनील रजक, राजीव रंजन एवं बिरू राम के साथ सुना इस अवसर पर सुनील पासवान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम के माध्यम से देशवासियों को समाज, संस्कृति, स्वदेशी, पर्यावरण, नवाचार और राष्ट्र निर्माण से जुड़े प्रेरणादायी विषयों की जानकारी मिलती है। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम आम नागरिकों को राष्ट्रहित में सकारात्मक योगदान देने के लिए प्रेरित करता है कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने तथा समाज के विकास एवं राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर भाजपा कार्यकताओं ने कार्यक्रम को ध्यानपूर्वक सुना और इसे जनजागरण का प्रभावी माध्यम बताया।



# गिरिडीह में खेलो इंडिया अस्मिता वुशु सिटी लीग का सफल समापन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** खेलो इंडिया अस्मिता वुशु सिटी लीग का भव्य एवं सफल समापन उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न विद्यालयों एवं संस्थानों से करीब 200 खिलाड़ियों ने भाग लेकर अपनी खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।रोमांचक मुकाबलों के बाद द बैलेंस पाथ एकेडमी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया, जबकि के टाइगर टीम उपविजेता रही। समापन समारोह में मुख्य अतिथि जिला वुशु संघ के अध्यक्ष संदीप डंगाइच तथा विशिष्ट अतिथि गिरिडीह कॉलेज की प्रोफेसर डॉ. विनीता कुमारी और क्षेत्र के वार्ड कमिश्नर राजेश जायसवाल उपस्थित रहे। अतिथियों ने विजेता एवं उपविजेता टीमों के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पदक और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया मुख्य अतिथि संदीप डंगाइच ने कहा कि खेल युवाओं के व्यक्तित्व निर्माण का सबसे सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि वुशु जैसे खेल अनुशासन, आत्मविश्वास और आत्मरक्षा की भावना विकसित करते हैं तथा ऐसे आयोजन खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने की प्रेरणा देते हैं विशिष्ट अतिथि डॉ. विनीता कुमारी ने कहा कि खेल शिक्षा का अभिन्न हिस्सा हैं।

# रोटरी क्लब ऑफ गिरिडीह ग्रेटर का 25वां पदस्थापन समारोह

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** रोटरी क्लब ऑफ गिरिडीह ग्रेटर का 25वां पदस्थापना समारोह रविवार को उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। समारोह में वर्ष 2025-26 के पदाधिकारियों ने वर्ष 2026-27 के लिए नवगठित टीम को विधिवत दायित्व सौंपा कार्यक्रम में रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3250 के जिला गवर्नर (2027-28) रो. मुकेश तरवैया मुख्य अतिथि तथा गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में सहायक जिला गवर्नर रो. रवि चूड़िवाला उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन पूर्व अध्यक्ष रो. अभिषेक छापरिया ने मास्टर ऑफ सेरेमनी के रूप में किया।नवनियुक्त कार्यकारिणी में रो. राजेंद्र तरवैया ने अध्यक्ष, रो. अनिल मिश्रा ने सचिव, सीए शंकर अग्रवाल ने आईपीपी, सीए आकाश रोशन ने सह-सचिव तथा अन्य पदाधिकारियों ने पदभार ग्रहण किया इस अवसर पर क्लब द्वारा वर्ष 2025-26 में किए गए प्रमुख सेवा कार्यों की जानकारी भी दी गई। इनमें डॉक्टर डे, वृक्षारोपण अभियान, देवघर में कांवरिया सेवा शिविर, शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम, दंत जांच शिविर, शिक्षक सम्मान, निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर, रक्तदान, योग प्रशिक्षण, अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर सम्मान समारोह तथा कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर जैसे कई जनहितकारी कार्य शामिल रहे क्लब ने वर्ष 2026-27 के लिए भी कई महत्वाकांक्षी सामाजिक परियोजनाओं की घोषणा की। इनमें जरूरतमंदों के लिए कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर, निःशुल्क डायलिसिस सेंटर, किशोरियों के लिए एचपीवी (एचपीवी ) टीकाकरण अभियान, ट्रक चालकों के लिए नेत्र जांच शिविर, गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के पोषण जागरूकता अभियान, जरूरतमंद महिलाओं को सिलाई मशीन वितरण, महिलाओं के लिए ड्राइविंग प्रशिक्षण, गरीब बच्चों को खिलौने उपलब्ध कराने का अभियान, छात्राओं के लिए आत्मरक्षा प्रशिक्षण, स्वरोजगार सहायता, शहर में रोटरी गार्बेज बिन स्थापना तथा वृहद वृक्षारोपण अभियान शामिल हैं समारोह में रोटरी, इनर व्हील, लायंस क्लब सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि एवं शहर के गणमान्य लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



# जल शक्ति मंत्रालय द्वारा गोपला ग्राम से 'सुजल ग्राम संवाद' का वर्चुअल आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूंटी।** उपायुक्त मो० जावेद हुसैन ने कहा- सामुदायिक सहभागिता से जलापूर्ति योजनाओं का होगा दीर्घकालिक एवं प्रभावी संचालन

आज भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय के तत्वावधान में वर्चुअल माध्यम से 'सुजल ग्राम संवाद' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में खूंटी जिले के तोरपा प्रखंड अंतर्गत हुसिर पंचायत के गोपला ग्राम को संवाद के लिए चयनित किया गया। इस अवसर पर भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय के सचिव, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के अतिरिक्त सचिव सह मिशन निदेशक, राज्य स्तर से झारखंड ग्रामीण जलापूर्ति मिशन, रांची के पदाधिकारी, जिला स्तर से उपायुक्त मो० जावेद हुसैन, उप विकास आयुक्त श्री प्रवीण कुमार प्रकाश, कार्यपालक अभियंता श्री मनीष कुमार सहित अन्य पदाधिकारी वर्चुअल रूप से जुड़े। संवाद के दौरान ग्राम के मुखिया, ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति, जलसहिया, शिक्षक, आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका, स्वयं सहायता समूह (रत्नऋ) की दीदियों एवं ग्रामीणों ने हर घर नल जल योजना के संचालन एवं रख-रखाव से संबंधित अनुभव साझा किए। भारत सरकार के सचिव ने ग्राम में प्रत्येक परिवार तक पेयजल की उपलब्धता, जल की गुणवत्ता, जलापूर्ति योजनाओं के संचालन एवं रख-रखाव तथा भविष्य की कार्ययोजना के संबंध में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। मुखिया एवं जलसहिया ने बताया कि ग्रामीणों की सहभागिता से जलापूर्ति योजनाओं का नियमित संचालन किया जा रहा है। साथ ही जल संरक्षण, जल की बबार्दी रोकने तथा योजनाओं के दीर्घकालिक रख-रखाव के लिए समय-समय पर ग्रामसभा एवं जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, ताकि आने वाले वर्षों तक योजनाओं का लाभ सभी ग्रामीणों को निरंतर मिलता रहे। संवाद के दौरान पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, भारत सरकार के अतिरिक्त सचिव सह मिशन निदेशक ने खूंटी जिले में जल जीवन मिशन के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की सराहना की। उन्होंने विशेष रूप से गोपला जलापूर्ति योजना की प्रशंसा करते हुए तोरपा एवं रनिया जैसे आदिवासी बहुल क्षेत्रों में भी जलापूर्ति योजनाओं के सफल संचालन एवं रख-रखाव को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उपायुक्त मो० जावेद हुसैन ने बताया कि जिले में ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति (श्हरउ), सहकारिता विभाग एवं स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से जलापूर्ति योजनाओं के संचालन

# माया का संसार-सुमिरन से भव पार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूंटी।** महर्षि मेंही आश्रम मलियादा मुरहू में रविवार को साप्ताहिक सत्संग में ऋषिकेश आश्रम के स्वामी गंगाधर जी महाराज ने कहा कि यह संसार माया - मोह का बंधन है। सत्संग, भक्ति, सुमिरन, ध्यान साधना से ही भव सागर पार लग सकता है। उन्होंने कहा कि मनुष्य माता के गर्भ में करार करता है कि संसार में जाकर भगवान की भक्ति करुंगा, लेकिन भूल जाता है। यद्यपि भक्ति का मार्ग कभी बंद नहीं होता,लोग तरह तरह की भ्रांतियों में भटक जाते हैं, अमुक दिन शुभ है, भक्ति और दान के लिए। जबकि मनुष्य जीवन में हर दिन मन राम में और तन काम में लगाये रखना चाहिए। सत्संग में संतों ने भक्ति के सरल उपाय बताया है कि जागने का मतलब सो कर उठना नहीं, बल्कि मन के उद्वेग शांत कर चेतन धार को समेटना,आंख बंद कर ध्यान साधना करना, भक्ति को लक्ष्य पर पहुंचाना होता है। वरना चौरासी लाख भोग योनियों में कमार्नुसार भटकना पड़ता है। स्वामी लक्ष्मण जी महाराज ने कहा कि मनुष्य कितना भी हाथ - पांव मार ले, अंतकाल सद्कर्म, सत्संग, भक्ति ही साथी होगा। लाहिरी बाबा, मुरलीधर बाबा, गोपाल बाबा, दिगंबर बाबा, राम बाबा ने भी मनुष्य को कुंभकर्णी निद्रा त्याग कर भगवान का सुमिरन और ध्यानाभ्यास करना चाहिए। मौके पर डॉ डीएन तिवारी, संजय सत्संगी, नंदिनी देवी, मूचीराय मुंडा, विष्णु मुंडा,मंगल मुंडा, ध्रुवेन्द्र भास्कर, सुरेश पंडित, सूरजमल प्रसाद, हरिद्वार ठाकुर, रामहरि साव, सूरजलाल गुप्ता आदि उपस्थित थे।

# सीटी एवं एआई पर जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** पार्श्वनाथ सहोदय विद्यालय, गिरिडीह के तत्वावधान में कम्प्यूटेशनल थिंकिंग (सीटी) एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) विषय पर जिला स्तरीय डिलिबरेशन (विचार-विमर्श) कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। छह घंटे तक चली इस कार्यशाला में जिले के विभिन्न सहोदय विद्यालयों से 50 शिक्षकों ने भाग लेकर आधुनिक शिक्षण पद्धतियों और एआई के प्रभावी उपयोग पर चर्चा की कार्यशाला के दौरान 14 शिक्षकों ने सीटी एवं एआई के शैक्षणिक उपयोग से जुड़े अपने केस स्टडी प्रस्तुत किए। इनका मूल्यांकन विशेषज्ञ समिति ने किया। समिति में एल.एन.पी. पब्लिक स्कूल, बेंगाबाद की प्राचार्या संजना सिंह, बहादुर प्रसाद पब्लिक स्कूल, राजधनवार की प्राचार्या रानी सतवंत, एस.आई.टी. गिरिडीह के प्राचार्य इंजीनियर विपिन चौधरी तथा कंप्यूटर साइंस विभागाध्यक्ष पूजा कुमारी शामिल रहे कार्यक्रम का शुभारंभ पार्श्वनाथ सहोदय विद्यालय के उपाध्यक्ष आनंद कमल एवं कोषाध्यक्ष स्वप्ना कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। अपने संबोधन में उन्होंने विद्यालयी शिक्षा में कम्प्यूटेशनल थिंकिंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की बढ़ती उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए शिक्षकों से इन तकनीकों को शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया का हिस्सा बनाने का आह्वान किया कार्यशाला में प्रतिभागियों ने आधुनिक शिक्षण पद्धतियों, नवाचारों और व्यावहारिक अनुभवों पर विचार साझा किए। आयोजन ने शिक्षकों को नई तकनीकों के प्रभावी उपयोग और सहयोगात्मक अधिगम के लिए एक सशक्त मंच उपलब्ध कराया।

# रूरल मैनेजमेंट के छात्र-छात्राओं ने खूंटी में किया शैक्षणिक क्षेत्र भ्रमण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूंटी।** एक्सआईएसएस रांची के रूरल मैनेजमेंट पाठ्यक्रम के 20 छात्र-छात्राओं ने अपने शैक्षणिक पाठ्यक्रम के अंतर्गत खूंटी जिले में संचालित आजीविका गतिविधियों एवं ग्रामीण विकास के विभिन्न मॉडलों का अध्ययन करने के उद्देश्य से शैक्षणिक क्षेत्र भ्रमण किया। इस दौरान एक्सआईएसएस रांची के प्रोफेसर श्री सौर्य दास भी उपस्थित रहे। क्षेत्र भ्रमण के क्रम में छात्र-छात्राओं ने सर्वप्रथम गुटजोरा स्थित आजीविका संसाधन केंद्र का भ्रमण किया। यहां उन्होंने ड्रैगन फ्रूट की खेती, पॉलीहाउस नर्सरी, हैचरी यूनिट, हार्डनिंग सेंटर, बागवानी एवं अनानास की खेती सहित विभिन्न आजीविका गतिविधियों का अवलोकन किया। आजीविका संसाधन केंद्र के संचालक श्री दिनेश कुमार ने छात्रों को केंद्र में संचालित गतिविधियों एवं इनके माध्यम से ग्रामीण परिवारों की आजीविका संवर्धन के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। इसके पश्चात छात्र-छात्राओं ने खूंटी स्थित पलाश मार्ट का भ्रमण किया। यहां उन्होंने पलाश दीदी किचन, बेकरी यूनिट एवं पलाश मार्ट की विभिन्न गतिविधियों का अवलोकन किया तथा महिलाओं द्वारा संचालित आजीविका एवं उद्यमिता गतिविधियों, उत्पाद निर्माण तथा विपणन की प्रक्रिया को निकट से समझा। क्षेत्र भ्रमण के अंतिम चरण में छात्र-छात्राएं सिलादोन स्थित सिलादोन आजीविका महिला संकुल सहकारी स्वावलंबी समिति लिमिटेड पहुंचे। यहां उन्होंने सामुदायिक प्रशिक्षण केंद्र का भ्रमण किया तथा समिति की कार्यप्रणाली एवं आजीविका गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की। इसके उपरांत समिति के बोर्ड सदस्यों के साथ आयोजित बैठक में निर्मला देवी, चांदनी देवी, सुमित्रा कच्छप, कोशल्या देवी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। बैठक के दौरान महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण, सामुदायिक संस्थाओं की भूमिका एवं आजीविका गतिविधियों के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। इस शैक्षणिक क्षेत्र भ्रमण के माध्यम से छात्र-छात्राओं को झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (खरछढर) के अंतर्गत संचालित आजीविका संवर्धन, महिला सशक्तिकरण, सामुदायिक संस्थाओं, कृषि आधारित गतिविधियों तथा ग्रामीण उद्यमिता के सफल मॉडलों को जमीनी स्तर पर समझने का अवसर प्राप्त हुआ।



# हर्बल साबुन के उत्पादन से आत्मनिर्भर नीलू तिवारी बनी महिलाओं के लिए प्रेरणा स्रोत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**अम्बा (औरंगाबाद)।** सीमित पारिवारिक आय और आत्मनिर्भर बनने की चाह ने औरंगाबाद जिले के कुटुंबा प्रखंड के तमसी गांव की नीलू तिवारी को सफलता की नई राह दिखा दी। मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत जीविका से जुड़कर उन्होंने हर्बल साबुन निर्माण का स्वरोजगार शुरू किया और आज उनका उत्पाद स्थानीय बाजार में अपनी अलग पहचान बना रहा है। नीलू तिवारी ने बताया कि सोशल मीडिया पर पर एक जीविका दीदी की सफलता की कहानी से प्रेरित होकर उन्होंने महज दो किलो कच्चे माल से साबुन बनाने का प्रयोग शुरू किया। नवंबर 2025 से तैयार साबुन का स्वयं और परिवार के सदस्यों पर उपयोग करने के बाद गुणवत्ता से संतुष्ट होने पर गया से आवश्यक रजिस्ट्रेशन कराया और 20 अप्रैल 2026 से औपचारिक रूप से कारोबार की शुरुआत की। वर्तमान में वे नीम-तुलसी, हल्दी-चंदन, मिंट, लेमन-एलोवेरा तथा चारकोल-कॉफी सहित पांच प्रकार के हर्बल साबुन तैयार कर रही हैं। इनमें हनी, ग्लिसरीन, विटामिन-ई जैसे प्राकृतिक तत्वों का उपयोग किया जाता है। उनका दावा है कि साबुन में किसी प्रकार का हानिकारक रसायन नहीं मिलाया जाता, जिससे यह त्वचा के लिए सुरक्षित और मॉइस्चराइजिंग है। ग्रामीण उपभोक्ताओं को ध्यान में रखते हुए उन्होंने 50 ग्राम साबुन की कीमत 15 रुपये, 75 ग्राम की 22 रुपये तथा 100 ग्राम की 30 रुपये निर्धारित की है। किफायती कीमत और बेहतर गुणवत्ता के कारण उनके उत्पाद की मांग लगातार बढ़ रही है। नीलू तिवारी का सपना बड़े पैमाने पर हर्बल साबुन उत्पादन इकाई स्थापित कर क्षेत्र की अन्य जीविका दीदियों को भी रोजगार उपलब्ध कराना है। उनका कहना है कि यदि सरकार और जीविका से वित्तीय सहयोग व उन्नत प्रशिक्षण मिले, तो यह पहल ग्रामीण महिलाओं के लिए रोजगार का बड़ा माध्यम बन सकती है।



# पानी भरे गड्ढे में डूबने से नानी और नाती की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** गोह थाना क्षेत्र के बहुरिया वर्मा गांव में नानी और नाती को पानी भरे गड्ढे में डूबने से मौत हो गई। मृतकों की पहचान उस गांव निवासी विजय पासवान की 40 वर्षीय पत्नी बेनी देवी एवं डेढ़ वर्षीय नाती प्रियांशु के रूप में हुई है। प्रियांशु अरवल जिले के सोहसा गांव का रहने वाला था। पिता विजय पासवान दिल्ली में कपड़ा फैक्ट्री में काम करते हैं। परिजनों के अनुसार शनिवार की शाम बेनी देवी अपने नाती के साथ खेत में पटवन के लिए पानी खोलने गई थीं। इसके बाद दोनों घर लौट रहे थे। रास्ते में खेत में बने गहरे गड्ढे को देख नहीं सकीं और दोनों उसमें गिर गए। शाम तक घर नहीं लौटने पर तलाश शुरू की गई। देर रात तक आसपास के खेतों, रास्तों और संभावित स्थानों पर खोजबीन की गई, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। रविवार सुबह ग्रामीणों की नजर खेत में बने गड्ढे पर पड़ी, जहां पानी में दोनों के शव तैरते दिखाई दिए। सूचना मिलते ही गोह थाना पुलिस मौके पर पहुंची। ग्रामीणों की मदद से दोनों शवों को बाहर निकलवाया। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद सदर अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराया गया। बेनी देवी के दो बेटे और दो बेटियां हैं। तीन वर्ष पहले 2023 में बड़ी बेटी प्रियंका की शादी हुई थी। मृतक प्रियांशु उसी का बेटा था। जन्म के बाद से ही वह अपनी नानी के साथ रह रहा था, जिसके कारण दोनों के बीच गहरा लगाव था। ग्रामीणों ने बताया कि बड़ी बेटी हाल ही में ससुराल गई थी, जबकि छोटी बेटी भी अपनी मौसी के घर चली गई थी। ऐसे में बेनी देवी अकेले ही घर और खेत का काम संभाल रही थी। इसी दौरान यह दर्दनाक हादसा हो गया। पूरे गांव में शोक का माहौल है। पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# पंचायत विकास दिवस पर महिलाओं के सशक्तिकरण एवं जनभागीदारी पर जोर

## 'सुशासन युक्त ग्राम पंचायत' विषय के अंतर्गत 17 प्रमुख बिंदुओं पर की गई चर्चा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** पंचायत विकास दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार बारुन प्रखंड अंतर्गत पंचायत सरकार भवन, धमनी में जिला स्तरीय समारोह का आयोजन किया गया। गौरतलब है कि बिहार सरकार के पंचायती राज विभाग के निर्देशानुसार प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को राज्य की सभी ग्राम पंचायतों में 'पंचायत विकास दिवस'' का आयोजन किया जाता है। जुलाई माह की थीम 'सुशासन युक्त ग्राम पंचायत' निर्धारित की गई है जिसके माध्यम से ग्राम पंचायतों को पारदर्शी, जवाबदेह, सहभागी एवं समावेशी विकास का सशक्त माध्यम बनाने पर विशेष बल दिया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन उप विकास आयुक्त कुमारी अनुपम सिंह, जिला पंचायती राज पदाधिकारी इफ्तेखार अहमद, वरीय उपसमाहर्ता बेबी प्रिया एवं स्थानीय



जनप्रतिनिधियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया गया। इसके उपरांत आयोजित विचार गोष्ठी एवं संवाद कार्यक्रम में 'सुशासन युक्त ग्राम पंचायत' विषय के अंतर्गत 17 प्रमुख बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इनमें गरीबी उन्मूलन, शून्य भुखमरी, उत्तम स्वास्थ्य एवं कल्याण, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, लैंगिक समानता, सम्मानजनक कार्य एवं आर्थिक वृद्धि, उद्योग, नवाचार एवं अवसंरचना, असमानताओं में कमी, सतत शहर एवं समुदाय, जिम्मेदार उपभोग एवं उत्पादन, जलवायु संरक्षण, शांति, न्याय एवं सशक्त संस्थान तथा लक्ष्यों की साझेदारी सहित विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। उप विकास आयुक्त कुमारी अनुपम सिंह ने कहा कि पंचायत विकास दिवस ग्रामीणों के लिए अपनी पंचायत के विकास की दिशा स्वयं तय करने का सशक्त मंच है। उन्होंने कहा कि 'इस पंचायत में रहने वाले लोग अपनी आवश्यकताओं और विकास की प्राथमिकताओं को सबसे बेहतर जानते हैं। इसलिए ग्राम सभा में सक्रिय सहभागिता कर पंचायत के विकास का रोडमैप तैयार करना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। जिला पंचायती राज पदाधिकारी इफ्तेखार अहमद ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं ग्रामीणों का स्वागत करते हुए कहा कि पंचायत विकास दिवस केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि ग्राम सभा के माध्यम से पंचायत के समग्र विकास की दिशा तय करने का महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने विशेष प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि ग्राम सभा में महिलाओं की बड़ी संख्या में भागीदारी उनके बढ़ते आत्मविश्वास एवं सशक्तिकरण का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि पंचायत सरकार भवन की स्थापना का उद्देश्य ग्रामीणों को प्रखंड मुख्यालय के बजाय अपनी पंचायत में ही अधिकांश सरकारी सेवाएँ एवं सुविधाएँ उपलब्ध कराना है, ताकि आमजन को योजनाओं का लाभ सरलता से मिल सके। कार्यक्रम के दौरान उप विकास आयुक्त द्वारा लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान अंतर्गत बारुण प्रखंड में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन (एसएलडब्ल्यूएम) के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वच्छता पर्यवेक्षकों एवं कर्मियों को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही उन्होंने जीविका दीदियों द्वारा लगाए गए विभिन्न स्टॉलों का निरीक्षण किया, उनके उत्पादों की सराहना की तथा स्टॉल से सामग्री क्रय कर उन्हें प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर बारुन प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि, जीविका दीदियाँ, आशा कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# मन की बात के 136वें एपिसोड को भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुना



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** शहर के शुभम इंटरनेशनल होटल, कुंडा हाउस में रविवार को भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 136वें एपिसोड को सामूहिक रूप से सुना। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने राष्ट्र निर्माण, आत्मनिर्भर भारत, सामाजिक सरोकार, पर्यावरण संरक्षण, जनभागीदारी तथा युवाओं की भूमिका सहित विभिन्न समसामयिक विषयों पर अपने विचार साझा किए। पूर्व जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम कुमार सिंह एवं वरीय नेता अनिल कुमार सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री का 'मन की बात' कार्यक्रम देशवासियों को सकारात्मक सोच, सामाजिक जिम्मेदारी तथा राष्ट्रहित के कार्यों के लिए प्रेरित करता है। यह कार्यक्रम जनसामान्य को देश के विकास अभियानों से जोड़ने का प्रभावी माध्यम बन चुका है। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता अनिल कुमार सिंह ने कहा कि यह एक प्रेरक कार्यक्रम है जिसका लोगों को इंतजार होता है। इस अवसर पर टुन्ना प्रसाद गुप्ता, उज्जवल कुमार, विनोद सिंह, अमर उजाला, रघुनाथ राम, चंद्रकांत कुमार, शत्रुघ्न सिंह, मुन्ना, सुनील कुमार सिंह, राम रूप सिंह, मनीष परमार, विकास बारूद, शैलेंद्र सिंह, पप्पू अनिल कुमार, विजय शर्मा, प्रमोद गुप्ता, भोला कुमार, कमल कुमार यादव, रंजन कुमार, कन्हैया यादव, शशि पासवान सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# विभिन्न मामलों में 70 गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** मादक प्रदार्थों की खरीद फरोख्त यथा अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने को लेकर औरंगाबाद पुलिस ने सघन अभियान चलाया। इस क्रम में शनिवार की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई। कार्रवाई में कुल 70 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 32 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस की इस कार्रवाई को बड़ी सफलता माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार, हत्या के प्रयास में 14, मद्य निषेध अधिनियम के तहत 13 तथा अन्य मामलों में 43 लोगों की गिरफ्तारी की गई। एक ट्रैक्टर जब्त किया गया है। 461.90 लीटर देसी शराब, 12 लीटर विदेशी शराब, चार बाइक, दो कार जब्त किया गया है। वाहन जांच अभियान के तहत 1156 वाहनों की जांच की गई जिसमें 68500 रूपये शमन की राशि वसूल की गई। 11 वारंट का निष्पादन किया गया है। इसके अलावा तीन भट्ठी ध्वस्त किया गया है तथा 5000 लीटर महुआ घोल विनिष्ट किया गया है। पुलिस पदाधिकारी उपेंद्र नाथ वर्मा के अनुसार जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। शराबबंदी कानून का उल्लंघन करने वालों के साथ साथ अन्य अपराधों के खिलाफ सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। इस तरह की कार्रवाई का उद्देश्य क्षेत्र में शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखना है।

## गिरफ्तार छात्रों को तत्काल रिहा कर मुकदमा वापस ले सरकार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** निट पेपर लीक और छात्रों पर लाठीचार्ज के विरोध में प्रदर्शनकारी छात्रों पर मुकदमा को युवा कांग्रेस नेता आशुतोष सिंह ने दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। उन्होंने बताया कि सरकार युवाओं की समस्याओं का समाधान करने के बजाय पहले बर्बर लाठीचार्ज की और अब मुकदमा कर उनका भविष्य बर्बाद कर रही है। यह छात्रों को दबाने की कोशिश की जा रही है। जबकि छात्र संवैधानिक तरीके से विरोध कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार दमनकारी नीतियों के जरिए छात्रों की आवाज को दबाना चाहती है। उन्होंने कहा कि एक ओर सरकार छात्राओं की सुरक्षा और शिक्षा की बात करती है, वहीं दूसरी ओर छात्राओं के साथ अभद्र व्यवहार और लाठीचार्ज की घटनाएं सामने आई है। उन्होंने घटना में शामिल दोषी पुलिस अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की और कहा कि छात्रों के साथ इस तरह का व्यवहार लोकतांत्रिक व्यवस्था के खिलाफ है। कहा कि लाठीचार्ज में घायल अभ्यर्थियों का निशुल्क इलाज कराया जाए। इस पूरे घटना का जिम्मेदार केंद्र सरकार के पूर्व केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान हैं जिन्होंने छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया। उन्होंने कहा कि छात्र शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे थे, लेकिन कुछ असामाजिक तत्वों ने प्रशासन को भ्रमित किया है और पत्थरबाजी की। उन्होंने जिला प्रशासन से गिरफ्तार छात्रों को तत्काल रिहा करने तथा मुकदमा वापस लेने की मांग की है। अन्यथा युवा कांग्रेस तथा छात्र इकाई आक्रोशपूर्ण प्रदर्शन की चेतावनी दी है। साथ ही कहा प्रदर्शन का जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी।

# ग्राहक सेवा केंद्र का ताला तोड़कर सामानों की चोरी

**औरंगाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** गोह थाना क्षेत्र के मुड़वा मोड़ स्थित शनिवार की रात अज्ञात चोरों ने बिहार ग्रामीण बैंक के ग्राहक सेवा केंद्र का ताला तोड़कर 52 हजार रुपये नकद, दो लैपटॉप और एक प्रिंटर की चोरी कर लिया। घटना के बाद स्थानीय व्यवसायियों में दहशत और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चिंता बढ़ गई है। ग्राहक सेवा केंद्र के संचालक बाजार बर्मा गांव निवासी सुनिल कुमार ने बताया कि शनिवार रात केंद्र बंद कर वह घर चले गए थे। रविवार सुबह करीब 5:30 बजे भवन मालिक मुकुल कुमार ने फोन कर केंद्र का ताला टूटा होने की सूचना दी। मौके पर पहुंचने पर ग्रिल का ताला टूटा मिला और अंदर रखे 52 हजार रुपये नकद, दो लैपटॉप तथा एक प्रिंटर गायब थे। घटना की सूचना मिलते ही गोह थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी।

# एनसीसी ने श्रद्धापूर्वक मनाया कारगिल विजय दिवस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** 3/13 कंपनी राम लखन सिंह यादव कॉलेज एवं 13 बिहार बटालियन एनसीसी द्वारा कारगिल विजय दिवस अत्यंत श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रातः काल शहर के कारगिल चौक स्थित शहीद शिव शंकर गुप्ता स्मारक की कॉलेज प्रशासन एवं एनसीसी कैडेट्स द्वारा साफ-सफाई की गई। इसके उपरांत स्मारक पर पुष्पांजलि एवं रिंग माला अर्पित कर देश के अमर वीरों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर 13 बिहार बटालियन एनसीसी के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल प्रवीण कुमार तोमल, एएनओ लेफ्टिनेंट डॉ. विवेक कुमार, सूबेदार मेजर रमेश पात्रा तथा बीएचएम अजीत कुमार ने शहीदों को नमन करते हुए पुष्प अर्पित किए। कार्यक्रम के दौरान कारगिल युद्ध में सहभागिता निभाने वाले वीर सैनिकों को कारगिल स्मारक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।



महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. डॉ. विजय राजक ने कहा कि विजय दिवस केवल श्रद्धांजलि का अवसर नहीं, बल्कि राष्ट्र के प्रति अपने उत्तरदायित्व को समझने का भी दिन है। महाविद्यालय सदैव विद्यार्थियों में देशभक्ति, अनुशासन एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है। जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के आदेशानुसार महाविद्यालय बंद रहने के कारण प्रस्तावित सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित नहीं किया जा सका। अब यह कार्यक्रम 27 जुलाई को आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षकगण, शिक्षकेत्तर कर्मचारी, पीआई स्टाफ, एनसीसी कैडेट्स, छात्र-छात्राएं एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# इलाज के दौरान कैदी की मौत, नक्सली कांडों में 15 वर्षों से मंडल कारा में था बंद

**औरंगाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** करीब 15 वर्षों से मंडल कारा में बंद एक कैदी की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक की पहचान पौथू थाना क्षेत्र के मिसिर बिगहा निवासी 50 वर्षीय मृत्युंजय मिश्रा के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में शोक की लहर दौड़ गई। मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। मृतक के भतीजे अमित कुमार मिश्रा ने बताया कि शनिवार शाम सूचना मिली कि मंडल कारा में बंद उनके चाचा मृत्युंजय मिश्रा के सीने में अचानक तेज दर्द उठा। इसके बाद जेल प्रशासन ने उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए मगध मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, गया रेफर कर दिया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। परिजनों के अनुसार मृत्युंजय मिश्रा विभिन्न नक्सली गतिविधियों से जुड़े मामलों में पिछले करीब 15 वर्षों से औरंगाबाद मंडल कारा में बंद थे। उनकी मौत की खबर मिलते ही परिवार में मातम पसर गया। परिजन पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने का इंतजार कर रहे हैं। मंडल कारा अधीक्षक डॉ. दीपक कुमार ने बताया कि कैदी की अचानक तबीयत बिगड़ने की सूचना मिलने पर तत्काल इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा गया था। वहां से चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए गया रेफर किया, जहां उनकी मौत हो गई।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# उपद्रव मामले में प्रशासन सख्त, 106 आरोपितों की पहचान कर कार्रवाई तेज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** कथित निट पेपर लीक एवं छात्रों पर लाठचार्ज के विरोध में 25 जुलाई को शहर के रमेश चौक पर छात्रों के प्रदर्शन के बीच उपद्रव के बाद जिला प्रशासन एक्शन मोड में है। जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा और पुलिस अधीक्षक उपेंद्र नाथ वर्मा ने घटना के बाद ही उपद्रवियों की पहचान कर कार्रवाई करने का निर्देश जारी किया था। पुलिस कार्यालय से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, पुलिस ने सोशल मीडिया के माध्यम से 106 उपद्रवियों की पहचान की है। इनकी तस्वीरें जारी कर दी गई हैं और सभी को हिरासत में लेने के लिए कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर उपद्रवियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की विशेष टीम गठित की गई है। ये टीमें सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपितों की पहचान कर रही हैं। रविवार को भी शहर के विभिन्न इलाकों में छापेमारी और जांच अभियान जारी रहा। पुलिस अधीक्षक के अनुसार, इन उपद्रवियों के अलावा संबंधित अन्य की वीडियो और फोटो से तलाश की जा रही है। इस प्रदर्शन में पुलिस गाड़ियों एवं लोक संपत्ति को क्षतिग्रस्त किया गया। आमजनों एवं मीडिया कर्मियों पर भी लाठी, डंडे, ईंट-पत्थर से हमला किया गया। किसी भी शरारती तत्व को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने आम लोगों से भी अपील की है कि जारी तस्वीरों के आधार पर संदिग्धों की पहचान कर पुलिस को सूचना दें। बताया गया कि 25 जुलाई को विभिन्न छात्र संगठनों के आह्वान पर शहर में प्रदर्शन किया जा रहा था। दोपहर बाद प्रदर्शन का एक हिस्सा अचानक उग्र हो गया और पत्थरबाजी शुरू हो गई। प्रशासन के हस्तक्षेप के बाद स्थिति नियंत्रित हुई।

# तीन आयुष्मान आरोग्य मंदिरों को मिला राष्ट्रीय गुणवत्ता प्रमाणन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड के तहत जिले के तीन आयुष्मान आरोग्य मंदिरों को नेशनल क्वालिटी सर्टिफिकेशन प्रदान किया गया है। जिला कार्यक्रम प्रबंधक मो. अनवर आलम द्वारा दी गयी जानकारी अनुसार आयुष्मान आरोग्य मंदिर, करसांव (ओबरा), आयुष्मान आरोग्य मंदिर, पाण्डेय कर्मा (रफीगंज) तथा आयुष्मान आरोग्य मंदिर, एरकी (देव) ने राष्ट्रीय स्तर के मूल्यांकन में आवश्यक मानकों को पूरा किया। राष्ट्रीय स्तर के मूल्यांकन में आयुष्मान आरोग्य मंदिर, करसांव को 90.97 प्रतिशत, आयुष्मान आरोग्य मंदिर, एरकी को 90.77 प्रतिशत तथा आयुष्मान आरोग्य मंदिर, पाण्डेय कर्मा को 89.70 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए। तीनों स्वास्थ्य संस्थानों ने निर्धारितमानकों को पूरा करते हुए यह प्रतिष्ठित प्रमाणन हासिल किया है। इस उपलब्धि पर जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा, सिविल सर्जन डॉ. कृष्ण कुमार तथा स्वास्थ्य विभाग के वरीय अधिकारियों ने रफीगंज,




ओबरा एवं देव के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों, स्वास्थ्य प्रबंधकों, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों, एएनएम, आशा कार्यकर्ताओं एवं अन्य सभी स्वास्थ्यकर्मियों को बधाई दिया है। डीपीएम ने बताया कि राष्ट्रीय गुणवत्ता प्रमाणन का उद्देश्य स्वास्थ्य संस्थानों में उपलब्ध सेवाओं की मरीजों के प्रति सुरक्षा, स्वच्छता, दवा की उपलब्धता, संस्थान के प्रबंधन तथा मरीजों की सेवाओं के प्रति संतुष्टि मे सुधार करना है। इस क्रम में जिला योजना समन्वयक-सह-प्रभारी गुणवत्ता सलाहकार नागेंद्र कुमार केशरी, तकनीकी सहयोगी संस्था पिरामल स्वास्थ्य के जिला प्रबंधक शशांक राज प्रधान ने जिले की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए बताया कि यह उपलब्धि जिले में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति टीम की प्रतिबद्धता का परिणाम है। भविष्य में अधिक से अधिक संस्थानों को इस कार्यक्रम से जोड़कर प्रमाणन की दिशा में कार्य किया जाएगा। अनुमंडल अस्पताल, दाउदनगर, रेफरल अस्पताल, हसपुरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, मदनपुर, देव, बारून एवं ओबरा में इस प्रमाणन के लिए निर्धारित योजना अनुसार कार्य चल रहे हैं। विदित हो कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, रफीगंज एवं शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, औरंगाबाद सहित आयुष्मान आरोग्य मंदिर, जिनोरिया (दाउदनगर), सैलवा (मदनपुर) का नेशनल प्रमाणन हो चुका है। आयुष्मान आरोग्य मंदिर, प्राणपुर (मदनपुर) का भी मूल्यांकन हो चुका है, जल्दी ही रिजल्ट घोषित होने की संभावना है। साथ ही सभी प्रखंडों के चार-चार आयुष्मान आरोग्य मंदिरों को इस प्रमाणन के लिए लक्षित किया गया है। नेशनल प्रमाणन के पश्चात संस्थानों को एक प्रोत्साहन राशि प्राप्त होती है जिसमें से 75 प्रतिशत राशि संस्थान के आधारभूत संरचना में विकास के लिए तथा शेष संस्थान में कार्य करने वाले कर्मियों को इंसेंटिव के रूप में देय है।

# नहर में डूबने से बच्चे की मौत

**औरंगाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** ओबरा प्रखंड के अमिलौना पंचायत अंतर्गत सदा बिगहा गांव रविवार सुबह गम में डूब गया। यहां सिंचाई के लिए बने खरांटी रजवाहा माइनर में गिरने से 7 वर्षीय बालक विक्की कुमार की मौत हो गई। मासूम की शव मिलने की सूचना के बाद पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। मृतक विक्की उस गांव निवासी रितेश यादव का छोटा बेटा था। परिजनों के अनुसार, शनिवार शाम लगभग 7 बजे विक्की घर से खेलने निकला था। काफी देर बीत जाने के बाद भी जब वह लौटकर नहीं आया तो घर वाले परेशान हो गए।